हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

शुक्ल पक्ष तृतीया विक्रम संवत 2080 • औरंगाबाद • मंगलवार • 12 मार्च 2024 • वर्ष 26 • अंक 92 • पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 2.00

सत्यमेव जयते
Government of India

# मोदी सरकार की गारंटी

## भारतीय रेलवे का आधुनिकीकरण









## ₹ 85 हज़ार करोड़ से अधिक लागत वाली 6000 रेलवे परियोजनाओं का तोहफा

### शिलान्यास/राष्ट्र को समर्पण

- 50 प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र
- 222 रेलवे गुड्स शेड
- 51 गति शक्ति मल्टी-मॉडल कार्गो टर्मिनल
- 2646 स्टेशनों का डिजिटल नियंत्रण
- 35 रेलवे वर्कशॉप, लोको शेड, पिट लाइन्स/कोचिंग डिपो
- 1500 किमी रेलवे लाइनों का दोहरीकरण/मल्टी ट्रैकिंग और गेज परिवर्तन
- 1045 किमी के 80 रेल लाइन खंडों का स्वचालित ब्लॉक सिग्नलिंग
- 35 रेल कोच रेस्तरां
- 1500 से अधिक 'एक स्टेशन एक उत्पाद' स्टॉल
- 975 सौर ऊर्जा संचालित स्टेशन/सेवा भवन
- 2135 किमी रेल लाइन खंडों का विद्युतीकरण
- 401 किमी न्यू खुर्जा - सनेहवाल पूर्वी डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर सेक्शन
- 244 किमी न्यू मकरपुरा न्यू घोलवाड वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर सेक्शन
- ऑपरेशन कंट्रोल सेंटर, अहमदाबाद
- फलटन - बारामती नई रेल लाइन
- 9 इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन सिस्टम अपग्रेडेशन कार्य

### वंदे भारत और अन्य ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवानगी

- मैसूर - चेन्नई
- लखनऊ - देहरादून
- कलबुर्गी बेंगलुरु (सर एम. विश्वेश्वरैया टर्मिनल)
- रांची - वाराणसी
- दिल्ली (निजामुद्दीन) - खजुराहो
- सिकंदराबाद - विशाखापत्तनम
- न्यू जलपाईगुड़ी - पटना
- पटना - लखनऊ
- अहमदाबाद - मुंबई सेंट्रल
- पुरी - विशाखापत्तनम

- और अन्य ट्रेन सेवाएं

### परियोजनाओं के लाभ

- विमान यात्रा के बराबर अल्ट्रा-आधुनिक सुविधाएं,
- तेज़, परेशानी मुक्त और आरामदायक यात्रा अनुभव,
- लॉजिस्टिक लागत में कमी और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा,
- अहमदाबाद ऑपरेशन कंट्रोल सेंटर दुनिया के सबसे बड़े नियंत्रण केंद्रों के सामान सबसे आधुनिक तकनीकों से सुसज्जित है।
- प्रत्येक व्यक्ति के लिए प्रधानमंत्री जनऔषधि केंद्र परियोजना के तहत न्यूनतम 75% कम लागत और अच्छी गुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाएं सुनिश्चित करना।
- विशेष भोजन अनुभव प्रदान करने के लिए रेल इंटीरियर थीम आधारित रेस्तरां।

द्वारा

## नरेन्द्र मोदी

प्रधानमंत्री

गरिमामय उपस्थिति में

**आचार्य देवव्रत**
राज्यपाल गुजरात

**भूपेन्द्र भाई पटेल**
मुख्यमंत्री, गुजरात

**अश्विनी वैष्णव**
केंद्रीय मंत्री, रेल, संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी

**रावसाहब पाटिल दानवे**
केन्द्रीय राज्य मंत्री, रेलवे कोयला और खदान

**दर्शना जरदोश**
केन्द्रीय राज्य मंत्री, रेलवे और टेक्सटाइल

**मंगलवार, 12 मार्च 2024 , 08:00 पूर्वाह्न**

देखें डीडी न्यूज पर सीधा प्रसारण DD NEWS

## संक्षिप्त समाचार

### पत्रकार आकाश के माताश्री का निधन परिवार में शोक की लहर



**छौराही बेगूसराय।** प्रखंड क्षेत्र के सावंत पंचायत अंतर्गत छौराही गांव निवासी सह प्रभात खबर पत्रकार अंजन कुमार आकाश की माता चंद्रा देवी 70 वर्ष का निधन हृदय गति रुक जाने के कारण सोमवार को हो गया। उनके निधन की सूचना क्षेत्र में जाते हैं समाजसेवी बुद्धिजीवी का हम उनके निवास स्थान पर पहुंचने लगे। अपने पीछे दो पुत्र एक पुत्री दो पौत्र और एक पौत्री छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार बड़े पुत्र पत्रकार अंजन कुमार के द्वारा सिमरिया गंगा घाट में मुखाग्नि देकर किया गया और पंचतत्व में विलीन हो गए। निधन से एकंबा पंचायत मुखिया राखी रानी बड़ौदा के संजय दा नारायण पीपर शिव देवी, सहुरी रामसेवक पासवान ,सिहमा रामप्रीत ठाकुर, सावंत के काजल कुमारी, शाहपुर पंचायत रोहित पासवान, समाजसेवी जनार्दन मालाकार ,डॉक्टर निगम रूपेश कुमार ,राम पदारथ राय ,राजेंद्र यादव प्रखंड प्रमुख सतीश कुमार कुशवाहा पूर्व प्रमुख मनोज कुमार यादव शेख फूल हसन जनार्दन पासवान पूर्व प्रमुख पत्रकार वीरेंद्र प्रसाद सिंह बलराम चौधरी हेमंत चौधरी समेत अन्य समाजसेवी ने मृत आत्मा को शांति एवं परिवार को दुख की घड़ी में शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना ईश्वर से की है।

### नचरिंग केयर फॉर अर्ली चाइल्डहुड पर सेमिनार



**बेगूसराय।** इडियन एकेडमी ऑफ़ पीडियाट्रिक्स (IAP) बेगूसराय ब्रांच द्वारा दिनांक 10 मार्च को बेगूसराय आईएमए हाल में "नर्चरिंग केयर फॉर अर्ली चाइल्डहुड डेवलपमेंट" विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में राज्य भर से आए 50 से अधिक शिशु रोग विशेषज्ञों ने आधुनिक ज्ञान और प्रशिक्षण प्राप्त किया। राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षकों डॉ हरविंदर सिंह (लुधियाना), डॉ ललन कुमार भारती (दिल्ली), डॉ अनुराग तोमर (जयपुर) और डॉ अनिल कुमार (वैशाली) ने इस कार्यशाला में प्रशिक्षु चिकित्सकों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण दिया।आईएपी के सचिव डॉ विजयंत कुमार के अनुसार भारत और विश्व भर में नर्चरिंग केयर के अभाव में 43% बच्चों का संपूर्ण विकास वांछित स्तर तक नहीं हो पाता है। बच्चों के समेकित और पूर्ण विकास के लिए शारीरिक के साथ-साथ मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक पहलू पर भी ध्यान देना आवश्यक है। इस संबंध में बाल चिकित्सकों की क्या भूमिका हो इसी विषय पर कार्यशाला में विस्तार से चर्चा हुई।आईएपी अध्यक्ष डॉ प्रवीण कुमार रॉय, डॉ शशिभूषण प्र सिंह, डॉ एस ए कृष्णा, डॉ राजकुमार सिंह, डॉ रूपेश कुमार, डॉ बालमुकुंद झा, डॉ राजीव कुमार, डॉ संजय कुमार, डॉ राम दिनेश सिंह, डॉक्टर प्रभात कुमार आदि चिकित्सक कार्यशाला में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों और चिकित्सकों को अंग वस्त्र मोमेंटो और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम आने वाले समय में बेगूसराय में बाल चिकित्सा के क्षेत्र की उन्नति में मिल का पत्थर साबित होगा।

### जिला एसपी मनीष कुमार ने लगाया जनता दरवार




**बेगुसराय।** पुलिस कार्यालय, बेगूसराय में पुलिस अधीक्षक बेगूसराय के द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 30-32 लोगों की फरियादें, पुलिस अधीक्षक, बेगूसराय के द्वारा एक-एक कर प्रत्येक फरियादियों से मिलकर उनकी जन समस्याओं को सुना गया। इस दौरान मामले से संबंधित पुलिस अधिकारियों को जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु आवश्यक निर्देश दिए गये है। एसपी द्वारा त्वरित कार्यवाही से फरियादियों में हर्ष की लहर देखी गई।

### जिला एसपी मनीष कुमार ने लगाया जनता दरवार



**बेगुसराय।** पुलिस कार्यालय, बेगूसराय में पुलिस अधीक्षक बेगूसराय के द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 30-32 लोगों की फरियादें, पुलिस अधीक्षक, बेगूसराय के द्वारा एक-एक कर प्रत्येक फरियादियों से मिलकर उनकी जन समस्याओं को सुना गया। इस दौरान मामले से संबंधित पुलिस अधिकारियों को जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु आवश्यक निर्देश दिए गये है। एसपी द्वारा त्वरित कार्यवाही से फरियादियों में हर्ष की लहर देखी गई।

### छौराही थाना को मिला 112 नंबर वाहन। फरियादी को मिलेगा 24 घंटे सुविधा



**छौराही बेगूसराय।** छोराही थाना को उत्क्रमित होते ही सारी सुविधाओं से पुलिस प्रशासन के अधिकारी के द्वारा सारी सुविधाओं से लैस किया जा रहा है जानकारी देते थाना अध्यक्ष पवन कुमार सिंह ने बताया कि 112 नंबर की सुविधा मिलने से थाना क्षेत्र में आम अवाम को 24 घंटे सुरक्षा प्रदान करने में और आसानी होगा। समाजसेवी डॉक्टर निगम कुमार मुखिया रामसेवक पासवान राम प्रीति ठाकुर रोहित पासवान राखी रानी संजीदा खातून समेत अन्य जनप्रतिनिधि समाजसेवी ने छौराही थाना को 112 नंबर की वाहन सुविधा मिलने से खुशी जाहिर की है।

### भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष और तेघड़ा प्रखंड के पूर्व मुखिया संघ के अध्यक्ष का निधन



**तेघड़ा बेगूसराय।** तेघड़ा प्रखंड भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष व तेघड़ा प्रखंड के पूर्व मुखिया संघ के अध्यक्ष मृत्युंजय गौतम की लंबी बीमारी के कारण इलाज के क्रम में दिल्ली के अस्पताल में रविवार को हो गई । श्री गौतम के निधन की सूचना मिलते ही गौरा गांव सहित पूरे प्रखंड व जिले के शुभचिंतकों व समर्थकों में शोक की लहर दौड़ गई। मृत्युंजय गौतम पार्टी में कई अहम पदों की जिम्मेदारी संभाल चुके है । वे अपनी लोकप्रियता के चलते जाने जाते थे। उनका हंसमुखी अंदाज सबको पसंद था। वे बीजेपी के सक्रिय सदस्य रहे है और बिहार में पंचायती राज कायम होने के बाद गौरा एक पंचायत के लगातार दो बार मुखिया रहे । उनके निधन से समाज और भारतीय जनता पार्टी को अपूर्णीय क्षति हुई है। उनके निधन की खबर जैसे ही उनके ग्रामीणों ,शुभचिंतकों व समर्थकों के बीच पहुंची। उनके चाहने वालों में शोक की लहर दौड़ गई। लोग उन्हें सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे है । उन्होंने लंगट सिंह महाविद्यालय से स्नातक की पढ़ाई पूरी की थी और संगठन को भी धार दी। रामजन्मभूमि आन्दोलन में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। दिवंगत श्री गौतम के पिता स्वर्गीय चंद्रकांत सिंह बेगूसराय में भारतीय जनता पार्टी के स्थापना मंडल के प्रमुख नेता में एक थे और बेगूसराय सिविल कोर्ट के प्रखर अधिवक्ता भी थे । श्री गौतम के निधन पर कृष्णनंदन सिंह,सुनील राम,सुभाष सिंह, राजेश कुमार गुड्डू, दीपक राय, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुनील सिंह,गौरा एक के पूर्व मुखिया सह मुखिया संघ के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष हेमंत कुमार,मनोहर कुमार, शिक्षक अमित मिश्रा सहित अन्य नेताओं ने श्रद्धांजलि देते हुए दुःख व्यक्त किया है।

# लोकसभा चुनाव को लेकर कारगिल भवन में जिला पदाधिकारी बेगूसराय रोशन कुशवाहा राजनेतिक दल की बैठक

निज संवाददाता। **बेगुसराय**






समाहरणालय स्थित कारगिल विजय सभा भवन में लोक सभा आम निर्वाचन-2024 के मददेनजर राजनैतिक दल के अध्यक्ष / सचिव के साथ समीक्षात्मक बैठक की गयी। इत्त बैठक में पुलिस अधीक्षक, उप निर्वाचन पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी एवं सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल के अध्यक्ष / सचिव मौजूद थे। सर्वप्रथम जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी के द्वारा निर्वाचन कार्य में क्या बाते सही है या नहीं है, बताया गया। भारतीय दंड संहिता और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 में भ्रष्टाचार और निर्वाचन अपराध के रूप विभिन्न जातियों, समुदायों, धर्म या भाषाई स्तर पर तनाव पैदा करने की स्थिति, मस्जिद, चर्च, मंदिर या अन्य पूजा स्थलों को निर्वाचन प्रचार प्रसार के रूप में उपयोग में लाना। मतदाताओं को हराना, धमकाना। किसी अन्य के नाम से मत डालना। मतदान केन्द्र के 100 मीटर के दायरे में प्रचार करना। (मतदान के दिन) किसी दल के कार्यकर्ताओं द्वारा अन्य राजनैतिक दल की सभाओं अथवा जुलुस में बाधा डालना।जिला पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि मतदान की समाप्ति से 48 घंटा पहले सम्पूर्ण संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में सार्वजनिक सभा, जुलूस आदि पर प्रतिबंध रहेगा। चलचित्र, टेलिविजन आदि के द्वारा जनता के समक्ष किसी निर्वाचन संबंधित बात का प्रदार्शन नहीं किया जाएगा। रेडियो के माध्यम से निर्वाचन का प्रचार प्रसार की अनुमति नहीं दी जाएगी। प्रिंट मीडिया के मध्यम से भी निर्वाचन का प्रचार प्रसार नहीं की जाएगी। जिला पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि निर्वाचन के समय वाहन का उपयोग निम्न रूप से किया जा सकता है। सक्षम प्राधिकार से अनुमति प्राप्त की उपरांत ही वाहनो को निर्वाचन प्रचार-प्रसार में उपयोग किया जाय। नामांकन दाखिल करने के दौरान निर्वाची पदाधिकारी के कार्यालय की 100 मीटर की परिधि में आने के लिए अधिक से अधिक तीन (03) वाहनो की आने की अनुमती दी जाएगी। काफिले में अधिक से अधिक दस (10) वाहनों को एक साथ जाने की अनुमति दी जाएगी। केन्द्र या राज्य सरकार के एक मंत्री को ले जाने वाली काफिले में 10 वाहनो से अधिक के काफिले को विनजित कर दिया जाए और उनमें 100 मी० की दूरी रहेगी। मतदाताओं को मतदान केन्द्र से निःशुल्क रूप से लाने या पहुँचाने पर निषेद रहेगा। मतदान के दिन निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी को पूरे निर्वाचन क्षेत्र में अपने स्वयं के उपयोग के लिए 01 (एक) वाहन की अनुमति दी जायेगी। मतदान के दिन अपने संसदीय क्षेत्र में निर्वाचन अभिकर्ता के उपयोग के लिए 01 वाहन की अनुमति दी जायेगी। प्रत्येक विधान सभा क्षेत्र में उनके निर्वाचन अभिकर्ता/कार्यकर्त्ता / दल कार्यकर्त्ता के उपयोग के लिए 01 वाहन अनुमान्य होगा। मतदान के दिन चार पहिया वाहन में चालक सहित 05 से अधिक व्यक्तियों को ले जाने की अनुमति नहीं होगी। मतदान के दिन अभ्यर्थी या उनके निर्वाचन अभिकर्ता के उपयोग के लिए आवंटित वाहन किसी अन्य व्यक्ति द्वारा उपयोग नहीं किया जायेगा। वीडियो वैन का उपयोग करने की अनुमति केवल गुख्य निर्वाचन अधिकारी के स्तर पर दी जायेगी। निर्वाचन प्रचार प्रसार शुरू होने से पहले अभ्यर्थियों द्वारा प्रचार-प्रसार में पर्युक्त सभी वाहनों का विवरण जिला निर्वाचन पदाधिकारी अथवा जनके द्वारा प्राधिकृत पदाधिकारी के समक्ष देने अनिवार्य होगा। तत्पश्चात वाहनो का परमिट निर्गत किया जायेगा। अभ्यर्थी द्वारा उपयोग में लाये जाने वाले वाहनों का विवरण जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं व्यय प्रेक्षक को सूचित करना अनिवार्य होगा। साथ ही वाहनों के उपयोग पर अधिसूचित दरों के अनुसार व्यय को अभ्यर्थी के निर्वाचन खर्च के खाते में जोडा जायेगा। मंत्रीगण अपने सरकारी वाहनो का उपयोग निर्वाचनप्रचार-प्रसार में नहीं करेंगे जिला पदाधिकारी के द्वारा निर्वाचन के दौरान रोड शो के लिये दौरान निम्न बाते कही। रोड शो के लिए सक्षम प्राधिकारी से पूर्व अनुमति लेनी पड़ेगी। रोड शो में शामिल वाहनों एवं व्यक्ति की संख्या के बारे में पूर्व सूचना देनी होगी। रोड शो के दौरान सड़क के आधे से अधिक चौडाही को नहीं पेड़ा जायेगा। रोड शो के दौरान हाथ में पकड़े जाने वाला बैनर अधिकत्त 6 X 4 फुट का होगा। रोड शो में केवल ध्वज फुट का केवल एक ध्वज वाहनों में लगाने की अनुमति दी जायेगी। किसी भीप्रचार वाहन में कोई स्पॉट/फोकस / फ्लेशिंग/शचं लाइंट और हुटर नहीं लगाया जायेगा। जिला पदाधिकारी के द्वारा ध्वज बैनर पोस्टर का उपयोग हेतु निम्न बाते बतायी गयी। दल के कार्यकर्ता/ समर्थकों द्वारा अपने निवास स्थान या कार्यालय में उपयोग के लिए के 03 ध्वज का प्रयोग करेंगे। यादि कोई व्यक्ति एक से अधिक दल या अभ्यर्थी के ध्वज प्रदर्शित करना चाहते है तो प्रत्येक दल / अभ्यर्थी का केवल एक ध्वज ही उपयोग में ला सकेंगे। निर्वाचन प्रचार प्रसार के दौरन दुपहिया वाहन पर अधिकत्तम x ४ फुट का 01 (एक) ध्वज लगाने की अनुमति दी जायेगी। तिपहिया/ चार पहिया/ई-रिक्शा पर अधिकतम फुट का 01 (एक) ध्वज लगाने की अनुमति दी जायेगी। कोई भी बेनर लगाने की अनुमति नहीं दी जायेगी। रोड शो के दौरान अभियान वाहन पर अधिकत्तम फुट का 01 (एक) ध्वज लगाने की अनुमति दी जायेगी। ध्वज लगाने के लिए डंडे की लम्बाई 03 फुट से अधिक नहीं होगी। साथ ही रोड शो के दौरान हाथ में पकड़ कर चलने वाले एक बैनर का अधिकत्तम आकार 8 x 4 फुट होगा।जिला पदाधिकारी के द्वारा लाउडस्पीकर का प्रयोग के बारे में निम्न बाते बतायी गयी। सामान्य प्रचार अथवा सार्वजनिक सभाओं या जुलूसो के लिए सुबह 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक लाउडस्पीकर का प्रयोग किया जायेगा। किसी भी मतदान क्षेत्र में मतदान के समाप्ति के लिए निर्धारित अवधि से 48 घंटे की पूर्व की अवधि के दौरान किसी भी प्रकार के वाहन पर या अन्य तरिके से लाउडस्पीकर के इस्तमाल की अनुमति नहीं दी जायेगी।इसके अलावा जिला पदाधिकारी के द्वारा अन्य महत्वपूर्ण बिन्दु पर भी प्रकाश डाला गया। . कोई प्रलोभन वित्तीय या अन्यथा मतदाताओं को नहीं दिया जायेगा।

2. किसी दल के नेताओं या कार्यकर्ताओं के नीजि जीवन से संबंधित ऐसे कार्यों की अलोचना करने की अनुमति नहीं दी जायेगी। जिसका संबंध सार्वजनिक जीवन से न हो। जिस स्थान पर अन्य दल सभा कर रही है, वहीं उसके साथ जुलुस रैली नहीं निकली जायेगी। 3.निर्वाचन प्रचार-प्रसार के दौरान कोई हथियार / अग्नेशास्त्र साथ में ले जाने की अनुमति नहीं दी जायेगी। 5. अन्य दलों द्वारा लगाया गये पोस्टर / बैनर / ध्वज को हटाया नहीं जायेगा। मतदान के दिन मतदान केन्द्र पर किसी भी प्रकार का प्रचार सामग्री का इस्तेमाल या उनका प्रदर्शन नहीं किया जायेगा।

7. कोई भी व्यक्ति जिसे सुरक्षा का खतरा हो और उसे अधिकारिक तौर पर सुरक्षा दी गयी हो या जिनके पास स्वयं के नीजि सुरक्षा गार्ड हो को निर्वाचन अभिकर्ता या मतदान अभिकर्ता या मतगणना अभिकर्ता के रूप में नियुक्त नहीं किया जायेगा।

**प्रेक्षागृह सह आर्ट गैलरी में देश के उत्कृष्ट नाट्य निर्देशकों के निर्देशित नाटकों का होगा मंचन**

# नाटक मंचन हेतु प्रेक्षागृह ओडिटोरियम सज धज के तैयार

निज संवाददाता। **बेगूसराय**





संगीत नाटक अकादमी से वर्ष 2021 में पुरस्कृत देशभर भर के रंग निर्देशक अपनी अपनी रंगटोली द्वारा अभिनित नाटकों का 12-17 मार्च तक मंचन करेगें। इसको लेकर कंकौल स्थित प्रेक्षागृह सह ऑडिटोरियम सज-धज कर तैयार हो गया है। इसको लेकर शहर एवं उसके आसपास के चौक चौराहों पर पचास से ज्यादा बड़े-बड़े हॉडिंग लगाए गए हैं। इसके साथ ही ऑडिटोरियम को आकर्षक तरीके से सजाया गया है। यह आयोजन संगीत नाटक अकादमी भारत सरकार, संस्कृति मंत्रालय के तहत, संगीत नृत्य, नाटक के कलाकारों को प्रोत्साहित करने के लिए गठित एक स्वायत्त संस्था है। प्रत्येक वर्ष संगीत नाटक अकादमी देश के विभिन्न राज्यों के कलाकारों को पुरस्कृत करती है। इसी क्रम में वर्ष 2021 में संगीत नाटक अकादमी द्वारा पुरस्कृत कलाकार पहली बार बेगूसराय में अपनी प्रस्तुति देंगे। यह कार्यक्रम संगीत नाटक अकादमी द्वारा आयोजित है, जिसे ज़िला प्रशासन द्वारा स्थानीय सहयोग किया जा रहा है। उक्त जानकारी देते हुए अकादमी के परिषद सदस्य डॉ संजय कुमार चौधरी एवं स्थानीय समंवयक अमित रौशन ने संयुकत रूप से बताया कि तैयारी पुरी कर ली गई है। राष्ट्रस्तर के इस नाट्य महोत्सव में जिलावासियों को उत्कृष्ट अभिनय देखने को मिलेगा। साथ ही युवा एवं नवोदित रंगकर्मियों को सीखने का भी अवसर मिलेगा। छः दिवसीय महोत्सव में बिहार, तमिलनाडु, ओड़ीशा, झारखंड, असम, हरियाणा, राजस्थान, तेलंगाना एवं चंडीगढ़ की रंगटोली भाग ले रहर है। इस दौरान नाटके साथ-साथ अन्य लोकनृत्य आदि देखने का अवसर लोगों को मिलेगा।प्रतिदिन कार्यक्रम का समय 5 बजे से 9:30 बजे तक रहेगा .बेगुसराय और आसपास के सभी कलाकार, गुरु शिष्य, संस्थान और संस्कृति कर्मी इस कार्यक्रम में आमंत्रित हैं। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण अकादेमी के सोशन मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी किया जाएगा। इस राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम दर्शकों के लिए निःशुल्क है।

**महोत्व का विवरण-** 12 मार्च को महोत्सव बिहार के चर्चित नाटय लेखक - ऋषिकेश सुलभ की नाटक - बटोही (हिन्दी-भोजपुरी) से शुरू होगा, जिसे निर्देशक - अभय सिंहा, प्रांगण, पटना ने निर्देशित किया है। नाटक में अभिनय - नीलेश्वर मिश्रा के बेहतरीन अभिनय देखने को मिलेगा। इसके साथ ही यूनाटेड अमेच्योर अर्टिस्ट, चेन्नई की नाटक - चारूकेसी (तमिल) का मंचन होगा, जिसके लेखक वेंकट हैं और निर्देशित वाई. जी. महेन्द्र ने किया है। इसके साथ ही 13 मार्च को उड़िया नाटक पासांड पालभूत का मंचन किया गया है, जिसे लेकर डा. एस. नायक ने लिखा है और निर्देशित मनोज पटनायक ने किया है। इसके साथ ही मनन नाट्य संस्था, भुवनेश्वर हरियाणवी लोकगीत एवं नृत्यों की प्रस्तुति होगी, जिसे महावीर सिंह गुड्डू एवं टीम, हिसार के अभिनय का आनंद लोग उठाएगें। 14 मार्च को नाटक - क्या करेगा काजी (हिन्दी) लेखक पियर द बोमार्शिये, हिन्दी अनुवाद - जे. एन. कौशल ने किया है और निर्देशित अजय मलकानी की रंग संस्था युवा रंगमंच, राँची ने किया है। 14 मार्च को ही ऑडिटोरियम के मुक्ताकास में बिहू नृत्य (असम की लोक गीतों एवं नृत्यों की प्रस्तुतियाँ) प्रस्तोता - प्रसन्ना गोगोई एवं टीम, गुवाहाटी की प्रस्तुति देखने को मिलेगा। इसके साथ ही 15 मार्च को मूकाभिनय निर्देशक - विलास जानवे, मार्तण्ड फाउण्डेशन, उदयपुर नाटक - मायाबाजार (तेलगू) निर्देशक - आर. वेणुगोपाल राव, श्री विनायक नाट्य मंडली (सुरभि), हैदराबाद की प्रस्तुति होगी। 16 मार्च को नाटक - संध्या छाया (हिन्दी) लेखक - जयन्त दलवी निर्देशक - सुदेश शर्मा, थिएटर फॉर थिएटर, चंडीगढ़ की टीम का नाटक देखने को मिलेगा। 17 मार्च को महोत्सव के अंतिम दिन नाटक - रामविजय (अंकिया भाउना) लेखक - महापुरूष श्रीमंत शंकरदेव निर्देशक - गुणीन्द्रनाथ ओझा, शंकरदेव कलाक्षेत्र, बारपेता की के अभिनय देखने को मिलेगा।

### छौड़ाहीः पारिवारिक वंशावली बनाने के लिए राजस्व कर्मचारियों को पंचायत आवंटित

**छौड़ाही बेगुसराय।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के आदेशानुसार पारिवारिक वंशावली बनाने हेतु पंचायतों में राजस्व कर्मचारियों की प्रतिनियुक्ति कर दी गयी है। जहां सप्ताह में तीन दिन यानि मंगलवार, बुधवार तथा गुरुवार को दसों पंचायत में शिविर लगाकर वंशावली बनाने का कार्य किया जायेगा। वंशावली बनाने से न केवल भू-स्वामी अपने पूर्वजों के नाम की भूमि अपने नाम से अथवा बिखंडन करा सकेंगे बल्कि सरकार के नये निर्देश पर उनकी जमाबंदी कायम होने से जमीन की खरीद बिक्री में भी उन्हें सहूलियत होगी। इस बावत सीओ चन्द्र प्रकाश पांडेय ने पत्र जारी कर निर्धारित दिवस पर राजस्व कर्मचारियों को उपस्थित रहने का आदेश दिया है। जिसमें पवन कुमार ठाकुर को पंचायत भवन सिहमा व सावंत, विनय कुमार को मनरेगा भवन एकंबा व पंचायत भवन ऐजनी, अमित कुमार को पंचायत भवन शाहपुर व अमारी तथा गौतम कुमार को पंचायत भवन सहुरी व मालपुर में ससमय शिविर लगाकर कार्य को गति देने का आदेश दिया है।

# बखरी सलोना स्टेशन पर एनजेपी उदयपुर ट्रेन का ठहराव लोगो मे खुशी

निज संवाददाता। **बखरी बेगूसराय**



बखरी सलौना रेलवे स्टेशन पर एनजेपी उदयपुर एक्सप्रेस का ठहराव होने पर भाजपा के जिलाध्यक्ष राजीव वर्मा ने केंद्रीय मंत्री सह सासंद को धन्यवाद ज्ञापित किया है।श्री वर्मा ने कहा कि बखरी उनका गृह क्षेत्र है।जहां के लोग लंबे दूरी ट्रेन के ठहराव की मांग 10 वर्ष से कर रहे थे।जिस मांग को उनके बतौर जिलाध्यक्ष का कार्यकाल ठीक एक वर्ष पूरा होने पर ट्रेन स्टॉपेज देकर सांसद ने उन्हें तोहफा दिया है।जिसके लिए सदैव वे सांसद श्री सिंह के आभारी बने रहेंगे।मंत्री को धन्यवाद ज्ञापित करने के लिए जिलाध्यक्ष के साथ सांसद के प्रतिनिधि अमरेंद्र अमर, मुखिया नंदकिशोर तांती, योगेंद्र राय,नगर मंडल अध्यक्ष अमरनाथ पाठक, महासचिव कृष्ण मोहन पोद्दार, भाजपा नेत्री कामिनी कंचन, प्रिंस सिंह परमार, गौतम सिंह राठौर, राजकिशोर राज ने केंद्रीय मंत्री सांसद को सम्मनित करते हुए उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# दिव्यांग का लाश पहुंचते परिवार में मचा कोहराम मच गया

निज संवाददाता। **वीरपुर बेगुसराय**



सोमवार को वीरपुर पश्चिम पंचायत के वार्ड नंबर 7 निवासी रामबालक पंडित का 38 वर्षीय पुत्र लालटेन पंडित उर्फ नागरा का लाश घर पर पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गयापरिवार वालों के अनुसार रविवार की दिन संध्या 3:00 मुख्यमंत्री के द्वारादिए गए ट्राई रिक्शा पर चढ़करअपने दुकान के समान लाने के लिए बेगूसराय गया थादेर शाम तक घर नहीं लौटने पर परिवार वालों ने खोजबीन शुरू किया अंत मे पिता रामबालक पंडित बेगूसराय सदर अस्पताल पहुंचा वहां अपने पुत्रलालटेन पंडित का लाश पाया ।स्वर्गीय पंडितएक पैर से दिव्यांग था और उसकी पत्नी मुक बधिर है।उसेएक पुत्रीऔर दो छोटा-छोटा पुत्र है।वह सत्तू भुजा का दुकान चला कर परिवार का भरण पोषण करता थाअब परिवार बेसहारा हो गया

### बखरी थानांतर्गत मोजी हरिसिंह स्थित ठाकुरवाड़ी में हर्ष फायरिंग में युवक की मौत

**बखरी बेगूसराय।** बखरी थानान्तर्गत ग्राम मौजी हरिसिंह स्थित ठाकुरबाड़ी के पास शादी के मटकोर में गोली लगने से एक व्यक्ति की मृत्यु होने के मामलें में पुलिस टीम द्वारा सभी पहलुओं पर की जा रही हैं जाँच। जल्द ही घटना में शामिल आरोपी को किया जायेगा गिरफ्तार। घटनाक्रम दिनांक 10/11.03.2024 की रात्रि समय करीब 01:30 बजे (AM) में बखरी थाना को सूचना मिली कि मौजी हरिसिंह गाँव में शादी के मटकोर के समय 01 व्यक्ति को गोली लगने से मृत्यु हो गयी है।प्राप्त सूचना पुलिस अधीक्षक बेगूसराय को दिया गया तथा निर्देशानुसार थानाध्यक्ष बखरी पु०नि० विकास कुमार राय एवं सशस्त्र बल बखरी थाना के द्वारा अविलंब सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु मौजी हरिसिंह गाँव पहुँचकर मामले की जाँच / छानबीन किया गया। जाँच के क्रम में स्थानीय लोगो से पुछताछ में पता चला कि 01 व्यक्ति जितेन्द्र कुमार रौशन पे०- नंदकिशोर चौधरी सा०-सकरवासा वार्ड न०-02 थाना-चेरियाबरियारपुर जिला-बेगूसराय को रात्रि में मौजी हरिसिंह गाँव स्थित ठाकुरबाड़ी के पास शादी के मटकोर के दौरान गोली लगने से मृत्यु हो गयी है। विधिवत शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम सदर अस्पताल, बेगूसराय में कराया गया है। अग्रतर विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।

# स्टेट बैंक द्वारा चुनावी चंदा का रिपोर्ट नहीं देने पर कांग्रेस का प्रदर्शन

निज संवाददाता। **बेगुसराय**




सर्वोच्च न्यायालय क़े कठोर निर्देशों क़े बाबजूद केंद्र की मोदी सरकार क़े दवाव में भारतीय स्टेट बैंक द्वारा चुनावी चंदे क़े बड़े घालमेल का आंकड़ा कोर्ट को सार्वजनिक नहीं किया जाना न सिर्फ एक आर्थिक डकैती है बल्कि शुद्ध रूप से न्यायालय की अवमानना का मामला है। ये बातें आज बंदवार स्टेट बैंक क़े सामने इस आर्थिक महाघोटाले क़े खिलाफत कर रहे जिले क़े सैकड़ो कोंग्रेसियों ने कही। प्रखंड अध्यक्ष विजय सिंह क़े नेतृत्व में सैकड़ो कांग्रेसजनों ने सरकार और स्टेट बैंक की मिलीभगत क़े खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। मौके पर विजय सिंह ने कहा कि पिछले 10 बर्षो से फर्जी राष्ट्रवाद का चोला पहनकर सरकार ने अबतक जितने बड़े घपले किये हैं, भले ही संस्थाओं और मीडिया को दवाब डालकर छुपाने का प्रयास किया गया हो न्यायालय ने आखिरी उसकी गर्दन पकड़ ही ली और सारा कच्चा चिठा खोल दिया है। अब सरकार स्टेट बैंक की नकेल कस कर न्यायालय को भी धोखा देने की जुगत में है। लेकिन मामला आमलोगों की नजर में आ चूका है और इस महाघोटाले क़े खिलाफ कांग्रेस पुरे देश में आंदोलन क़े मूड में आ चुकी है। मामले की तह में जाकर इसके पूर्ण उदभेदन और दोषियों की गिरफ़्तारी तक हमारा यह प्रदर्शन जारी रहेगा।मौके पर प्रखंड अध्यक्ष विजय सिंह के अलावा पूर्व प्रखंड अध्यक्ष श्रीकांत राय,मोती सिंह,मो0 कुदुस,सुधीर सिंह,चिरंजन सिंह,संजय सिंह, रामसुमिरन चौरसिया, सिंकदर पंडित,गुलशन कुमार,मन्नु भारती, राजेंद्र पासवान,ललित रजक,सुरेन्द्र महतो, पुर्व महासचिव सावर कुमार,बिहार प्रदेश कांग्रेस सदस्य जयप्रकाश गुप्ता, कुमार रत्नेश टुल्लू,सेवादल सुधीर राय आदि मौजूद थे

Page 11



खेल

अगले साल सीएसके की कप्तानी कर सकते हैं रोहित शर्मा

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 09



देश

युवा जितनी ईमानदारी, मेहनत से काम करेंगे, आगे की राह उतनी ही सुगम और सरल होगी: सीएम

मूल्य ₹ 2.00

शुक्ल पक्ष तृतीया विक्रम संवत 2080 • औरंगाबाद • मंगलवार • 12 मार्च 2024 • वर्ष 26 • अंक 92 • पृष्ठ 12


## धार भोजशाला का ज्ञानवापी की तरह होगा सर्वे

**5 एक्सपर्ट 6 सप्ताह में सर्वेक्षण कर सौंपेंगे रिपोर्ट**



**इंदौर/धार (एजेंसी)।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बेंच ने ज्ञानवापी की तर्ज पर धार भोजशाला का सर्वे कराने के आदेश दिए हैं। सोमवार को इस मुद्दे पर सुनवाई के बाद कोर्ट ने आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (एएसआई) को 5 एक्सपर्ट की टीम बनाने को कहा है। इस टीम को 6 सप्ताह में रिपोर्ट सौंपनी होगी।

हाईकोर्ट ने इस वैज्ञानिक सर्वे को जीपीआर-जीपीएस तरीके से करने के लिए कहा है। जीपीआर यानी ग्राउंड पेनिट्रेटिंग रडार जमीन के अंदर विभिन्न स्तरों की हकीकत जांचने की तकनीक है। इसमें रडार का उपयोग होता है। यह अदृश्य यानी छुपी वस्तुओं के विभिन्न स्तर, रेखाओं और संरचनाओं का माप लेता है। इसी तरह जीपीएस सर्वे यानी ग्लोबल पॉजिशनिंग सिस्टम के तहत भी सर्वे किया जाएगा। पूरे सर्वे की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी कराई जाएगी।

**याचिका के बिंदु, जिनके आधार पर मांग स्वीकार की गई-** हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस ने 1 मई 2022 को इंदौर हाईकोर्ट में यह याचिका दायर की थी। इसमें कहा गया था कि हर मंगलवार को हिंदू भोजशाला में यज्ञ कर उसे पवित्र करते हैं और शुक्रवार को मुसलमान नमाज के नाम पर यज्ञ कुंड को अपवित्र कर देते हैं। इसे रोका जाए। भोजशाला का पूर्ण आधिपत्य हिंदुओं को सौंपा जाए।

### यह है भोजशाला का इतिहास

हिंदू पक्ष का कहना है कि यह सरस्वती देवी का मंदिर है। सदियों पहले मुसलमानों ने इसकी पवित्रता भंग करते हुए यहां मौलाना कमालुद्दीन की मजार बनाई थी। भोजशाला में आज भी देवी-देवताओं के चित्र और संस्कृत में श्लोक लिखे हुए हैं। अंग्रेज भोजशाला में लगी वाग्देवी की प्रतिमा को लंदन ले गए थे। याचिका में कहा गया है कि भोजशाला हिंदुओं का उपासना स्थल है।

### हिंदू पक्ष ने दायर की थी याचिका

बता दें कि पिछली सुनवाई में हाईकोर्ट की खंडपीठ के समक्ष 1902 में हुए सर्वे को लेकर बहस हुई थी। इसमें हिंदू पक्ष की ओर से याचिकाकर्ता आशीष गोयल ने मांग की थी कि भोजशाला परिसर का दोबारा सर्वे किया जाए। कोर्ट ने इसे अयोध्या जैसा मामला बताकर फैसला सुरक्षित रख लिया था। भोजशाला मामले में सात जनहित याचिकाएं दायर हैं। मुख्य याचिका हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस की है।

### यह है भोजशाला से जुड़ा विवाद

जिला प्रशासन की वेबसाइट के अनुसार भोजशाला राजा भोज ने बनवाई थी। यह यूनिवर्सिटी थी, जिसमें वाग्देवी की प्रतिमा स्थापित की गई थी। मुस्लिम शासक ने इसे मस्जिद में परिवर्तित कर दिया था। इसके अवशेष प्रसिद्ध मौलाना कमालुद्दीन मस्जिद में देखे जा सकते हैं। यह भोजशाला के कैंपस में स्थित है जबकि देवी प्रतिमा लंदन के म्यूजियम में रखी है। भोजशाला में मंगलवार को हिंदू पक्ष को पूजा-अर्चना करने की अनुमति है।

# देश में आज से लागू हुआ सीएए, केंद्र सरकार ने जारी की अधिसूचना

**गैर मुस्लिम पाक, बांग्ला और अफगान शरणार्थियों को नागरिकता मिलेगी**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव से पहले मोदी सरकार ने बड़ा दांव खेल दिया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सीएए का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। इस बात पर पहले भी चर्चा हुई थी कि गृह मंत्रालय सीएए को लेकर कोई बड़ा फैसला करने जा रहा है। गृह मंत्री अमित शाह कई बार अपनी रैलियों से भी सीएए को लागू करने की बात कह चुके हैं। नोटिफिकेशन जारी होने के बाद देश भर में 11 मार्च यानी से सीएए का कानून लागू हो गया है। बता दें कि सीएए को देश की संसद से पारित हुए लगभग 5 साल पूरे हो गए हैं।




**मोदी ने सिर्फ अग्नि-5 मिसाइल के सफल परीक्षण पर वैज्ञानिकों को बधाई दी-** मोदी ने सिर्फ अग्नि-5 मिसाइल के सफल परीक्षण पर वैज्ञानिकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन यानी डीआरडीओ के वैज्ञानिकों को बधाई दी है। अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा- मिशन दिव्यास्त्र के लिए हमें अपने वैज्ञानिकों पर गर्व है।

**शाह ने कहा था- सीएए लोकसभा चुनाव के पहले लागू होगा-** गृह मंत्री अमित शाह ने 10 फरवरी को कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले देश में सिटिजनशिप अमेंडमेंट एक्ट (सीएए) लागू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि सीएए देश का एक्ट है, इसे हम यकीनन नोटिफाई करेंगे। इसे चुनाव से पहले नोटिफाई किया जाएगा और चुनाव से पहले इसे लागू भी किया जाएगा।

### दो बड़े प्रावधान समझिए

1. सीएए से किसे मिलेगी नागरिकता सीएए के तहत 31 दिसंबर 2014 से पहले पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश से धार्मिक आधार पर प्रताड़ित होकर भारत आए हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई समुदाय के लोगों को नागरिकता दी जाएगी। इन तीन देशों के लोग ही नागरिकता के लिए आवेदन करने के योग्य होंगे।

2. **सीएए भारतीय नागरिकों को प्रभावित नहीं करेगा-** भारतीय नागरिकों से इसका कोई सरोकार नहीं है। संविधान के तहत भारतीयों को नागरिकता का अधिकार है। सीएए या कोई कानून इसे नहीं छीन सकता।

**नागरिकता के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा-** आवेदन प्रक्रिया ऑनलाइन रहेगी। आवेदकों को बताना होगा कि वे भारत कब आए। पासपोर्ट या अन्य यात्रा दस्तावेज नहीं होंगे, तब भी आवेदन कर पाएंगे। इसके तहत भारत में रहने की अवधि पांच साल से अधिक रखी गई है।

## अग्नि-5 मिसाइल का परीक्षण सफल

**'मिशन दिव्यास्त्र' के लिए पीएम मोदी ने डीआरडीओ को दी बधाई**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अग्नि-5 मिसाइल के पहले सफल परीक्षण पर रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन यानी डीआरडीओ के वैज्ञानिकों को बधाई दी है। उन्होंने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा- मिशन दिव्यास्त्र के लिए हमें अपने वैज्ञानिकों पर गर्व है। इससे पहले कयास थे कि प्रधानमंत्री देश को संबोधित करेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा था कि वे देश में सिटीजनशिप अमेंडमेंट एक्ट यानी सीएए लागू करने का ऐलान करने वाली खबर चल रही थी। अग्नि-5 भारत की पहली और एकमात्र इंटर कॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल है, जिसे रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने बनाया है। ये भारत के पास मौजूद लंबी दूरी की मिसाइलों में से एक है।

## केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के 11 लाख जवानों को सौगात

- **सीएपीएफ कैंटीन के सामान पर मिलेगी 50 फीसदी जीएसटी छूट**



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के 11 लाख जवानों के लिए राहत की खबर है। गृह मंत्रालय ने सीएपीएफ कैंटीन यानी केंद्रीय पुलिस कल्याण भंडार (केपीकेबी) पर मिलने वाले उत्पादों पर 50 फीसदी जीएसटी छूट देने की बात कही है। इस बाबत सोमवार को गृह मंत्रालय द्वारा कार्यालय ज्ञापन जारी किया गया है। कार्यालय ज्ञापन में कहा गया है कि केंद्रीय पुलिस कल्याण भंडार से सामान की खरीद पर 50 फीसदी जीएसटी सहायता दिनांक एक अप्रैल 2024 से लागू होगी। यह सहायता बजट के माध्यम से देय होगी।

## सरकार का अल्टीमेटम!

**चीनी मोबाइल ब्रांड तुरंत लागू करें नियम, वरना भुगतना होगा अंजाम**



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार चीनी स्मार्टफोन कंपनियों के खिलाफ सख्त हो गई है। दरअसल पिछले कुछ साल में चाइनीज कंपनियों पर वित्तीय नियमों के उल्लंघन के आरोप लगे हैं। इसी के तहत कई चाइनीज स्मार्टफोन ब्रांड की जांच हुई है, जिसमें वित्तीय अनियमिताएं उजागर हुई हैं। ऐसे में सरकार ने साफ कर दिया है कि भारत में कारोबार करने के लिए चाइनीज कंपनियों को भारत के नियमों का पालन करना होगा। साथ ही भारत सरकार के दिशा निर्देशों का पालन करना होगा।

### नियम लागू करने का दबाव

मीडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार, चाइनजी कंपनियों पर बीते कुछ वर्षों में टैक्स चोरी के आरोप लगे हैं। कई चाइनीज कंपनियां जांच के दायरे में रही हैं। कुछ चाइनीज कंपनियों पर मनी लॉन्ड्रिंग के साथ ही सीमा शुल्क चोरी की जांच चल रही है।

## गाजीपुर में बारात से भरी बस पर गिरा हाईटेंशन तार

**आग लगने से 4 की मौत, चंद सेकंड में पूरी बस जली, नाराज ग्रामीणों ने किया पथराव**



**गाजीपुर (एजेंसी)।** गाजीपुर में बड़ा हादसा हुआ है। यहां हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर चलती बस में आग लग गई। जिसमें 4 लोगों के जिंदा जलकर मौत की सूचना है। हालांकि मरने वालों का आंकड़ा इससे कहीं ज्यादा हो सकता है। वहीं, कुछ झुलसे लोगों को अस्पताल भी भेजा गया है। बस में कुल 50 बाराती सवार थे।

**औरंगाबाद के सच्चिदानन्द सिन्हा महाविद्यालय, में 'हमारा संकल्प विकसित भारत' विषय पर तीन दिवसीय फोटो प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ**

## सांसद सुशील कुमार सिंह ने 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' विषय पर तीन दिवसीय फोटो प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यक्रम का किया उद्घाटन

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो, गया द्वारा आयोजित फोटो प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यक्रम का उदघाटन औरंगाबाद के सांसद सुशील कुमार सिंह, शिक्षाविद एवं प्राचार्य डा. एस के मिश्रा एवं सूचना एव प्रसारण मंत्रालय के सहायक क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी श्री बलंद एकबाल ने दीप प्रज्वलित कर किय। उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद सुशील कुमार सिंह ने कहा कि बीते 9 वर्षों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकास कर रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की उपलब्धियों के बारे में लोगों को अवगत कराने के लिए औरंगाबाद की धरती पर 'हमारा संकल्प विकसित भारत' विषय पर 3 दिवसीय फोटो प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यक्रम 13 मार्च तक चलेगा। सांसद ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं जैसे उज्ज्वला, आयुष्मान कार्ड, घर - घर बिजली, कामगारों के लिए विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना आदि के बारे में लोगों को बताना है। उन्होंने कहा कि अभी तो जो व्यक्ति इन योजनाओं के लाभ से वंचित रह गए हैं, वे इन योजनाओं का लाभ अवश्य उठाएं। सांसद ने लोगों से भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए चलायी जा रही विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं का हिस्सा बनने के लिए अपील भी की ताकि कोई वर्ग गरीब और वंचित न रहे।

इस अवसर पर शिक्षाविद एवं प्राचार्य डॉ सुधीर कुमार मिश्रा ने पीएम नरेंद्र मोदी की महत्वपूर्ण योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि उनका विजन बिल्कुल साफ है, हमें 2047 तक विकसित राष्ट्र बनना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सूचना एवम प्रसारण मंत्रालय के सहायक क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी बलंद एकबाल ने कहा कि विकसित भारत बनाने का संकल्प हर भारतीय का स्वप्न है जिसकी पूर्ति के लिए यह कार्यक्रम हो रहा है। उन्होंने विकसित भारत संकल्प शपथ सभी उपस्थित लोगों को दिलवाया। इससे पहले सिन्हा कॉलेज के छात्र - छात्राओं द्वाराजागरुकता रैली निकाली गई। इस रैली को प्राचार्य ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में शामिल छात्र - छात्राओं ने हमारा संकल्प विकसित भारततथा हमारा पहला वोट देश के नाम की तख्ती ले कर शहर में लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम में डाक विभाग, जीविका, औरंगाबाद का स्टाल भी लगा था। कार्यक्रम के दौरान विभाग के पंजीकृत सांस्कृतिक दल के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका दर्शकों ने आनंद उठाया। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक भीम कुमार सिंह ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन बलंद एकबाल ने किया।


BAYC Institute स्थापित : 1972

बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज

गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7



नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

डॉक्टर बनें — एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन

DIPLOMA COURSE: DAT Acupressure Theapy | DAYS Acupressure Yoga Science | DY Yoga — अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th | DEMS Electrohomeopathy Medicine Science — अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th

DEGREE COURSE: MBBA Bachelor of Magnet & Acupressure | BAYS Bachelor of Acupressure Yoga Science — अवधि : 03 वर्ष योग्यता : 10+2 | BEMS Bachelor of Electrohomeopathy Medicine Science | MBAS Bachelor of Medicine in ALT. Science — अवधि : 4½ वर्ष योग्यता : 10+2

MD (Acu Yoga) | MD (TM) — अवधि : 01 वर्ष योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट | MD (EH) — अवधि : 02 वर्ष योग्यता : BEMS

BA (Yoga) | MA (Yoga) | Yoga Teacher Course

PROFESSIONAL: BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL: BA | MA — HINDI | POLITICAL SCIENCE SOCIOLOGY | HISTORY



Proposed Campus

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised

Direct Admission | Regular Classes | Online Classes | Experienced Faculties

» एक्यूप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि |



डॉ. अजय प्रकाश
सचिव

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं|

Apply Online : www.bayc.in



डॉ. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष

9572607696, 9304942855, 9334278279

परीक्षा सूचना : एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रो होमियोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन, हर्बल मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिकल कोर्स की परीक्षा शीघ्र प्रारम्भ होने वाली है| सम्बंधित छात्र/छात्राएं कॉलेज कार्यालय में संपर्क करें|

Email : baycpatna@gmail.com | Website : www.indianacupressure.com

## संक्षिप्त समाचार

### होली के हुड़दंग को लेकर सतर्क रहेगी गया पुलिस

**गया।** प्रेम व भाईचारे का पर्व होली में हुड़दंग करने वाले शरारती तत्वों की खैर नहीं होगी। इसके लिए गया पुलिस हुड़दंगियों पर पैनी नजर रखेगी। त्योहार में खलल डालने वाले शरारती तत्वों से सख्ती से निपटने की तैयारी शुरु कर दी गई है। शरारती तत्वों पर नकेल कसने के लिए जिले की पुलिस एरिया डोमिनेशन कर रही है। इस पर्व को लेकर हर चौक-चौराहे पर सशस्त्र बलों के साथ ही सादे लिबास में पुलिस की तैनाती रहेगी। पुलिस के निशाने पर शराब पीकर हंगामा करने वाले व महिलाओं से छेड़खानी करने वाले होंगे, जिनके पकड़े जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही पर्व के दौरान अश्लील गाना बजाने, सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट डालने वाले भी पुलिस की नजरों में रहेंगे।

### 'पति नपुंसक', दहेज का समान लेकर लौटी विवाहिता, कहा- इलाज भी नहीं करा रहा था

**गया।** गया में विवाहिता ने शादी के तीन महीने बाद अपने पति पर नपुंसक होने का आरोप लगाया है। महिला का आरोप है कि पति ने शादी से पहले अपने नपुंसकता की बात छिपाई और उससे झूठ बोला। शादी के बाद भी वह इस समस्या के समाधान के लिए इलाज नहीं करा रहा था। विवाहिता ने आरोप लगाया है कि पति उसे मानसिक रूप से परेशान करता था। उसके साथ मारपीट भी किया जाता था। विवाहिता ने इस मामले में ग्राम पंचायत की सहायता मांगी। मामला सामने आने के बाद सरपंच बसंती देवी, मुखिया प्रतिनिधि बढ़ो यादव, मुखिया लक्ष्मी लाल उर्फ लल्लू ने पंचायती के बाद दहेज में मिले सामान को वापस लौटा दिया है। वहीं पति घर छोड़कर फरार है।

### शिक्षकों का थंब इंप्रेशन मिलान आज से

**गया।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित स्थानीय निकाय शिक्षकों की सक्षमता परीक्षा 2024 (प्रथम) में शामिल गया के शिक्षकों के थंब इंप्रेशन का मिलान 11 मार्च से किया जाएगा। प्रखंडवार शिक्षकों के थंब इंप्रेशन का मिलान हादी हाशमी प्लस टू उच्च विद्यालय में अलग अलग तिथियों को होंगे। 17 मार्च को डोभी, 22 को टिकारी व 24 मार्च को नगर प्रखंड के शिक्षकों का थंब इंप्रेशन का मिलान सुबह 11 बजे से दो बजे तक किया जाएगा।

### मरीजों की जान बचाने के लिए आगे आए जूनियर डॉक्टर व स्वास्थ्यकर्मी



**गया।** रक्त की कमी से जूझ रहे गया जिला के अस्पतालों में जरुरतमंद मरीजों की जान बचाने के लिए जूनियर चिकित्सक आगे आए हैं। अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज प्रशासन के अपील के बाद पिछले दो दिनों से अस्पताल में पढ़ने वाले जूनियर चिकित्सक एवं मेडिकल स्टाफ स्वैच्छिक रक्तदान कर रहे हैं। अस्पताल के प्रभारी अधीक्षक डॉ. केके सिन्हा ने बताया कि पिछले दो दिनों में अस्पताल में 29 जूनियर चिकित्सकों व स्वास्थ्यकर्मियों ने रक्तदान किया है। उन्होंने कहा कि अस्पताल में भर्ती मरीजों सहित अन्य जरुरतमंद मरीजों को रक्त उपलब्ध कराने के लिए यह कदम उठाया गया है। जानकारी हो कि पिछले कई दिनों से गया के रक्त केंद्रों में रक्त की कमी के कारण मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। रक्त केंद्र के प्रभारी डॉ. डीके पांडेय ने बताया कि वर्तमान में ब्लड बैंक में लगभग सभी ग्रुप का रक्त उपलब्ध है। हालांकि, रक्त की कमी नहीं हो। इसके लिए फिलहाल डोनर कार्ड पर रक्त की आपूर्ति नहीं की जा रही है। इन चिकित्सकों ने किया रक्तदान एएनएमएमसीएच के रक्त केंद्र में जिन चिकित्सकों ने रक्तदान किया है। उनमें आदर्श शंकर प्रसाद, दुर्गेश कुमार सिंह, संतोष कुमार मेहता, मनीष शेखावत, दीपांशु झा, आसिफ रजा, आयुष साहा, शाहिद मासूम, कुमार शास्वत, आयुषी प्रिया सहित अन्य शामिल हैं।

### नालंदा विवि में बोधगया ग्लोबल डायलॉग्स 16 से



**राजगीर।** देशकाल सोसाइटी के सहयोग से दो दिवसीय बोधगया ग्लोबल डायलॉग्स- 2024 का छठा संस्करण का आयोजन नालंदा विश्वविद्यालय में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी की जा रही है। छठा संस्करण बोधगया, राजगीर और नालंदा के ऐतिहासिक महत्व व ज्ञान परंपरा में इन क्षेत्रों के योगदान के परिदृश्य पर केंद्रित होगा। कार्यक्रम 16 और 17 मार्च को होगा। कार्यक्रम का उद्घाटन राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर करेंगे। कार्यक्रम में पुरातत्व, इतिहास और कला के कई विषयों को एक साथ लाने का प्रयास किया जाएगा। बौद्ध धर्म की दर्शन और शिक्षाएं, मगध क्षेत्र की परिकल्पना पर पैनल चर्चा, पुस्तक लांच, फिल्म शो, सांस्कृतिक शाम और प्रदर्शनी जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। डायलॉग्स 2024 के माध्यम से मगध की स्थानीयता, विरासत और इसके पुनर्निर्माण व संरक्षण के पहलुओं पर प्रकाश डाला जाएगा। कार्यक्रम में भारत के अलावा कई देशों के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

### रमजान को ले खजूर की कीमतों में इजाफा



**बिहारशरीफ।** माह-ए-रमजान दस्तक देने को तैयार है और रोजेदारों को चांद के दीदार का इंतजार है। इस दौरान एक बार फिर मुस्लिम समुदाय को अपने गुनाहों की माफी का मौका मिलेगा और एक बार फिर रोजे और इबादत का सिलसिला शुरू होगा। कुरआन की तिलावत की सदाएं तेज होंगी और मस्जिदों की रौनकें बढ़ेंगी। रमजान को लेकर बाजार भी सज धजकर तैयार है। तरह-तरह की खजूरों से दुकानें सज गई है। सूखे मेवे की मांग तेज हो गई है। रमजान को लेकर खजूर की कीमतों में इजाफा हो गया है। फिर भी रोजेदारों का उत्साह बरकरार है। खजूर की लगातार बढ़ती मांग की वजह से इसके दामों में इजाफा देखने को मिल रहा है। अब तक खजूर की कीमतों में 25 से 30 प्रतिशत तक की बढ़ोत्तरी हो चुकी है। रमजान में खजूर के दाम बढ़ने से सबसे ज्यादा परेशानी रोजेदारों को होगी। क्योंकि आमतौर पर रोजेदार बिना खजूर के इफ्तार नहीं करते हैं। खजूर का सेवन सुन्नत माना जाता है। रमजान के पवित्र महीने में खजूर खाने का विशेष महत्व होता है। साथ ही स्वास्थ्य के नजरिए से भी यह काफी लाभदायक होता है। रमजान को लेकर खजूर की मांग करीब चार गुना बढ़ गई है। भराव पर स्थित खजूर के दुकानदार मो. हसीब, मो. आफताब आलम ने बताया कि रमजान को लेकर खजूर की मांग काफी बढ़ गई है। इस साल खजूर के दाम 25 से 30 प्रतिशत तक बढ़े हैं, लेकिन इससे इनकी बिक्री पर कोई खास फर्क नहीं पड़ा है। क्योंकि रमजान में लोग खजूर खरीदते ही हैं।

# गया नगर निगम बोर्ड की बैठक आयोजित

## शहर में गहराए जलसंकट को लेकर उठी आवाज



निज संवाददाता। गया

नगर निगम के सभागार में सोमवार को मेयर वीरेंद्र कुमार उर्फ गणेश पासवान की अध्यक्षता में निगम बोर्ड की बैठक हुई। जबकि बैठक का संचालन डॉ. अखौरी ओंकार नाथ उर्फ मोहन श्रीवास्तव ने किया। बैठक में डिप्टी मेयर चिंता देवी, नगर आयुक्त अभिलाषा शर्मा, पार्षद विनोद यादव, रणधीर कुमार गौतम, डिम्पल कुमार, अंजली कुमारी, दीपक चंद्रवंशी, मनोज कुमार, चुन्नू खां, धर्मेंद्र कुमार सहित अन्य मौजूद रहे। सदन में सभी सदस्यों ने शहर में जलसंकट को लेकर पुरजोर आवाज उठाया। सदस्यों को कहना था कि गर्मी शुरू होते ही शहर में जलसंकट गहराने लगा है। मार्च माह में पानी यह स्थित है तो अप्रैल, मई और जून माह क्या होगा। शहर का भूजलस्तर गिरने से बोरिंग फेल हो रहा है। निगम के पदाधिकारियों को जानकारी देने के बाद भी काम नहीं हो रहा है। शहर में स्थित लगभग सभी चापाकल खराब है। इस पर नगर आयुक्त ने अभिलाषा शर्मा ने कहा कि खराब पड़े चापाकल मरम्मति को लेकर निविदा निकली गई, जल्द ही सभी चापाकल को मरम्मति का काम किया जाएगा। जबकि शहर में नया चापाकल अब नहीं लगेगा।

**जलसंकट को दूर करने के लिए बनेगा प्याऊ :** शहर में जलसंकट को दूर करने के लिए लगभग 50 स्थानों पर प्याऊ का निमार्ण किया जाएगा। सशक्त स्थायी समिति मोहन श्रीवास्तव ने कहा कि पानी के लिए राशि की कमी नहीं है। शहर में लगभग सभी 53 वार्डो में प्याऊ का निर्माण किया जाएगा। इससे बहुत हद तक शहर में जलसंकट दूर होगा। वहीं पानी की समस्या दूर करने के लिए 13 मार्च बुडको के पदाधिकारियों के साथ एक विशेष बैठक भी होगी। वहीं कई वार्डो में जलापूर्ति को लेकर बोरिंग भी किया जाएगा। जल्द ही निविदा निकालकर प्याऊ का निर्माण किया जाएगा। वहीं जलापूर्ति व्यवस्था को देखरेख के लिए दो कनीय अभियंता को जिम्मा दी गई। ताकि जनहित जुड़े लोगों को पानी की समस्या उतपन्न न हो सके।

**शहर के प्रदूषित मुक्त करने निगम खरीदा सीएनजी टेंपू टीपर :** शहर के प्रदूषित से बचाने के लिए नगर निगम 53 टेंपू टीपर ट्रीपर का खरीदारी करेगा। प्रदूषण नियंत्रण के लिए डीजल सफाई वाहन पर पूरी तरह रोक लगाई जा रही है। वहीं खरीदारी को लेकर बोर्ड की बैठक से सदस्यों द्वारा मुहर लगाया गया। टेंपू के साथ एक मिनी लोडर और चार डंफर का भी खरीदारी होगी। इससे शहर की सफाई व्यवस्था और सुदृढ़ किया जा सका। क्योंकि शहर से प्रत्येक दिन चार सौ टन कचरा निकलता है।

**शहर में चार स्थानों लगेगा तिरंगा रोप लाइट :** बोर्ड की बैठक में शहर में चार महत्वपूर्ण स्थानों पर तिरंगा रोप लाइट लगाने का निर्णय लिया गया। तिरंगा लाइट केपी रोड, जीबी रोड और मानपुर सिक्सलेन पुल और डेल्हा पुल पर लगाया जाएगा। तिरंगा लाइट का रोशनी से शहर जगमग करेगा। वहीं गांधी मैदान ओपन जीम कई और उपकरण लगाने का भी निर्णय लिया गया।

**सभी वार्डों में छोटे-बड़े पार्को का होगा सुंदरीकरण :** आयोजित बोर्ड की बैठक में सशक्त स्थाई समिति के सदस्य मोहन श्रीवास्तव ने कहा नगर निगम के सभी वार्डों के छोटे-बड़े पार्कों का सुंदरीकरण किया जाएगा। इसके अलावा पार्क में कैफेटेरिया, खेलकूद का उपकरण, ग्रिल सहित बाउंडरी वाल, लाइट, प्याऊ सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध रहेगी। इससे वार्डों की खूबसूरती भी बढ़ेगी। सदस्यों एक स्वर से इसे शीघ्र पूरा कराने का सहमति दे दी।

### इन कार्यो पर भी लगी बोर्ड की बैठक में लगी मुहर

- सभी खैरातों व राजस्व पर विशेष रूप से हुई चर्चा।
- गया रेलवे स्टेशन रोड स्थित मुख्यमंत्री वृद्धजन आश्रम स्थल के निर्माण
- नये नालों के प्राक्कलन की सूची व राशि की स्वीकृति
- चैती छठ को लेकर घाटों की सफाई व अन्य सुविधाएं
- गोदावरी तालाब के शेष बचे कामों शीघ्र पूरा करने का निर्णय
- निगम के सम्पूर्ण वार्डों में छोटे-बड़े पार्को का सुंदरीकरण
- जवाहर लाल टाउन हॉल का आकर्षक रूप सौंदर्यीकरण
- पार्कों का रखरखाव का ज़िम्मा निगम अपने स्तर से कराने का निर्णय
- इनडोर स्टेडियम पीपीपी मोड पर स्टेडियम सहित जी-प्लस मार्केट बनाने का निर्णय
- मोती पहलवान नाला का प्राक्कलन बनाकर विभाग में भेजने का निर्णय
- संपूर्ण नगर निगम क्षेत्र में शेष बचे आवास विहीन आवास योजना से लाभ दिलाने के लिए एक माह के अंदर इस जनहित के अति आवश्यक समझते हुए सर्वे कराने का निर्णय
- आठ गोलम्बरों की सुंदरीकरण शीघ्र कराने निर्णय

# रबर डैम हो पॉल्यूशन मुक्त बनेगी ज्वाइंट पॉलिसी

निज संवाददाता। गया



**जल संसाधन मंत्री ने कहा-पॉलिसी के तहत रेगुलर रूटीन में रबर डैम का मेंटेनेंस किया जाएगा**

फल्गु नदी में बनाए गए रबर डैम में जमा पानी को प्रदूषित होने से बचाने के लिए जिला प्रशासन, नगर निगम और जल संसाधन विभाग मिल कर ज्वाइंट पॉलिसी तैयार करेगा। पॉलिसी के तहत रेग्युलर ओर रूटीन में रबर डैम का मेंटेनेंस किया जाएगा। तभी जाकर रबर डैम का उद्देश्य सार्थक होगा। इस बाबत जल संसाधन मंत्री विजय चौधरी ने रबर डैम से जुड़े सभी विभागों को कहा है। जल संसाधन मंत्री ने कहा कि रबर डैम को लेकर कुछ शिकायतें मिल रही थीं। उन शिकायतों के मद्देनजर मौका मुआयना किया गया तो लोगों की शिकायत बहुत हद तक वाजिब हैं। रबर डैम प्रदूषित हो रहा है। इसके कई कारण हैं। पहला पूजन सामग्री, दूसरा नाले का पानी और तीसरा रबर डैम बेड लेबल की सा सफाई। पूजन सामग्री डैम में छोड़ा जाता है। नाले का पानी भी रबर डैम में मिल रहे हैं और डैम के बेड लेबल में जमने वाला सिल्ट भी प्रदूषण फैला रहा है। मंत्री विजय चौधरी ने कहा इस गम्भीर समस्या को दूर करने के लिए कहा गया है कि एक्सपर्ट से राय ली जाए। उनकी तकनीकी राय के आधार पर एक ज्वाइंट पॉलिसी तैयार कर उसका इम्प्लीमेंट किया जाए। ताकि फल्गु नदी के पानी की शुद्धता और पवित्रता बनी रहे। उन्होंने कहा कि यह नदी का ताल्लुक अध्यात्म से जुड़ा है। इसके प्रति बड़ी आस्था है। ऐसे में रबर डैम बनाए का उद्देश्य प्रदूषण मुक्त रखने के क्रमिक उपाय धरातल पर लाया जाएगा। फिलहाल विशेषज्ञों से राय लेने का आदेश दिया गया है। उसके बाद विभागीय अधिकारियों को मिल कर स्ट्रांग पालिसी की रूप रेखा तैयार करने को कहा गया है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि कुछ प्रयास किए भी जा रहे हैं। लेकिन बगैर एक ठोस पॉलिसी के आधार पर बेहतर नियमित क्रियान्वयन सम्भव नहीं है।

## नर्सिंग कॉलेज के प्रिंसिपल पर फायरिंग मामला

# एसएसपी ने की एसआईटी टीम गठित, लव एंगल से हो रही जांच, छापेमारी

निज संवाददाता। गया





गया मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में संचालित नर्सिंग कॉलेज के प्रिंसिपल दीपक कुमार सिंह को गोली मारे जाने के मामले में जांच शुरू कर दी गई है। एसएसपी आशीष भारती ने एसआईटी गठित कर दी है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि पुलिस लव एंगल से जांच में जुटी है। प्रिंसिपल को गोली मार जाने की घटना देर शाम होम की वजह से पुलिस को घटना से संबंधित सीसीटीवी फुटेज नहीं मिल सका था। वह सोमवार से घटना स्थल वाले क्षेत्र से सीसीटीवी फुटेज एकत्रित करने और उसे खंगालने में जुटी है। घटना रविवार की देर शाम मगध मेडिकल थाना क्षेत्र के मगध कालोनी रोड नंबर छह की है। फिलहाल जख्मी प्रिंसिपल को मगध मेडिकल कालेज अस्पताल से पटना के लिए रेफर कर दिया गया है। एसएसपी आशीष भारती ने इस मामले को काफी गंभीरता से लिया गया। इस घटना में संलिप्त अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस उपाधीक्षक (विधि व्यवस्था) गया के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया है। जिसमें थानाध्यक्ष मगध मेडिकल, मगध मेडिकल थाना के अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल और तकनीकी शाखा गया के अधिकारी कर्मी को शामिल किया गया है। एसएसपी ने बताया कि इस कांड में शामिल अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी के लिए तेजी से छापामारी जारी है। मगध मेडिकल थाना द्वारा कांड दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। घटना रविवार की है। प्रिंसिपल दीपक कुमार सिंह अपनी बुलेट से शाम 8 बजे घर को लौट रहे थे। वे किराए के मकान में मगध कालोनी में रहते हैं।

# 'डबल इंजन की सरकार में बढ़ेगी विकास की रफ्तार'

## चिल्ड्रेन पार्क और बस स्टैंड का मंत्री श्रवण कुमार ने किया उद्घाटन, ओपेन जिम की भी व्यवस्था

निज संवाददाता। नालंदा




नालन्दा के नगर परिषद हिलसा के दो बड़ी परियोजना में शामिल चिल्ड्रेन पार्क और बस पड़ाव का विधिवत उद्घाटन मुख्य पार्षद धनंजय कुमार के अगुआई में रविवार को ग्रामीण विकास एवं समाज कल्याण विभाग मंत्री श्रवण कुमार के द्वारा किया गया। मौके पर नालंदा के सांसद कौशलेन्द्र कुमार, पूर्व मंत्री सह विधान परिषद नीरज कुमार, विधान परिषद रीना यादव, हिलसा विधायक कृष्ण मुरारी शरण उर्फ प्रेम मुखिया मौजूद रहे।

**हिलसा शहर को मिला पार्क का सौगात:** मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि हिलसा अनुमंण्डल मुख्यालय में पार्क की बहुत ही आवश्यकता थी। यहां के लोग पार्क के लिए लंबे समय से इंतजार कर रहे थे।अब इंतजार की घड़ी समाप्त हो गई है। आज से आमजनों के लिए यह चिल्ड्रेन पार्क को खोल दिया गया है। इस सुसज्जित चिल्ड्रेन पार्क में बच्चों के मनोरंजन के साथ लोगो की सेहत का भी ख्याल रखा गया है। बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के झूले लगाए गए है। वहीं महिलाओं व पुरुषों के लिए ओपेन जिम की भी व्यवस्था की गई है।

**जाम से मिलेगा निजात:** इसके अलावे नगर परिषद के द्वारा एक और बड़ी समस्या को समाधान का प्रयास किया गया है। हिलसा शहर में जाम की प्रमुख समस्या से निजात दिलाने के लिए तकरीबन ढाई करोड़ की लागत से बस पड़ाव का निर्माण कराया गया है। बस पड़ाव होने से हिलसा शहर में जाम की समस्या एक हद तक कम हो जाएगी और लोगो को एक ही स्थान पर अन्य शहर और प्रखण्डों में जाने के लिए वाहन मिलेगी।

**डबल इंजन की सरकार में विकास की रफ्तार होगी तेज:** उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार बोलने में कम और काम करने में ज्यादा विश्वास रखती है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सोच विकास और तरक्की की है।बिहार की तरक्की और विकास तभी हो सकता है। जब आपस मे भाईचारा हो। डबल इंजन की सरकार से बिहार में विकास की रफ्तार और तेजी से बढ़ेगी। हर क्षेत्र में आर्थिक मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने जनता से जो वायदे किये हैं। उसे पूरा किया जा रहा है शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली या रोजगार की बात करें तो प्रत्येक क्षेत्र में इस सरकार में उलेखनीय कार्य किया जा रहा है।

**17 सालों में बदल गई बिहार की तस्वीर:** वहीं सांसद कौशलेन्द्र कुमार ने सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि 17 साल पहले की सरकार में बिहार की जो स्थिति बनी थी। आज बहुत परिवर्तन हुआ है। गांव हो या शहर हर जगह विकास की रौशनी सरकार ने पहुँचाने का काम किया है। पहले सरकारी स्कुलें सिर्फ नाम की होती थी। आज सरकार की विभिन्न प्रोत्साहन योजना के माध्यम से उन स्कूलों की तश्वीर बदल दी है। हर वर्ग के बच्चे हो या बच्चियां स्कूल में पढ़ने जा रहे है और अनुभवी शिक्षकों से ज्ञान अर्जित कर बच्चे मुकाम पर पहुँच परचम लहरा रहे है। यह सब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की ही देन है।

# सीयूएसबी के छात्र ने किक बॉक्सिंग में जीता गोल्ड मेडल

निज संवाददाता। गया

उच्च गुणवत्ता पठन-पाठन के साथ ही खेल-कूद में भी अपनी पहचान बना चुके दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) को राष्ट्रीय स्तर पर एक और उपलब्धि मिली है। जन सम्पर्क पदाधिकारी (पीआरओ) मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय में चल रही अखिल भारतीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता 2023-24 में शारीरिक शिक्षा विभाग के छात्र प्रशांत कुमार (चतुर्थ सेमेस्टर) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 57 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता है। प्रशांत ने किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में लगातार 4 मैचों में जीत दर्ज करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। प्रशांत ने पहले चरण में पीटीयू जालंधर, दूसरे चरण में वाकओवर के साथ तीसरे चरण में जेडीयू झुनझुनू एवं चौथे चरण में विकास शर्मा डायरेक्टरेट ऑफ स्पोर्ट्स, पंजाब को हराया और फाइनल में अपने प्रतिद्वंद्वी को हरा कर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। प्रशांत की उपलब्धि पर यूनिवर्सिटी के खिलाड़ियों में उत्साह का संचार हुआ है। वे भी अब नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ेंगे। इस शानदार उपलब्धि के लिए कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह, खेल समिति के अध्यक्ष प्रो. प्रधान पार्थ सारथी, कुलसचिव कर्नल राजीव कुमार सिंह, शारीरिक शिक्षा विभाग के डॉ. गौरव कुमार सिंह, डॉ. पिंटू लाल मंडल, प्रशिक्षक डॉ जितेंद्र प्रताप सिंह, सहायक निदेशक के साथ शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रशांत कुमार को बधाई और शुभकामनाएं दी है। कुलपति ने प्रशांत की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह एक बड़ी उपलब्धि है जो विश्वविद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है।

# वाहनों का 100% हो जीपीएस टैगिंग

निज संवाददाता। नालंदा



जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह-जिलाधिकारी, नालंदा शाशंक शुभंकर ने आगामी लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष,पारदर्शी एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से वाहन कोषांग एवं सीएपीएफ कोषांग के वरीय/नोडल पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। वाहन कोषांग समीक्षा के क्रम में निर्देश देते हुए उन्होंने कहा है कि चुनाव के सफल आयोजन हेतु वाहनों का आकलन,अधिग्रहण, वाहनों का रूट चार्ट,लॉग बुक, ईंधन आपूर्ति आदि की पूर्व तैयारी वाहन कोषांग में अस्थाई शौचालय,पीने की पानी,ध्वनि विस्तारक यंत्र , पुलिस सुरक्षा, कचरा निस्तारण,दैनिक खुराकी,गेट पास,बैरिकेडिंग बिजली आदि की समुचित व्यवस्था हर हाल में सुनिश्चित की जाए।

**वाहन, बिजली, पंखा की हो व्यवस्था:** निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि इवीएम,वीवीपैट हेतु शत-प्रतिशत वाहनों का जीपीएस टैगिंग हर हाल में सुनिश्चित की जाए। सीएपीएफ कोषांग को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि प्रत्येक प्रखंडों में चयनित दो स्थलों पर सीएपीएफ के रहने के लिए स्थल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। वाहन,बिजली,पंखा,सेंड बैग, मोर्चा,किचेन,शौचालय,पीने की पानी आदि की समुचित व्यवस्था की जाए। इसके अलावे बिहार पुलिस,होमगार्ड जवान के रहने की भी व्यवस्था सभी डिस्पैच सेंटर के समीप सुनिश्चित की जाए।

# जुआ और लॉटरी खेलने के आरोप में सात हुए गिरफ्तार, ताश व लॉटरी का रजिस्टर बरामद

निज संवाददाता। गया



**गुप्त सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई**

गया शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत दो स्थानों पर पुलिस ने छापेमारी कर जुआ और एक आंकिए लॉटरी खेलने के आरोप में सात लोगों को मौके से गिरफ़्तार किया है। इनमें एक आजाद पार्क से दो लोग तो रामधनपुर से पांच लोगों की गिरफ्तारी की गई है। इनके पास से नगदी, ताश समेत एक अंकिए लॉटरी खेले जाने में उपयोग ले जाने वाला रजिस्टर समेत अन्य सामान बरामद किया गया है। पकड़े गए आरोपियों में मुकेश कुमार पिता स्वर्गीय बद्री राम मोहल्ला दिग्गी तलब कचहरी थाना सिविल लाइंस, गोलू कुमार पिता संजय प्रसाद मोहल्ला नई गोदाम थाना कोतवाली, विकास कुमार पिता संजय प्रसाद मोहल्ला नई गोदाम कोतवाली, चंदन साहू पिता कामत साहू मुहल्ला कुजापी थाना चंदौती, मोहम्मद जाहिद हारुण, मोहम्मद नसीम पिता मगरूर खान, दोनों जमा मस्जिद थाना कोतवाली समेत सूरज कुमार पिता स्वर्गीय पप्पू मिश्रा बागेश्वरी मंदिर थाना डेल्हा शामिल है। इनके पास से 2830 रुपया, तीन लॉटरी वाला कॉपी, छह मोबाइल फोन, एक लॉटरी वाला पेज समेत ताश का पूरा 52 पत्ता बरामद किए गए हैं। पुलिस उन लोगों को भी गिरफ्तार करने का प्रयास कर रही है। इस संबंध में एसएसपी आशीष भारती ने बताया उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि रामधनपुर और आजाद पार्क में लॉटरी और जुआ खेला जा रहा है। बताया उनके निर्देश पर एएसपी टाउन पारसनाथ साहू एवं कोतवाली थानाध्यक्ष आशीष मिश्रा के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन कर आरोपियों रंगे हाथ पकड़ लिया गया।

# संक्षिप्त समाचार

## अपहरण कांड के 5 आरोपी सहित कुल 29 गिरफ्तार

**आरा**। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से 4 वर्षीय मासूम के अपहरण कांड में शामिल 5 आरोपी सहित कुल 29 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। नवादा थाना में दर्ज पॉक्सो एक्ट के एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा दिया। कोईलवर थाना में दर्ज 27 आर्म्स एक्ट में 2 खोखा बरामद जब्त कर 1 अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। चौरी थाना में दर्ज कांड सं 23/24 में अवैध बालू लदा ट्रैक्टर 1 जब्त किया है। वहीं जगदीशपुर थाना में दर्ज काण्ड सं 75/2024 में 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार करने के साथ घटना में शामिल एक टेम्पो को जब्त कर लिया। गिरफ्तार सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। सहार थाना में दर्ज कांड सं 45/24 में 1 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है।

## इलाज के बाद विक्की को जेल

**आरा**। 10 मार्च को कोईलवर थाना क्षेत्र के कमालू चक दियारा इलाके के नारायण पुर के पास दो गुटों के बीच वर्चस्व की लड़ाई और फायरिंग की घटना में घायल विक्की कुमार को इलाज के बाद पुलिस ने जेल भेज दिया। विक्की कुमार थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव का रहने वाला है। पुलिस ने इस घटना में एफआईआर दर्ज कर शेष आरोपियों के लिए छापेमारी तेज कर दी है। खेत में रास्ता बनाने और बालू खनन को लेकर पहले दो गुटों के बीच गाली गलौज हुआ फिर मारपीट हुई। उसी क्रम में गोली चली जो विक्की कुमार को लग गई। घायल युवक विक्की कुमार पुलिस से बचने के लिए आरा के प्राइवेट हॉस्पिटल में छुप कर इलाज करा रहा था। पुलिस को सूचना मिली की आरा के धरहरा में स्थित एक निजी अस्पताल में गोली लगा युवक का चुपके से रख कर इलाज किया जा रहा है। सूचना मिलने के पुलिस पहुंची तो पहले तो अस्पताल के कर्मी के द्वारा बताया गया की ऐसा कुछ नहीं है। लेकिन जब पुलिस के द्वारा सख्ती से पूछताछ किया गया तो मामला सामने आया था। जिसके बाद पुलिस अपनी निगरानी में विक्की का इलाज करा कर स्वस्थ होने के बाद जेल भेज दिया।

## चोकर की बोरी में छिपाकर लाया जा रहा शराब की खेप की गई जब्त

**आरा**। सहार थाना की पुलिस ने युवती का फोटो वायरल करने के आरोप में थाना क्षेत्र से शैलेश यादव के पुत्र चितरंजन कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। है। सहार थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया की घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गांव के ही लड़की का फोटो वायरल और उसके साथ बदतमीजी करने के मामले में यह गिरफ्तारी हुई है। हालांकि लड़की के परिजनों की ओर से गांव के दो युवकों पर मामला दर्ज कराया गया है। शाहपुर थाने की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर रविवार की देर शाम थाना क्षेत्र के इटवा गांव के समीप छापेमारी कर शराब की खेप को बरामद किया है। बताया जाता है कि पुलिस ने एक यूपी नंबर की पिकअप गाड़ी से भारी मात्रा में शराब बरामद किया है। साथ ही पिकअप के चालक को भी गिरफ्तार किया है। पकड़े गये चालक से पुलिस पूछताछ कर रही है।

## होली स्पेशल ट्रेन का होगा परिचालन



**आरा**। होली के अवसर पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के को देखते हुए उनकी सुविधा के लिए रेलवे द्वारा कई स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है । इसी क्रम में पूर्व मध्य रेल से पुणे एवं लोकमान्य तिलक टर्मिनस, मुंबई के लिए 05 जोड़ी होली स्पेशल ट्रेनें चलायी जाएंगी । यह सभी सपेशल ट्रेन आरा,बक्सर होते हुए पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन होते हुए जायेगी। यह ट्रेन के ठहराव से भोजपुर जिले लोगों को बहुत बड़ी राहत मिलेगी। जिसकी जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी वीरेंद्र कुमार ने दी है। जिनका विवरण निम्नानुसार है । गाड़ी सं. 01409/01410 लोकमान्य तिलक-दानापुर-लोकमान्य तिलक सुपरफास्ट स्पेशल (पं.दीनदयाल उपाध्याय जं.-प्रयागराज छिवकी-जबलपुर-भुसावल के रास्ते) - गाड़ी संख्या 01409 लोकमान्य तिलक-दानापुर सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन लोकमान्य तिलक से 23.03.2024, 25.03.2024 एवं 30.03.2024 को 12.15 बजे खुलकर अगले दिन 17.00 बजे दानापुर पहुंचेगी । वापसी में, गाड़ी संख्या 01410 दानापुर-लोकमान्य तिलक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन दानापुर से 24.03.2024, 26.03.2024 एवं 31.03.2024 को 18.15 बजे खुलकर अगले दिन 23.55 बजे लोकमान्य तिलक पहुंचेगी । यह स्पेशल दानापुर और लोकमान्य तिलक के बीच आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज छिवकी, मनिकपुर, सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, पिपरिया, इटारसी, खण्डवा, भुसावल, नासिक रोड, इगतपुरी एवं कल्याण स्टेशनों पर रूकेगी। इस स्पेशल में प्रथम वातानुकूलित श्रेणी का 01, द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी का 02, तृतीय इकॉनामी वातानुकूलित श्रेणी के 09, शयनयान श्रेणी के 03 तथा साधरण श्रेणी के 03 कोच होंगे । गाड़ी सं. 01043/01044 लोकमान्य तिलक-समस्तीपुर-लोकमान्य तिलक सुपरफास्ट स्पेशल (मुजफ्फरपुर-हाजीपुर-पाटलिपुत्र-पं.दीन दयाल उपाध्याय जं.-प्रयागराज छिवकी के रास्ते) - गाड़ी संख्या 01043 लोकमान्य तिलक-समस्तीपुर सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन लोकमान्य तिलक से 21.03.2024 एवं 28.03.2024 गुरूवार को 12.15 बजे खुलकर शुक्रवार को 21.15 बजे समस्तीपुर पहुंचेगी । वापसी में, गाड़ी संख्या 01044 समस्तीपुर-लोकमान्य तिलक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन समस्तीपुर से 22.03.2024 एवं 29.03.2024 शुक्रवार को 23.20 बजे खुलकर रविवार को 07.40 बजे लोकमान्य तिलक पहुंचेगी । यह स्पेशल समस्तीपुर और लोकमान्य तिलक के बीच मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, पाटलिपुत्र, दानापुर, आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं.,प्रयागराज छिवकी, मनिकपुर, सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, पिपरिया, इटारसी, खण्डवा, भुसावल, नासिक रोड, इगतपुरी एवं कल्याण स्टेशनों पर रूकेगी । इस स्पेशल में प्रथम वातानुकूलित श्रेणी का 01, द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी का 02, तृतीय इकॉनामी वातानुकूलित श्रेणी के 09, शयनयान श्रेणी के 03 तथा साधरण श्रेणी के 03 कोच होंगे ।

## समस्याओं के निदान के लिए पूर्व सैनिकों ने बनाई रणनीति



**बक्सर**। बक्सर शहर के स्थानीय बाइपास रोड स्थित मां मुंडेश्वरी अस्पताल परिसर स्थित जिला कार्यालय में सैनिक संघ की मासिक बैठक रविवार को आयोजित किया गया। बैठक में पूर्व सैनिकों की समस्याओं एवं उसके निदान के लिए विस्तृत चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता संघ के निर्देशक डॉ. मेजर पी के पाण्डेय व संचालन जिला उपाध्यक्ष सूबेदार विद्या सागर चौबे ने की। अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि संघ के अधिकारियों के अथक प्रयास से संघ ने अपना परचम लहराया है। बिहार के साथ साथ देश के कई अन्य राज्यों से पूर्व सैनिक संघ से जुड़ रहे हैं।संघ के उत्थान के लिए तन, मन और धन सदैव न्योछावर है। सैनिकों को होने वाली समस्याएं जैसे स्पर्श, लाइफ सर्टिफिकेट का रिजेक्ट होना, पेंशन का बंद हो जाना, पेंशन अचानक कम हो जाना, ई सी एच एस में दवाई का पैसा क्लेम होने में परेशानियां आदि मुद्दों पर विशेष चर्चा करते उसके निदान हेतु रणनीतियां बनाई गई। इस साल का होली मिलन समारोह 19 मार्च को सैनिक परिवार के साथ मनाने का निर्णय लिया गया है। मासिक बैठक में कई पूर्व सैनिकों ने सदस्यता ग्रहण किया। मौके पर पूर्व सैनिक आरबी ओझा, आर बी सिंह, अलख नारायण श्रीवास्तव, तारकेश्वर पाण्डेय, फूल बदन सिंह, चंद्रजीत सिंह, हरीवंश सिंह यादव, त्रिवेणी दुबे उपस्थित थे।

# सड़क हादसे में तीन जख्मी स्कार्पियो ने मारी टक्कर

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर जिले आरा–सासाराम मुख्य मार्ग चरपोखरी थाना क्षेत्र के गड़हनी पुल के समीप रविवार की देर शाम बेलगाम स्कार्पियो ने बाइक सवार चाचा–भतीजा को जोरदार टक्कर मार दी। इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों के मदद से दोनों ज़ख्मियों को इलाज के लिए गड़हनी पीएससी ले जाया गया, जहां से डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद र रेफर कर दिया । घायलों में तीयर थाना क्षेत्र के तीयर गांव निवासी मुन्ना महतो के 37 वर्षीय पुत्र गौतम कुमार जबकि इनका भतीजा लाल बहादुर महतो के 22 वर्षीय पुत्र हरेंद्र कुमार शामिल है। इधर, जख्मी हरेंद्र कुमार ने बताया कि उसके भाई सत्यार्थ कुमार की शादी गड़हनी थाना अंतर्गत असलान गांव होने वाली थी। अपने भाई के बारात अपने सगे चाचा गौतम कुमार के साथ बाइक पर सवार होकर जा रहा था। इसी बीच गड़हनी पल के समीप विपरीत दिशा से आ रहे बेलगाम स्कार्पियो ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी । इस हादसे में दोनों बुरी तरह जख्मी हो गए। डॉक्टर के ऑब्जर्वेशन में दोनों ज़ख्मियों का इलाज कराया जा रहा है। वही ऑन ड्यूटी चिकित्सक ने बताया कि एक जख्मी के सिर में काफी गंभीर चोट लगी है जिनको गंभीर अवस्था में पटना रेफर कर दिया गया है।

**मां के साथ कपड़ा खरीदने गया था बालकः** सहार थाना क्षेत्र के गुलजारपुर बाजार के समीप अपने मां के साथ बाजार गए एक बालक को ऑटो ने जोरदार टक्कर मार दी । हादसे में बुरी तरह जख्मी हो गया। इसके बाद सहार पीएससी से प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने आर रेफर कर दिया । जख्मी में सहार थाना क्षेत्र के गुलजारपुर गांव निवासी राकेश प्रसाद का 7 वर्षीय पुत्र आदर्श कुमार है। इधर, पढ़ने ने बताया कि रविवार की देर शाम को अपनी मां खुशबू देवी के कपड़ा खरीदने के लिए गया हुआ है। जब वापस लौट रहा था तभी ऑटो ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दिए । हादसे में बालों को काफी गंभीर चोट आई है जिसे गंभीर अवस्था में पता है रेफर कर दिया गया है।

# पैसे के विवाद में पिता-पुत्र की पिटाई

निज संवाददाता। आरा





भोजपुर जिले के पीरो थाना क्षेत्र के भागलपुर गांव में रविवार को बकाया पैसे के विवाद को लेकर पिता–पुत्र की लाठी-डंडे से जमकर पिटाई कर दी गई। जिससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए।मामल शांत होने के बाद परिजन द्वारा उन्हें इलाज के लिए पीरो रेफरल अस्पताल से आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार ज़ख्मियों में पीरो थाना क्षेत्र के भागलपुर गांव निवासी 50 वर्षीय शमशाद कुरैशी एवं उनका 20 वर्षीय पुत्र शोएब कुरेशी शामिल है। इधर,शोएब कुरैशी ने बताया कि उसने गांव के ही एक व्यक्ति के पास कुछ माह पूर्व बीसी लगाया था। बीसी खुलने के बाद उक्त व्यक्ति के पास उसका साठ हज़ार रुपया बकाया था। दो माह पूर्व भी वह उक्त व्यक्ति के पास अपना बीसी का बकाया पैसा मांगने गया था तो उस समय भी उसके द्वारा मारपीट की गई थी। हालांकि, बात खत्म हो गई थी। जब वह अपने पैसा मांगने गया तो उक्त व्यक्ति द्वारा पैसा देने से मना कर दिया गया और उसकी द्वारा इसकी पिटाई कर दी गई। जब उसके पिता देखने गए कि उनका बेटा वहां क्या कर रहा है तो व्यक्ति द्वारा दोनों बाप-बेटे की दोबारा लाठी-डंडे से पिटाई कर दी गई। जिससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए पीरो रेफरल अस्पताल से आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहीं दूसरी ओर जख्मी शोएब कुरैशी ने गांव के ही सुनील कुरैशी नामक व्यक्ति पर बीसी का बकाया पैसा मांगने पर दोनों बाप-बेटे की पिटाई करने का आरोप लगाया है।इसके बाद पीड़ित परिवारों ने इसकी शिकायत स्थानीय थाना पुलिस से की है।

# दो मामलों में तीन बंदूक के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

निज संवाददाता। बक्सर



**मुरार और डुमरांव थाना का मामला, एक की खोज अब भी जारी**

बक्सर पुलिस ने मारपीट और बंदूक दिखा कर धमकी देने वाले दो मामलों में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पहला मामला मुरार थाना क्षेत्र का है और जहां पर मसर्हिया गांव के निवासी मारकन्डेय सिंह ने आपसी विवाद में फायरिंग करने की शिकायत दर्ज कराई थी। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि मामला दर्ज होते ही टीम गठित कर छापेमारी की जा रही थी। इसके बाद कांड में शामिल बबुली सिंह और राम नारायण सिंह को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से एक नाली बंदूक और 6 जिंदा कारतूस और 3 खोखा बरामद किया गया। वहीं एसपी मनीष कुमार ने दूसरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि डुमरांव थाना क्षेत्र के जंगली शिव मंदिर के पास से हथियार दिखाकर डराने की शिकायत मिली थी। महुआर गांव निवासी उमाशंकर सिंह ने दो लोगों को अभियुक्त बनाते हुए कृष्णाब्रह्म थाना में मामला दर्ज कराया था। इसके बाद छापेमारी के दौरान अभियुक्त विश्वास माली जो कि छठिया पोखरा का निवासी है उसे गिरफ्तार किया गया। इसके पास से तीन हथियार, 7 जिंदा कारतूस और 7 खोखा बरामद किया गया है। इसके अलावा एक युवक की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# 4 साल की बच्ची को डेढ़ लाख में बेचा

## आरा में एक साल पहले चोरी हुआ बच्चा बरामद, मास्टरमाइंड महिला समेत 5 गिरफ्तार

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर पुलिस ने बच्चा चुराकर निःसंतानों को बेचने वाले गैंग का खुलासा किया है। साथ ही पुलिस ने दो बच्चों को भी बरामद किया है। बरामद बच्चों में जगदीशपुर नगर पंचायत के वार्ड नंबर 15 के जागा के पीपल मुहल्ला के पास से गायब 4 साल की अर्पिता और बिहिया से एक साल पहले चोरी हुआ 3 साल का अंकुश कुमार है। इसके अलावा गैंग की लीडर पूजा देवी समेत पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी पूजा ने बीते बुधवार को चोरी हुई बच्ची को डेढ़ लाख रुपए में बेचा था। एसडीपीओ ने बताया कि आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण सभी पैसे के लालच में बच्चा चुराने का काम करते थे। गैंग की मास्टरमाइंड पूजा देवी है।

**6 मार्च को चोरी हुई थी बच्चीः** जगदीशपुर एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह ने बताया कि बीते बुधवार को अंतिम पांडे की 4 साल की बेटी अर्पित पांडे उर्फ मौसी गायब हुई थी। जिसके बाद परिजनों ने स्थानीय थाना में लापता होने का आवेदन दिया था। इसके बाद डीएसपी के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई थी। जिसने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच करते हुए जगदीशपुर के मीट मार्केट वार्ड नंबर 16 निवासी सुरेंद्र यादव की पत्नी पूजा देवी, शिवधारी गोंड की पत्नी पूनम देवी, शाहपुर थाना के बरीसवन गांव निवासी संतोष गोंड की पत्नी पचरत्न देवी, वार्ड नंबर 15 निवासी शिवधारी गोंड और ऑटो चालक अजय केसरी को गिरफ्तार किया गया है।

**बच्ची को डेढ़ लाख में बेचा थाः** आरोपियों की निशानदेही पर अर्पिता की सकुशल बरामद हो सकी। पूजा देवी ने अर्पिता को चुराकर निसंतान पंचरत्न देवी को डेढ़ लाख रुपए में बेचा था। सभी की गिरफ्तारी के बाद एक साल पूर्व बिहिया से गायब हुए दूसरे बच्चे अंकुश को पुलिस ने बरामद कर लिया है। बढ़िया के जज बाजार स्थित सूर्य मंदिर से एक साल पहले बच्चा चोरी के मामले में पुलिस ने पूजा देवी और खरीदार पूनम देवी को पुलिस ने आरोपी बनाया है।

**बेटे की हत्या के बाद गैंग से खरीदा था बच्चाः** पकड़ी गई पूनम देवी के बेटे राजेश गोंड उर्फ अनुज की अक्टूबर 2021 में हत्या हो गई थी। निःसंतान होने पर उसने अपने घर से सौ मीटर की दूरी पर रहने वाली मास्टरमाइंड पूजा देवी से संपर्क बनाकर उससे बच्चा खरीदा। पूजा दूसरे का बच्चा चोरी कर मुंह मांगी कीमत पर बेचती थी।

**एक साल पहले चोरी हुआ था अंकुशः** बता दे कि बिहिया 22 फरवरी 2023 को सूर्य मंदिर पोखरा के समीप शादी समारोह के दौरान 3 साल का अंकुश कुमार गायब हो गया था। इसे लेकर बच्चे के पिता जज बाजार निवासी वीर बहादुर पासवान ने संबंधित थाना में 3 मार्च 2023 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। टीम में जगदीशपुर थानाध्यक्ष विगाउ राम, दरोगा जयंत कुमार,पीएसआई मीना कुमारी,सुधांशु कुमार एवं एएसआई जितेंद्र कुमार शामिल थे।

# दबंगों ने महिला को मारी गोली, दो साल पहले महिला ने लिए थे दो हजार रुपए कर्ज

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर जिले के पीरो थाना क्षेत्र के हसन बाजार ओपी अंतर्गत नारायणपुर गांव में रविवार के दोपहर पैसे के विवाद को लेकर एक महिला को गांव के दबंगों ने गोली मार दी। जख्मी महिला को गोली बाएं पैर एड़ी के पास लगी है। जिससे वह गंभीर रुप से जख्मी हो गई। इसके बाद परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार जख्मी महिला पीरो थाना क्षेत्र के हसन बाजार ओपी अंतर्गत नारायणपुर गांव निवासी मनोज राम की 40 वर्षीया पत्नी कुसुम देवी है। वही घटना की सूचना मिलते हैं हसन बाजार ओपी इंचार्ज सर्वेश कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की छानबीन में जुट गए है। इधर,कुसुम देवी ने बताया कि उसका पति मनोज राम मछली बेचने का काम करता है। जिसको लेकर उसने गांव के ही मुन्ना सिंह नामक व्यक्ति से दो वर्ष पूर्व दो हजार रूपए सूद पर लिया था। जिसका उसने अभी तक मूल व शुद्ध सहित दस हजार रुपए दे चुकी है।

**सदर अस्पताल में चल रहा है इलाजः** रविवार की दोपहर उक्त व्यक्ति उसके घर पर आ गया और उसे कहने लगा की अभी चार हजार रुपया अभी बाकी है मुझे दो। जब उसने कहा कि मैंने दो हजार रुपया सूद पर लिया था और सूद व मूल मिलाकर कुल दस हजार रूपए दे चुकी हूं। अब मैं एक भी पैसा नहीं दूंगी। तभी उक्त जबरन उसका हाथ खींचकर घर से बाहर निकाल उसके साथ दुर्व्यवहार करने लगा।

# एडीएम ने चुरामनपुर में डिस्पैच सेंटर का किया निरीक्षण

निज संवाददाता। बक्सर

एडीएम कुमारी अनुपम सिंह के द्वारा माध्यमिक विद्यालय चुरामनपुर बक्सर विधान सभा का डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण किया। एडीएम द्वारा डिस्पैच सेंटर पर वाहनों की पार्किंग, कमरों की स्थिति, मतदान सामग्री रखने का स्थान, मतदान कर्मियो को पेयजल की सुविधा एवं ब्रीफिंग स्थल का मुआयना किया गया। बता दे की बक्सर जिला प्रशासन द्वारा लोक सभा चुनाव को लेकर कमर कस लिया गया है।एक तरफ जहां जिला प्रशासन द्वारा चुनाव में वोट प्रतिशत बढ़ाने को लेकर तरह तरह के कार्यक्रम किया जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ बूथ सेंटर को दुरुस्त करने को लेकर लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। एसडीओ धीरेंद्र मिश्रा ने बेहतर कार्य योजना बनाया गया है। सभी जगहों पर साईनेज लगाने का निर्देश दिया गया।

## स्कूल समय सारणी व अवकाश तालिका को ले सरकार पर दबाव बनाएगी कमेटी

**बक्सर**। बिहार राज्य प्राथमिक संघ गोप गुट की बैठक में लिए गये अहम निर्णय भास्कर न्यूज | बक्सर राजकीय बुनियादी विद्यालय परिसर में रविवार को बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ गोप गुट के सदस्यों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता नागेंद्र राम व संचालन नसीम अहमद ने की। मौके पर मौजूद राज्य कमिटी के सदस्य अभय कुमार पाण्डेय ने कहा की बक्सर ज़िला में वर्षों से लंबित हर प्रकार की प्रोन्नति होनी चाहिए ।

**पूर्व रेलवे**

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा सार्वजनिक क्षेत्र के किसी उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समान प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं अपेक्षित वित्तीय क्षमता रखनेवाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं : **सीनि. डीईएन/1/एचडब्ल्यूएच। ई-निविदा सं.: 335_2023-24, दिनांक 05.03.2024। कार्य का विवरण :** सीनि. डीईएन/1/एचडब्ल्यूएच खंड में स्टेशन भवन को उन्नत बनाना तथा अन्य विविध कार्यों को करना। **अनुमानित लागत:** रु. 1,88,11,764.11। **बयाना राशि :** रु. 37,600/-। **समापन अवधि :** 4 महीने। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 27.03.2024 को अपराह्न 2.00 बजे। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित बंद होने की तारीख को किसी कारण अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो निविदा के ऑनलाइन बंद होने की तारीख नहीं बदलेगी, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में अप्लिकेशन निविदा के बंद होने की तारीख एवं समय के पश्चात किसी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। हालांकि निविदाओं को अगले कार्य दिवस को ऑनलाइन खोला जाएगा। निविदा का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव ऊपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। **(HWH-534/2023-24)**

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा सार्वजनिक क्षेत्र के किसी उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समान प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं अपेक्षित वित्तीय क्षमता रखनेवाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं : **सीनि. डीईएन/2/एचडब्ल्यूएच। ई-निविदा सं.: 336_2023-24, दिनांक 08.03.2024। कार्य का विवरण :** एईएन/डीकेएई के तहत पुल सं. 83, 84, 87 एवं 90 तथा एईएन/बीडब्ल्यूएन के तहत पुल सं. 207, 214, 219 एवं 224 की आरसीसी जैकेटिंग प्रदान करना तथा अन्य विविध कार्यों को करना। **अनुमानित लागत:** रु. 2,32,57,318.61। **बयाना राशि :** रु. 2,66,300/-। **निविदा प्रपत्र की कीमत:** शून्य। **समापन अवधि :** 12 महीने। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 01.04.2024 को अपराह्न 2.00 बजे। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित बंद होने की तारीख को किसी कारण अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो निविदा के ऑनलाइन बंद होने की तारीख नहीं बदलेगी, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में अप्लिकेशन निविदा के बंद होने की तारीख एवं समय के पश्चात किसी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। हालांकि, निविदाओं को अगले कार्य दिवस को ऑनलाइन खोला जाएगा। निविदा का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव ऊपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। **(HWH-535/2023-24)**

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व मध्य रेल**

**राँची–वाराणसी–राँची के बीच**
**नई वन्दे भारत एक्सप्रेस गाड़ी का परिचालन**

रेलवे द्वारा राँची–वाराणसी–राँची के बीच एक नई वन्दे भारत एक्सप्रेस का परिचालन किया जा रहा है। उद्घाटन स्पेशल गाड़ी का परिचालन दिनांक 12.03.2024 को राँची से अनुमानित समय 09.00 बजे किया जायेगा।

**समय एवं ठहराव**

**उद्घाटन स्पेशल गाड़ी संख्या 02887 राँची – वाराणसी वन्दे भारत**

| स्टेशन | आ० | प्र० |
|---|---|---|
| राँची | --- | 09.00 |
| मूरी | 10.10 | 10.12 |
| बोकारो स्टील सिटी | 11.20 | 11.22 |
| कोडरमा | 13.00 | 13.02 |
| गया | 14.30 | 14.35 |
| सासाराम | 15.43 | 15.45 |
| पं. दीन दयाल उपाध्याय | 16.45 | 16.50 |
| वाराणसी | 17.30 | --- |

**गाड़ियों की नियमित सेवा का परिचालन**

परिचालन के दिनः गाड़ी संख्या 20887/20888 राँची – वाराणसी – राँची दिनांक 18.03.2024 से, **फेराः** सप्ताह में 06 दिन (गरूवार को छोड़कर)

**समय एवं ठहराव**

| 20887 राँची – वाराणसी वन्दे भारत एक्सप्रेस | | | 20888 वाराणसी – राँची वन्दे भारत एक्सप्रेस | |
|---|---|---|---|---|
| आ० | प्र० | स्टेशन | आ० | प्र० |
| --- | 05.10 | राँची | 23.55 | -- |
| 06.10 | 06.12 | मूरी | 22.48 | 22.50 |
| 07.10 | 07.12 | बोकारो स्टील सिटी | 21.50 | 21.55 |
| 08.40 | 08.42 | कोडरमा | 19.50 | 19.52 |
| 10.00 | 10.05 | गया | 18.45 | 18.50 |
| 11.03 | 11.05 | सासाराम | 17.48 | 17.50 |
| 12.15 | 12.20 | पं. दीन दयाल उपाध्याय | 16.40 | 16.45 |
| 13.00 | --- | वाराणसी | --- | 16.05 |

विस्तृत जानकारी के लिए–www.enquiry.indianrail.gov.in/ NTES APP

पीआर/2523/एचक्यू/ओपीटीजी/एन/23–24/91 मुख्य यात्री परिचालन प्रबंधक, पूमरे/हाजीपुर

# 4 साल की बच्ची को डेढ़ लाख में बेचा, आरा में एक साल पहले चोरी हुआ बच्चा भी बरामद

**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर पुलिस ने बच्चा चुराकर निःसंतानों को बेचने वाले गैंग का खुलासा किया है। साथ ही पुलिस ने दो बच्चों को भी बरामद किया है। बरामद बच्चों में जगदीशपुर नगर पंचायत के वार्ड नंबर 15 के जागा के पीपल मुहल्ला के पास से गायब 4 साल की अर्पिता और बिहिया से एक साल पहले चोरी हुआ 3 साल का अंकुश कुमार है। इसके अलावा गैंग की लीडर पूजा देवी समेत पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी पूजा ने बीते बुधवार को चोरी हुई बच्ची को डेढ़ लाख रुपए में बेचा था। एसडीपीओ ने बताया कि आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण सभी पैसे के लालच में बच्चा चुराने का काम करते थे। गैंग की मास्टरमाइंड पूजा देवी है।



### 6 मार्च को चोरी हुई थी बच्ची

जगदीशपुर एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह ने बताया कि बीते बुधवार को अंतिम पांडे की 4 साल की बेटी अर्पित पांडे उर्फ मौसी गायब हुई थी। जिसके बाद परिजनों ने स्थानीय थाना में लापता होने का आवेदन दिया था। इसके बाद डीएसपी के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई थी। जिसने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच करते हुए जगदीशपुर के मीट मार्केट वार्ड नंबर 16 निवासी सुरेंद्र यादव की पत्नी पूजा देवी, शिवधारी गोंड की पत्नी पूनम देवी, शाहपुर थाना के बरीसवन गांव निवासी संतोष गोंड की पत्नी पचरत्न देवी, वार्ड नंबर 15 निवासी शिवधारी गोंड और ऑटो चालक अजय केसरी को गिरफ्तार किया गया है।

### बच्ची को डेढ़ लाख में बेचा था

आरोपियों की निशानदेही पर अर्पिता की सकुशल बरामद हो सकी। पूजा देवी ने अर्पिता को चुराकर निसंतान पंचरत्न देवी को डेढ़ लाख रुपए में बेचा था। सभी की गिरफ्तारी के बाद एक साल पूर्व बिहिया से गायब हुए दूसरे बच्चे अंकुश को पुलिस ने बरामद कर लिया है। बढ़िया के जज बाजार स्थित सूर्य मंदिर से एक साल पहले बच्चा चोरी के मामले में पुलिस ने पूजा देवी और खरीदार पूनम देवी को पुलिस ने आरोपी बनाया है।

### बेटे की हत्या के बाद गैंग से खरीदा था बच्चा

पकड़ी गई पूनम देवी के बेटे राजेश गोंड उर्फ अनुज की अक्टूबर 2021 में हत्या हो गई थी। निःसंतान होने पर उसने अपने घर से सौ मीटर की दूरी पर रहने वाली मास्टरमाइंड पूजा देवी से संपर्क बनाकर उससे बच्चा खरीदा। पूजा दूसरे का बच्चा चोरी कर मुंह मांगी कीमत पर बेचती थी।

### एक साल पहले चोरी हुआ था अंकुश

बता दे कि बिहिया 22 फरवरी 2023 को सूर्य मंदिर पोखरा के समीप शादी समारोह के दौरान 3 साल का अंकुश कुमार गायब हो गया था। इसे लेकर बच्चे के पिता जज बाजार निवासी वीर बहादुर पासवान ने संबंधित थाना में 3 मार्च 2023 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। टीम में जगदीशपुर थानाध्यक्ष विगाउ राम, दरोगा जयंत कुमार, पीएसआई मीना कुमारी, सुधांशु कुमार एवं एएसआई जितेंद्र कुमार शामिल थे।

## संक्षिप्त समाचार

### जुआ और लॉटरीखेलने के आरोप में सात गिरफ्तार



**गया, एजेंसी।** गया शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत दो स्थानों पर पुलिस ने छापेमारी कर जुआ और एक आंकिए लॉटरी खेलने के आरोप में सात लोगों को मौके से गिरफ़्तार किया है। इनमें एक आजाद पार्क से दो लोग तो रामधनपुर से पांच लोगों की गिरफ्तारी की गई है। इनके पास से नगदी, ताश समेत एक अंकिए लॉटरी खेले जाने में उपयोग ले जाने वाला रजिस्टर समेत अन्य सामान बरामद किया गया है। पकड़े गए आरोपियों में मुकेश कुमार पिता स्वर्गीय बद्री राम मोहल्ला दिग्गी तलब कचहरी थाना सिविल लाइंस, गोलू कुमार पिता संजय प्रसाद मोहल्ला नई गोदाम थाना कोतवाली, विकास कुमार पिता संजय प्रसाद मोहल्ला नई गोदाम कोतवाली, चंदन साहू पिता कामत साहू मुहल्ला कुजापी थाना चंदौती, मोहम्मद जाहिद हारुण, मोहम्मद नसीम पिता मगरूर खान, दोनों जमा मस्जिद थाना कोतवाली समेत सूरज कुमार पिता स्वर्गीय पप्पू मिश्रा बागेश्वरी मंदिर थाना डेल्हा शामिल है। इनके पास से 2830 रुपया, तीन लॉटरी वाला कॉपी, छह मोबाइल फोन, एक लॉटरी वाला पेज समेत ताश का पूरा 52 पत्ता बरामद किए गए हैं। पुलिस उन लोगों को भी गिरफ्तार करने का प्रयास कर रही है। इस संबंध में एसएसपी आशीष भारती ने बताया उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि रामधनपुर और आजाद पार्क में लॉटरी और जुआ खेला जा रहा है। बताया उनके निर्देश पर एएसपी टाउन पारसनाथ साहू एवं कोतवाली थानाध्यक्ष आशीष मिश्रा के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन कर आरोपियों रंगे हाथ पकड़ लिया गया।

### पैसे के विवाद में पिता-पुत्र की पिटाईबीसी खुलवाने के लिए दिए थे पैसे, मांगने पर लाठी-डंडे से बेहरामी से पीटा



**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर जिले के पीरो थाना क्षेत्र के भागलपुर गांव में रविवार को बकाया पैसे के विवाद को लेकर पिताङ्कपुत्र की लाठी-डंडे से जमकर पिटाई कर दी गई। जिससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए।मामल शांत होने के बाद परिजन द्वारा उन्हें इलाज के लिए पीरो रेफरल अस्पताल से आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार ज़ख्मियों में पीरो थाना क्षेत्र के भागलपुर गांव निवासी 50 वर्षीय शमशाद कुरैशी एवं उनका 20 वर्षीय पुत्र शोएब कुरेशी शामिल है। इधर,शोएब कुरैशी ने बताया कि उसने गांव के ही एक व्यक्ति के पास कुछ माह पूर्व बीसी लगाया था। बीसी खुलने के बाद उक्त व्यक्ति के पास उसका साठ हज़ार रुपया बकाया था। दो माह पूर्व भी वह उक्त व्यक्ति के पास अपना बीसी का बकाया पैसा मांगने गया था तो उस समय भी उसके द्वारा मारपीट की गई थी। हालांकि, बात खत्म हो गई थी। जब वह अपने पैसा मांगने गया तो उक्त व्यक्ति द्वारा पैसा देने से मना कर दिया गया और उसकी द्वारा इसकी पिटाई कर दी गई। जब उसके पिता देखने गए कि उनका बेटा वहां क्या कर रहा है तो व्यक्ति द्वारा दोनों बाप-बेटे की दोबारा लाठी-डंडे से पिटाई कर दी गई। जिससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए पीरो रेफरल अस्पताल से आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहीं दूसरी ओर जख्मी शोएब कुरैशी ने गांव के ही सुनील कुरैशी नामक व्यक्ति पर बीसी का बकाया पैसा मांगने पर दोनों बाप-बेटे की पिटाई करने का आरोप लगाया है।इसके बाद पीड़ित परिवारों ने इसकी शिकायत स्थानीय थाना पुलिस से की है

# इस बार लोकसभा चुनाव में जमकर उड़ेंगे उड़न खटोले

## धुंआधार होगा प्रचार; किराया 5 लाख से ज्यादा



**पटना, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर आदर्श आचार संहिता कभी भी जारी हो सकती है। इस बीच तमाम दलों द्वारा लोकसभा सीटों पर प्रत्याशियों का ऐलान किया जा रहा है। रविवार को तृणमूल कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल की सभी 42 सीटों पर अपने उम्मीदवारों का ऐलान किया। टीएमसी ने सभी सीटों पर कैंडिडेट उतारकर इंडिया गठबंधन को करारा झटका दिया है। हालांकि ममता बनर्जी पहले ही स्पष्ट कर चुकीं थी कि राज्य में वो किसी भी दल के साथ गठबंधन शेयर नहीं करेंगी। बंगाल में दो पूर्व क्रिकेटर और चार फिल्मी सितारों के अलावा कई हाई प्रोफाइल उम्मीदवार हैं। बीजेपी की तरफ से भी नई नामी चेहरों को टिकट दिया गया है। ऐसे में चुनाव में जमकर प्रचार की उम्मीद है। विमानन उद्योग से जुड़े विशेषज्ञों का कहना है कि 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए राजनीतिक दलों की तैयारी के बीच विशेष विमानों और हेलीकॉप्टर की मांग में पिछले आम चुनाव के मुकाबले 40 फीसदी तक बढ़ोतरी होने की संभावना है। 'क्लब वन एयर' के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) राजन मेहरा ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''निजी विमानों की मांग तेजी से बढ़ेगी और यह मांग विशेष विमानों और हेलीकॉप्टरों की उपलब्धता से अधिक होने की उम्मीद है। विशेष विमानों और हेलीकॉप्टर की आपूर्ति सीमित संख्या में होती है।''

### किराया 5 लाख रुपए प्रति घंटे

विशेष विमान और हेलीकॉप्टर सेवा का शुल्क प्रति घंटे के आधार पर लिया जाता है। उद्योग जगत के विशेषज्ञों की राय है कि विशेष विमान का शुल्क साढ़े चार लाख रुपये से 5.25 लाख रुपये प्रति घंटे के बीच हो सकता है। एक हेलीकॉप्टर के लिए प्रति घंटे का शुल्क करीब डेढ़ लाख रुपये होगा। बिजनेस एयरक्राफ्ट ऑपरेटर्स एसोसिएशन (बीएओए) के प्रबंध निदेशक कैप्टन आर के बाली ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि लोकसभा चुनाव के दौरान निजी विशेष विमानों और हेलीकॉप्टर की मांग पिछले चुनाव की तुलना में 30 से 40 प्रतिशत तक बढ़ने की उम्मीद है। आधिकारिक आंकड़ों से पता चला कि दिसंबर 2023 के अंत में 112 गैर-अनुसूचित संचालक (एनएसओपी) थे। आम तौर पर एनएसओपी ऐसी इकाइयां होती हैं जिनका कोई विशेष निर्धारित कार्यक्रम नहीं होता है और उनके विमान आवश्यकता पड़ने पर उड़ान भरते हैं। बाली ने कहा कि करीब 112 एनएसओपी हैं लेकिन इनमें से 40-50 फीसदी केवल एक विमान का संचालन करते हैं। उन्होंने कहा कि एनएसओपी के पास करीब 450 विमान होने का अनुमान है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) के पास उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक इन 'ऑपरेटर' के पास जो विमान और हेलीकॉप्टर हैं, उनमें बैठने की क्षमता तीन से 37 तक है। आंकड़ों से पता चलता है कि अधिकांश विमानों और हेलीकॉप्टर में बैठने की क्षमता 10 से कम है। मेहरा ने कहा कि राजनीतिक नेता छोटे कस्बों तक यात्रा के लिए हेलीकॉप्टर की मांग करेंगे, इसलिए हेलीकॉप्टर की मांग अधिक बढ़ने की संभावना है। भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) को सौंपे गए 2019-20 के लिए पार्टी के वार्षिक ऑडिट खातों के अनुसार, सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने विमान/हेलीकॉप्टर के लिए कुल 250 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए थे।

# क्सालरूम को बेडरूम बनाकर रही शिक्षिका पर कार्रवाई का निर्देश

## जांच में बरदौन स्कूल पहुंचे डीएम, बोले-डीईओ को दिए कार्रवाई के निर्देश



**जमुई, एजेंसी।** जमुई में स्कूल के कमरे को अपना बैडरुम बना कर प्रधान शिक्षिका द्वारा उसका निजी कार्यों में इस्तेमाल करने मामले में डीएम राकेश कुमार ने जांच की है।

इसके साथ ही इस मामले में कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इस दौरान उन्होंने स्कूल के सभी कमरों का जायजा लिया। स्कूल का मुआयना किया। डीएम ने इस दौरान स्कूल प्रधान शीला हेंब्रम को बुलाकर स्कूल के कमरे को बेडरूम बनाकर रहने को लेकर जमकर फटकार लगाई है। डीएम राकेश कुमार ने कहा कि स्कूल में पहले से ही कमरे कम हैं। एक कक्षा में तीन वर्ग के बच्चों को पढ़ाया जाता है। ऐसे में स्कूल के एक कमरे को बेडरूम बना कर इस्तेमाल करना सही नहीं है। उन्होंने कहा कि इस मामले में कार्रवाई की जाएगी। जांच के दौरान जिलाधिकारी राकेश कुमार ने मौजूद ग्रामीणों से बातचीत की।

वहां की समस्याओं के बारे में जानकारी ली। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त शिक्षिका का घर बरदौन गांव में ही है। उसकी पोस्टिंग उसके घर में ही कर दी गई है। इतना ही नहीं वह पिछले कई सालों से उसी स्कूल में पदस्थापित हैं। डीएम ने इस मामले में भी जिला शिक्षा पदाधिकारी को जांच कर कार्रवाई के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल में काफी अनियमितताएं मिली हैं। स्कूल के बिल्डिंग पर स्कूल का नाम तक दर्ज नहीं है। इतना ही नहीं कार्यालय की स्थिति भी काफी खराब है। डीएम ने कहा कि मामले में कार्रवाई की जाएगी।

# पटना मे गोली मार कर युवक की हत्या, नवोदय विद्यालय में शिक्षक थे



**पटना, एजेंसी।** पटना के नदी थाना क्षेत्र के जेठूली गांव में अपराधियों ने एक नवोदय विद्यालय के शिक्षक की गोली मारकर हत्या कर दी। गोली मारने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। घटना की सूचना पाते ही स्थानीय लोगों ने जमकर बवाल काटा। मौके पर पहुंची पुलिस करवाई में जुटी है। नाराज लोगों ने फतुहा पटना स्टेट हाइवे को जाम कर प्रदर्शन किया।

### घर लौट रहे थे शिक्षक

स्थानीय लोगों ने अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर लगातार जिले के वरीय अधिकारियों को घटना स्थल पर बुलाने पर अड़े हुए हैं। मृतक जेठुली के रामानंद राय के 45 वर्ष से पुत्र रणवीर कुमार उर्फ दीनानाथ राय है जो बड़हिया में नवोदय विद्यालय के शिक्षक थे। वो वापस घर जा रहे थे।

### गुस्साए लोगों ने किया सड़क जाम

इस दौरान जेठुली गांव में उनके घर के पास ही बाइक सवार अपराधी पहले से घात लगाए बैठे हुए थे। जैसे ही शिक्षक रणवीर कुमार अपने घर के पास पहुंचें तो अपराधियों ने गोली मार हत्या कर दी। गोली मारते ही अपराधी पटना की ओर भाग निकले। बताया जाता है की अपराधी काफी नजदीक से शिक्षक को गोली मारी है।

### दहशत का माहौल

वहीं, इस घटना के बाद आसपास के लोगों में दहशत का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर हंगामा किया। साथ ही प्रदर्शनकारी अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। घटना स्थल पर आस पास के थाने से भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रही। स्थानीय पुलिस लोगों को समझा बुझाकर जाम को छुड़वाया की।

इस पूरे मामले में नदी थाना अध्यक्ष राजू कुमार का कहना है कि पुलिस लगातार छापेमारी में जुटी है। शिक्षक को गोली क्यों मारी गई है इसका कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हुआ है हम लोग आसपास के सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाल रहे हैं। जो भी अपराधी इसमें संलिप्त होगा उसकी जल्द से जल्द गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

# बांका में कवियों ने बांधा समां, हास्य कवि शंभू शिखर ने लोगों को लिया लोटपोट



**बांका, एजेंसी।** बांका में राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कवियों ने ऐसा समा बांधा कि वहां मौजूद हर कोई देशभक्ति के भाव से ओतप्रोत हो उठा।इस दौरान प्रसिद्ध हास्य कवि शंभु शिखर के प्रस्तुति ने लोगों को अंत तक कार्यक्रम में अपने शब्दों से बांधे रखा।कवि सम्मेलन में दूर से आए प्रसिद्ध कवियों ने क्षेत्रवासियों का अपनी कविताओं से दिल जीत लिया। हास्य कवि शंभू शिखर ने अपनी प्रसिद्ध पंक्तियां-हम सौ पर भारी एक पड़ें, हम धरती पुत्र बिहारी हैं..सुनाकर पूरे महफिल में तालियों की गडगडाहट से गरमाहट ला दी।

पद्मिनी शर्मा ने सरस्वती वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत की।इसके बाद हास्य कवि डा सुरेश अवस्थी की हास्य व्यंग की रचना ने सभी को खूब हसाया।जिस दिन से मेरी मुस्कुराने लग गयी, जहनियत लोगों की फिर आंसू बहाने लग गई...।फागुन के आगाज के साथ ही कवि सम्मेलन का आयोजन श्रोताओं को खूब,भाया।कवियत्री पदमिनी शर्मा के श्रृंगार रस की धारा बही।कहा भारत की संस्कृति परम पुनीता बचा लो करमों की अदालत मे अपनी गीता बचा लो... सुनाया। डॉ. तिश्या श्री ने कहा तुम्हारा हाथ थामें जिंदगी का गीत गाएं बस, अंधेरे से हमारा एक जुगनू जीत जाए बस आदि का पाठ किया। बौसी प्रखंड स्थित अद्वैत मिशन मंदार विद्यापीठ परिसर में अद्वैत मिशन मंदार विद्यापीठ के संस्थापक आनंद शंकर माधवन जी की 110 वीं जयंती के उपलक्ष पर राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। राष्ट्रीय कवियों की महफिल की शुरुआत कार्यक्रम का उद्घाटन अपर न्यायाधीश शमीम राजा एवं संस्थान के चेयरमैन अरविंद माडम्बत ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। इसके बाद मौके पर देश के अलग-अलग जगह से कार्यक्रम में पहुंचे कवियों का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं ने भी सुंदर प्रस्तुतियां दी एवं कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना की गई इसके बाद कवि सम्मेलन से पूरा इलाका हंसी से गूंज उठा।देश के प्रख्यात कवियों के प्रस्तुति में उपस्थित भीड़ को गुदगुदाने को मजबूर कर दिया। श्रृंगार रस साहित्य रस और विभिन्न श्रेणियां के कवियों के प्रस्तुति से पंडाल में उपस्थित लोगों का भरपूर मनोरंजन किया एवं एक से बढ़कर एक कविता और हास्य प्रस्तुत किया गया। इस दौरान श्रोताओं को इतना गुदगुदाया की तालियां लगातार बजती रही। रात भर कार्यक्रम में श्रोताओं ने खूब आनंद उठाया।प्रसिद्ध हास्य कवि शंभु शिखर के प्रस्तुति को सुनकर लोग हंसते-हंसते लोटपोट हो गए।कार्यक्रम देखने के लिए बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उनके अभिभावक एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।


## आवश्यकता

(1) बिहार सरकार द्वारा स्वीकृत नियत वेतन में आदर्श ब्रह्मचर्याश्रम संस्कृत उच्च विद्यालय, वरदाही, मधुबनी में 03 सहायक शिक्षक एवं 01 लिपिक की आवश्यकता है। 01 सहायक शिक्षक, योग्यता-आचार्य, कोटि-UR (F), 02 सहायक शिक्षक, योग्यता- स्नातक विज्ञान, कोटि-UR & SC (F) एवं 01 लिपिक, योग्यता-इंटर/समकक्ष, कोटि-BC का है। विज्ञापन प्रकाशन से 15 दिनों के अंदर विद्यालय सचिव के पदनाम से आवेदन पत्र निबंधित डाक के माध्यम से आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन पूर्ण विवरण के साथ स्वीकार किये जायेंगे।

**(2) उम्र सीमा :** -आवेदन प्राप्ति तिथि को सहायक शिक्षक पद के अभ्यर्थियों की न्यूनतम उम्र 21 वर्ष एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों के लिए 18 वर्ष होना अनिवार्य है। अधिकतम आयु सीमा वही होगी, जो राज्य सरकार (सामान्य प्रशासन विभाग) द्वारा निर्धारित होगी।

(3) आरक्षित कोटि के उम्मीदवार आवेदन के साथ जाति प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित प्रति अवश्य संलग्न करेंगे अन्यथा आरक्षण का दावा मान्य नहीं होगा।

(4) आवेदन के साथ शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित प्रति अवश्य संलग्न करेंगे।

(5) अंतर्वीक्षा की सूचना अलग से विद्यालय सचिव द्वारा दी जायेगी। अंतर्वीक्षा में सम्मिलित होने के लिए यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

(6) सहायक शिक्षक एवं लिपिक पद पर नियुक्ति हेतु आवश्यक शैक्षणिक योग्यता होना अनिवार्य होगा।

(7) नियुक्ति की सम्पूर्ण प्रक्रिया बिहार राज्य अराजकीय प्रस्वीकृत संस्कृत (मध्यमा स्तर तक) के शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों की सेवा शर्त नियमावली-2015 के अनुरूप होगी।

**सचिव**
**आदर्श ब्रह्मचर्याश्रम संस्कृत उच्च विद्यालय, वरदाही, मधुबनी।**

# विचार-मंथन

## संपादकीय

# बेटियों को हासिल होने लगी उड़ान

(अनिता भटनागर जैन, पूर्व आइपीएस अधिकारी)

लगातार मोबाइल की घंटी बज रही थी या वॉट्सएप पर महिला दिवस के कार्यक्रमों के लिए निमंत्रण आ रहे थे। बस तीन दिन ही तो बाकी थे। अखबार खोला, तो पहले पेज पर समाचार था कि एक पिता ने कुल्हाड़ी से अपनी बेटी के टुकड़े-टुकड़े कर दिए, क्योंकि उसने विवाह करने के लिए मना कर दिया था। एक अन्य खबर थी, लड़की द्वारा दोस्ती का प्रस्ताव न स्वीकार करने पर लड़के ने उसके चेहरे पर तेजाब फेंका। क्या लड़की को अपने बारे में 'न' कहने का भी अधिकार नहीं है? क्या पिता को हक था कि वह बेटी का जीवन ले ले या लड़का उसके चेहरे को विकृत कर दे? इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की थीम है- 'इन्वेस्ट इन वुमेन = एक्सलरेट प्रोग्रेस', यानी महिला-कल्याण से जुड़े प्रयासों में निवेश करें और उनकी प्रगति को गति दें। हर साल महिला दिवस का विषय अलग होता है, पर उद्देश्य एक ही होता है कि दुनिया की सभी लड़कियों और महिलाओं को आत्मसम्मान, बराबरी, आर्थिक स्वतंत्रता और निर्णय लेने की आजादी मिले। इस बार आर्थिक पक्ष पर बल दिया गया है। संयुक्त राष्ट के महासचिव का कहना है कि 2030 तक लक्षित 40 करोड़ रोजगार-सृजन में महिलाओं को प्राथमिकता मिलनी चाहिए। बेशक विश्व की 49.5 फीसदी आबादी महिलाओं की है, पर अनेक देशों में उनकी स्थिति बदतर है। दुनिया के कई हिस्सों में जारी युद्ध से हजारों परिवार विस्थापित होकर बिखर रहे हैं, इन सभी जगहों पर अधिकतम भुक्तभोगी महिलाएं ही हैं। कुछ देशों में, जहां कुछ वर्ष पूर्व तक महिलाओं को शिक्षा, रोजगार, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता प्राप्त थी, वहां ये अधिकार समाप्त कर दिए गए हैं। आज जलवायु परिवर्तन के कारण कुदरती आपदाओं में लगातार वृद्धि हो रही है और लोग विस्थापित हो रहे हैं। यह कह सकते हैं कि आपदाएं लैंगिक भेदभाव नहीं करतीं, मगर पुरुषों की तुलना में इनका 14 गुना अधिक बुरा प्रभाव महिलाओं व बच्चों पर पड़ता है। इस मिश्रित पृष्ठभूमि में 2023 का नोबेल पुरस्कार (अर्थशास्त्र) क्लॉडिया गोल्डन को मिलना एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। यह सम्मान इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि गोल्डन का कार्य आर्थिक सिद्धांतों के मानवीकरण से संबंधित था कि किन कारणों से मुख्यधारा में पुरुषों और महिलाओं के श्रम के परिणाम भिन्न होते हैं! भारत में देखें, तो अब महिलाएं तमाम क्षेत्रों में इस पारंपरिक नजरिये को ध्वस्त कर रही हैं कि कुछ कार्य केवल पुरुष ही कर सकते हैं। इसके ज्वलंत उदाहरण हैं- विश्व के सबसे ऊंचे युद्धस्थल सियाचिन में पहली बार महिला डॉक्टर का नियुक्त होना, आईएनएस त्रिंकट युद्धपोत की कमांड महिला को सौंपना, नेवी में एक हजार अग्निवीर महिलाएं, जो सबमरीन में भी कार्य करेंगी, आईआईटी (मद्रास) के जंजीबार कैंपस की निदेशक महिला को बनाना, 75वें गणतंत्र दिवस समारोह में स्क्वाड्रन लीडर तूलिका रानी को विशिष्ट अतिथि बनाना, महिलाओं की मोटरसाइकिल टीम द्वारा अद्भुत करतब दिखाना आदि। अपने यहां महिलाओं में वोट को लेकर भी जागृति पैदा हुई है। अब अनेक राज्यों में पुरुषों की तुलना में वे अधिक मताधिकार का इस्तेमाल करने लगी हैं। विभिन्न राजनीतिक दल अपने एजेंडे में महिलाओं से संबंधित मुद्दों को प्राथमिकता दे रहे हैं। उनको अब टिकट भी अधिक दिया जा रहा है। नतीजतन, देश की पहली संसद में जहां 24 महिला सांसद थीं, वहीं वर्तमान में 78 हैं। हालांकि, आम व्यक्ति के नजरिए को बदलना भी महत्वपूर्ण है। अब तो विशेषणों को भी महिलाओं और पुरुषों में बांट दिया गया है, जैसे- आकांक्षा, आत्मनिर्भरता, निश्चयात्मकता का उपयोग पुरुषों के लिए, और दयालु, उदार, करुणा, समानुभूति, बलिदान का उपयोग महिलाओं के लिए। परिवार और समाज में पर्यावरण और धार्मिक आयोजनों की मुख्य जिम्मेदारी भी महिलाओं की समझी जाती है। यह सही है कि बहुत कुछ बदला है, पर काफी कुछ बदलना अभी शेष है। दहेज प्रथा आज भी जिंदा है। 'इंडिया ह्यूमन डेवलपमेंट सर्वे' के अनुसार, सिर्फ पांच प्रतिशत विवाह ही अंतर-जातीय है। बाल विवाह मुक्त भारत का लक्ष्य वर्ष 2030 है, मगर माना जा रहा है कि कोरोना के बाद बाल विवाह में वृद्धि हुई है। महिला-पुरुष लिंगानुपात के मामले में नौ राज्यों में प्रत्येक हजार पुरुषों पर 900 महिलाएं भी नहीं हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार, प्रत्येक घंटे एक महिला दहेज की बेदी पर बलि चढ़ जाती है और दो का बलात्कार होता है। एक अन्य रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि बलात्कार के 99 फीसदी मामले दर्ज ही नहीं होते। यह सब कैसे थमेगा? अपने घर-परिवार से ही बदलाव लाना होगा। न दहेज देना है, न लेना है, लड़कियों को अपने पैरों पर खड़ा करना है, उन्हें निर्णय की आजादी देनी है, लड़के-लड़कियों में फर्कखत्म करना है, बचपन से लड़कियों के प्रति लड़कों की मानसिकता सकारात्मक रूप से गढ़नी है, और लड़कियों को इस काबिल बनाना है कि वे अन्याय, हिंसा आदि के विरुद्ध मुखर हो सकें। सरकार की नीतियां व नियम बहुत हैं, इनको अमलीजामा हमें अपने घर और मुहल्ले में ही पहनाना है। आइए, इस महिला दिवस पर हम उन महिलाओं के साहस को सम्मानित करें, जो हमारे ईद-गिर्द परिवारों-मोहल्लों में रहती हैं और अपने-अपने तरीके से रोजाना संघर्ष करके स्थितियां बदल रही हैं। वह लड़की, जिसने बलात्कार के बाद रिपोर्ट लिखवाने की हिम्मत की; वह अशिक्षित मां, जिसने परिवार के विरुद्ध जाकर अपनी बेटी की शादी नहीं होने दी, बल्कि उसे पढ़ाया; वह विवाहिता, जिसने घरेलू हिंसा के विरुद्ध आवाज उठाई; वह दुल्हन, जिसने दहेज के लिए बारात वापस लौटा दी; वे लड़कियां, जिन्होंने अपमानजनक रिश्तों को तोड़ने की हिम्मत की; वे खिलाड़ी, जो परिवार-समाज की आलोचना के बावजूद मैदान में पहुंची; वह महिला, जिसने पैंट-शर्ट पहनकर सिक्योरिटी गार्ड का काम किया या फिर वे औरतें, जो घर और नौकरी के दोहरे दायित्व को बखूबी निभा रही हैं। आज विश्व में 12 फीसदी, मगर अधिकतम महिला पायलट भारत में हैं। विकसित देशों से भी कहीं अधिक। आज लड़कियां आसमान में हवाई जहाज और फाइटर प्लेन उड़ा रही हैं। हमें अपने घर की बच्चियों को पंख देना चाहिए। उन्हें उड़ने की आजादी देनी चाहिए। वे आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनें, और उन्हें अपने जीवन के निर्णय लेने का अधिकार हो।

**(ये लेखिका के अपने विचार हैं)**

*अब तो विशेषणों को भी महिलाओं और पुरुषों में बांट दिया गया है, जैसे- आकांक्षा, आत्मनिर्भरता, निश्चयात्मकता का उपयोग पुरुषों के लिए, और दयालु, उदार, करुणा, समानुभूति, बलिदान का उपयोग महिलाओं के लिए। परिवार और समाज में पर्यावरण और धार्मिक आयोजनों की मुख्य जिम्मेदारी भी महिलाओं की समझी जाती है।*

## नकली दवाइयो का भंडाफोड़, सुखद

देश में आए दिन नकली दवाइयों का भंडाफोड़ होना समाज के नजरिये से सुखद, पर प्रशासन के नजरिये से शर्मनाक है। सबसे दुखद है, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में फिर एक नकली दवा कंपनी का पकड़ा जाना। नकली दवाओं का निर्माण जिस गति से गाजियाबाद में हो रहा था, उसकी निंदा के लिए शब्द कम पड़ जाएंगे। यह न केवल लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़, बल्कि देश के साथ शत्रुता के समान है। गाजियाबाद में पता नहीं कब से यह नकली दवा फैक्टरी चल रही थी, जहां रक्तचाप, मधुमेह और गैस की नकली दवाएं बनाई जा रही थीं। जाहिर है, यह कंपनी अपने बाजार प्रतिनिधियों के जोर पर अनेक चिकित्सकों को लुभावने प्रस्ताव देकर अपनी दवाओं को बेचती होगी। औषधि विभाग, क्राइम ब्रांच और पुलिस के हाथ तो महज 1.10 करोड़ रुपये की नकली दवाएं आई हैं, पर वास्तव में न जाने कितनी नकली दवाइयों की बिक्री यह कंपनी कर चुकी होगी। खैर, नकली दवा बनाने वाले फैक्टरी संचालक को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसे ऐसी सजा मिलनी चाहिए कि दूसरों के लिए नजीर बन जाए। इसमें कोई शक नहीं है कि मिलावटखोरों या नकली उत्पाद बनाने वाले उद्यमियों के साथ हमारे देश में ढिलाई या उदारता बरती जाती है, इसलिए अपराधियों के हौसले बुलंद रहते हैं। किसी न किसी रसूखदार का सहारा लेकर ऐसे उद्यमी-अपराधी बचने के रास्ते निकाल लेते हैं। चूंकि भारत में आबादी ज्यादा है और उसी अनुपात में बीमारियां भी हैं, तो दवाओं की मांग यहां लगातार बनी रहती है। ऐसे में, कुछ दवा निर्माता कंपनियों का काम ही यही है कि ब्रांडेड दवाओं के नाम का लाभ उठाया जाए। दवा कारोबार में लाभ भी बहुत होता है, यह लाभ भी अपराधियों को दवा निर्माण के व्यवसाय में खींच लाता है। नकली दवाओं का मामला केवल एक राज्य या क्षेत्र तक सीमित नहीं है। तेलंगाना का ताजा मामला गौर करने लायक है। तेलंगाना सरकार ने मेग लाइफ साइंसेज द्वारा निर्मित 33 लाख रुपये से ज्यादा की तीन दवाओं की जांच की है और उनमें दवा का कोई भी तत्व नहीं पाया है। राज्य के औषधि नियंत्रण प्रशासन ने कहा है कि इन तीनों नकली दवाओं में केवल चॉक पाउडर और स्टार्च मिला है। तेलंगाना में पकड़ में आई कंपनी ने कागज पर हिमाचल प्रदेश में मुख्यालय होने का दावा किया है, पर वास्तव में हिमाचल में ऐसी कोई कंपनी नहीं है।

## सोशल मीडिया मंचों के विस्तार के साथ ही जोखिम भी आ रहे हैं सामने

आमतौर पर हर क्षेत्र में तकनीक के प्रसार ने लोगों की रोजमर्रा की जरूरत से लेकर कई तरह की सुविधाओं तक पहुंच को आसान बनाया है। मगर तकनीकी विकास के दायरे में ही जैसे-जैसे डिजिटल दुनिया में एक नया समाज बन रहा है, सोशल मीडिया के मंचों का विस्तार हो रहा है, वैसे-वैसे कई तरह के जोखिम भी सामने आ रहे हैं। खासकर ऐसे लोगों के लिए खतरे ज्यादा हैं, जो इंटरनेट आधारित सोशल मीडिया की प्रकृति को लेकर एक परिपक्व समझ नहीं रखते और कई बार आभासी दुनिया के संजाल में उलझ जाते हैं। पैसों की ठगी या बैंक खातों से पैसा निकाल लेने जैसे अपराधों से इतर डिजिटिल दुनिया की गतिविधियों के बीच रिश्तों में अपराध अब एक जटिल रूप में सामने आ रहा है। हाल ही में दक्षिण-पश्चिम दिल्ली में एक लड़की से उसके दोस्त ने बलात्कार किया, जो कुछ ही समय पहले सोशल मीडिया पर उसके संपर्क में आया था। इससे पहले भी ऐसी कुछ घटनाएं हुई हैं, जिनमें किशोर उम्र की लड़कियों को सोशल मीडिया पर हुई जान-पहचान के बाद बलात्कार जैसे जघन्य अपराध का शिकार होना पड़ा। दरअसल, सोशल मीडिया के जरिए कई किशोर और युवा अपने संपर्कों और दोस्ती का विस्तार तो करते हैं, मगर अब वह सुरक्षित नहीं रह गया है। खासकर कुछ किशोरवय लड़कियां इसके संवेदनशील पहलुओं पर परिपक्व समझ नहीं रखतीं और भावुकता में लिए गए निर्णय की वजह से कई बार आपराधिक प्रवृत्ति के लड़कों की चाल में फंस कर खुद को खतरे में डाल लेती हैं। विवेक और परिपक्वता के कमजोर धरातल पर खड़ी लड़कियों को इसका खमियाजा ज्यादा भुगतना पड़ रहा है। विडंबना है कि जो सोशल मीडिया दुनिया को जानने-समझने का जरिया होना चाहिए था, उसके लापरवाह या फिर बेजा इस्तेमाल ने इसे अपराध के एक अड्डे की शक्ल देना शुरू कर दिया है।

## कश्मीर की वादियों में चालीस साल बाद चैन से चुनावी सभा

(अश्वनी कुमार, वरिष्ठ पत्रकार)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा की पूरे कश्मीर में चर्चा है। लोग याद कर रहे हैं कि पिछले 40 साल में पहली बार ऐसी चुनावी रैली हुई है और इसे कश्मीर में ऐतिहासिक माना जा रहा है। कश्मीर के राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 1983 की इकबाल पार्क रैली के बाद यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ही रैली है, जो शांतिपूर्ण रही है। लोग याद कर रहे हैं कि इंदिरा गांधी जैसे यहां के लोगों से जुड़कर आकर्षित करती थीं, ठीक वैसी ही कोशिश नरेंद्र मोदी ने भी की है। प्रधानमंत्री ने मधुमक्खी पालन में कमाल करने वाले पुलवामा के नाजिम नजीर के साथ सेल्फी लेकर लोगों के साथ खुद को जोड़ने की कोशिश की है, इसकी चर्चा घाटी में हो रही है। बहरहाल, इस रैली के ऐतिहासिक होने के पीछे सबसे बड़ा कारण यह है कि 5 अगस्त, 2019 को अनुच्छेद 370 और 37 ए को खत्म किए जाने के बाद प्रधानमंत्री की घाटी में यह पहली रैली थी। दूसरा कारण यह है कि अलगाववादियों और पाकिस्तान को वह बताना चाहते थे कि नया कश्मीर बनाया जा रहा है और प्रधानमंत्री कहीं भी रैली कर सकते हैं। तीसरा कारण, इससे पहले पूर्व प्रधानमंत्रियों- मनमोहन सिंह और अटल बिहारी वाजपेयी ने भी यहां जनसभा की थी, पर उस दौरान बम धमाके और काफी खून-खराबा होता था। अलगाववादी नेताओं और आतंकियों के आह्वान पर कश्मीर में हड़ताल, कर्फ्यू, सार्वजनिक परिवहन के ठप होने का आलम रहता था। तब जान-बूझकर घाटी में बम धमाके भी करवाए जाते थे, पर इस बार न कोई हड़ताल, न बम धमाके, न चक्का जाम और न ही इंटरनेट बंद किया गया। प्रधानमंत्री के 27 मिनट के भाषण में सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण वे साढ़े चार मिनट थे, जब प्रधानमंत्री ने जम्मू-कश्मीर बैंक के बारे में बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ साल पहले तक जम्मू-कश्मीर बैंक डूब रहा था, लेकिन सरकार की नई नीति की वजह से बैंक डूबने से बच गया। अगर लोगों के हजारों करोड़ रुपये डूब जाते, तो क्या होता? उन्होंने जम्मू-कश्मीर बैंक की भर्ती में हुई हेराफेरी के बारे में भी लोगों को बताया। जाहिर है, प्रधानमंत्री यह संदेश देना चाहते थे कि कश्मीर में दशकों से चली आ रही रिश्वतखोरी को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रधानमंत्री को अच्छे से पता है कि जम्मू-कश्मीर के ज्यादातर लोगों के पैसे इसी बैंक में जमा हैं, अत: लोगों के बीच अपने बैंक और अपने पैसे को लेकर खास चर्चा है, तो क्या इसका फायदा भाजपा को होगा?हालांकि, कुछ लोगों को उम्मीद थी कि प्रधानमंत्री जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा लौटाने या स्थानीय चुनाव संबंधी घोषणा करेंगे? पर शायद अभी इन मुद्दों पर केंद्र सरकार ने अपना मन नहीं बनाया है। यहां इस बात की चर्चा है कि सितंबर से पहले जम्मू-कश्मीर विधानसभा के चुनाव हो सकते हैं। पाकिस्तान की हालत को देखकर यहां लोग भी समझ गए हैं कि अनुच्छेद 370 की बहाली नामुमकिन है और कुछ ही समूह या दल हैं, जो कश्मीरियों को अब भी बरगलाने में लगे हैं। सुप्रीम कोर्ट का भी फैसला आ चुका है और सरकार इस विषय को अब छूने को बिल्कुल तैयार नहीं है। राजनीतिक विशेषज्ञों का कहना है कि जिस तरह से रैली में लोगों का हुजूम उमड़ा है, हाल ही में जैसे गुज्जर बकरवालों और पहाड़ियों को आरक्षण मिला है, उससे भाजपा को लाभ होगा। पीडीपी के पूर्व सांसद और उनकी पत्नी सफीना बेग का प्रधानमंत्री की रैली में होना साफ बताता कि पहाड़ी लोग भाजपा के साथ हैं।

## आज का राशिफल

### मेष
आज आपकी योजनाएं सफल होंगी, धन में वृद्धि होगी। आपकी योजनाएं सफल होंगी। आपके कार्यों की तारीफ होगी और संबंध मधुर होंगे। रात के समय किसी सामाजिक समारोह में शामिल होने का मौका मिलेगा। आपको आज सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होने का मौका मिलेगा। शाम के वक्त आपका मन शुभ कार्य में लगेगा।

### वृष
आज लाभ का दिन है और आपके धन में वृद्धि होगी। रुके कार्य पूर्ण होंगे और आपको भाग्य का साथ मिलेगा। आपके कार्य से जुड़ी योजनाएं पूर्ण होंगी और आपको करियर से जुड़ा कोई शुभ समाचार आपको मिल सकता है। आपकी मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी और किस्मत आपका साथ देगी। पैसों के मामले में कुछ आकस्मिक लाभ होने के योग हैं।

### मिथुन
आज आपके सम्मान में वृद्धि होगी और रुके कार्य पूर्ण होंगे। आप अपनी कार्यकुशलता से समस्या का समाधान निकालने का प्रयास करेंगे तो आपको लाभ होगा। आपकी सुख समृद्धि में वृद्धि होगी और आपको करियर से जुड़े समाचार से आपको प्रसन्नता होगी।

### तुला
आज आपको सफलता प्राप्त होगी और आपके सम्मान में वृद्धि होगी। पुराना कोई कार्य रुका रहेगा और आपके धन में वृद्धि होगी। आपको किसी अच्छे व्यक्ति का साथ मिलेगा। सत्तारूढ़ पुरुष की कृपा से मंत्री पद की प्राप्ति भी हो सकती है। कोई मूल्यवान वस्तु अकस्मात् मिल जाएगी। सायं से लेकर रात्रि तक सक्रिय राजनीति में बिजी रहेंगे।

### वृश्चिक
आज आप किसी प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त करेंगे और जो लोग नौकरी पाने की तलाश में हैं उनको लाभ होगा। आज आपको युक्तिसंगत प्रयासों का लाभ मिलेगा। आर्थिक स्थिति में भी धीरे-धीरे सुधार होगा। रात में माता को किसी वजह से कष्ट होने से आपका मन परेशान होगा और आपको भागदौड़ करनी पड़ सकती है।

### धनु
आज आर्थिक लाभ होगा और आपके कार्य सफल होंगे। जोखिम भरे काम से दूर रहें। कार्यक्षेत्र में रिस्क से दूर रहें और अपने काम पर ध्यान दें। आपके धन में वृद्धि होगी और भाग्य आपका साथ देगा। आपको करियर के मामले में कोई कठिन फैसला लेने से बचने की सलाह है। वरना आपको नुकसान हो सकता है।

### कर्क
आज किसी पुरानी समस्या का अंत होगा और आपके सम्मान में वृद्धि होगी। जिस वजह से आपके सभी कार्य अभी तक नहीं बन रहे थे आज उस काम में आ रही बाधाएं दूर होंगी। आपके रचनात्मक कार्यों में गति आएगी। ज्ञान विज्ञान कला और लेखन कार्य में आपकी दक्षता रंग लाएगी। शाम का समय मौज मस्ती में बीतेगा।

### सिंह
आज लाभ होगा। परिवार और रोजगार में सही संतुलन बनाने का प्रयास करें। आज व्यवसाय के विस्तार के लिए पर्याप्त अवसर और अनुकूल समय है। आज आपकी सुख और सुविधाओं में इजाफा होगा। आर्थिक कमी को भी इस वक्त परेशानी नहीं। आज घर में किसी की शादी के खर्च से जुड़ी बातें हो सकती हैं।

### कन्या
आज आपको किसी का खोया हुआ विश्वास पुनः प्राप्त होगा। संतान पक्ष से भी अपेक्षित समाचार मिलेगा। आज कोई व्यक्ति आपके मन का भेद जानने का प्रयास करेगा। उससे सावधान रहें और अपनी प्रगति का रहस्य उसे न बताएं।

### मकर
आज आर्थिक लाभ होगा और इस वजह से आपका मूड सुबह से ही अच्छा रहेगा। आप दिनभर भागदौड़ करने के लिए भी तत्पर रहेंगे और उसमें आपको सफलता भी मिलेगी। सभी काम एक-एक कर बनने लगेंगे और आपको प्रसन्नता का अनुभव होगा। व्यर्थ की जद्दोजहद और तनाव से आपको मुक्ति मिलेगी।

### कुंभ
आज आर्थिक लाभ होगा और आपकी धन से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी। आपको कारोबार में कुछ नए आइडिया दिमाग में आ सकते हैं। आपको पार्टनर्स के साथ काम करना है तो अपनी पोजिशन स्पष्ट करने की जरूरत है। अपने वरिष्ट अधिकारी को इसकी जानकारी अवश्य दें। ग्रहों की शुभ दशा से आपको आर्थिक लाभ होगा और कार्यक्षेत्र में प्रसन्नता बनी रहेगी।

### मीन
आज दिन काफी व्यस्तता वाला रहेगा। कई प्रकार के विवाद और झंझट आपके सामने आ सकते हैं। शाम को किसी कार्यक्रम में जा सकते हैं। अपने कार्य कौशल से अपनी मुसीबतें कम कर पाएंगे। रात्रि का समय किसी सामाजिक या राजनीतिक कार्यक्रम में बीतेगा और आपके कारोबार में लाभ होगा। आज आपको फालतू खर्च से बचने की सलाह है। कोई रुका कार्य पूर्ण होगा।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5307

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | 6 | | 4 | | | 3 | |
| | 5 | 7 | 8 | 2 | | | | |
| 1 | | | 9 | | | 5 | | |
| | | 9 | | 1 | | | | 8 |
| 5 | | | | | | | | 2 |
| 4 | | | | 9 | | 6 | | |
| | | 4 | | | 3 | | | 1 |
| | | | | 7 | 9 | 2 | 6 | |
| | 2 | | | 5 | | 9 | 8 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5306

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 5 | 6 | 4 | 7 | 9 | 8 | 1 |
| 1 | 8 | 9 | 5 | 3 | 2 | 4 | 7 | 6 |
| 7 | 4 | 6 | 8 | 9 | 1 | 2 | 5 | 3 |
| 4 | 5 | 1 | 9 | 7 | 8 | 3 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 8 | 1 | 2 | 5 | 7 | 9 | 4 |
| 9 | 7 | 2 | 3 | 6 | 4 | 5 | 1 | 8 |
| 6 | 9 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 2 | 5 |
| 8 | 1 | 3 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 7 |
| 5 | 2 | 4 | 7 | 8 | 6 | 1 | 3 | 9 |

## वर्ग पहेली 5307

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. यह देश शतरंज खेल का जन्म स्थान है (3)
4. इस वेद में भारतीय संगीत शास्त्र का आरंभ होता है और गांधर्व वेद इसका उपवेद है (4)
7. नभचारी, वे प्राणी जो आकाश में विचरित होते हों (5)
9. समूह, गुट, पंखड़ी (2)
10. निर्मित करना, रचित करना (3)
11. थपथपाना, पाथना, थपकी देना (4)
14. नासमझ, भोला (3)
16. दक्ष प्रजापति की पुत्री जो कामदेव का ब्याही थी (2)
17. भगवान श्रीकृष्ण के नामों में से एक (3)
19. एक स्वीकृति सूचक शब्द (1)
20. दर, निर्ख (2)
21. छुटकारा, मुक्ति (3)
22. मस्तक, माथा (3)

**ऊपर से नीचे**

1. भाग्य का सितारा उदित होना, भाग्योदय होना (5)
2. रक्त वाहिनी नली, नस (2)
3. यह गोविंदा की पहली फिल्म थी (1986)(5)
4. वाराणसी से करीब 6 किमी स्थित बौद्धों का प्रसिद्ध तीर्थस्थान जिसे प्राचीनकाल में सारंगनाथ भी कहते थे (4)
6. रगड़ या पीस कर टुकडें करवाना (4)
5. भारतीय आर्यो के सर्वप्रथम एवं सर्वमान्य धार्मिक ग्रंथ (2)
8. चैत्र माह का प्रसिद्ध अन्न (2)
12. भरण-पोषण, पालन, देख-रेख (5)
13. कितने, कई एक, कुछ (2)
15. टहलनी, दास वर्ग की स्त्री (2)
17. मल्लाह, नाविक, नाव चलाने वाला (2)
18. तेजस्वी, इबालमंद (3)
20. महराणा प्रताप का शस्त्र, नेरछा (2)

### वर्ग पहेली 5306 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ल | लि | ता | पं | वा | र | | |
| की | | र | | ता | मी | ल | |
| र | सि | क | | य | | प | ना |
| का | या | | स | न | म | क | दा |
| फ | र | मा | न | | यू | ना | न |
| की | | स | म | | र | | |
| र | वि | | | का | | सो | म |
| | प्र | ग | ति | शी | ल | | ठ |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/3009**

## संक्षिप्त समाचार

### मोदीडीह कोलडंप झड़प में विधायक ढुलू महतो सहित 107 पर केस

**धनबाद/कतरास, एजेंसी।** जोगता थाना क्षेत्र के मोदीडीह (तेतुलमुड़ी) कोल डंप पर शुक्रवार को हुई हिंसक झड़प के मामले में पुलिस ने 107 नामजद सहित 250 से अधिक अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। इस घटना में बाघमारा विधायक ढुलू महतो, झामुमो नेता हरेंद्र चौहान व कांग्रेस नेता राजकुमार महतो सहित अन्य को आरोपी बनाया गया है। तेतुलमारी थाना क्षेत्र के वेस्ट मोदीडीह चार नंबर निवासी गोलू शर्मा उर्फ रोहित शर्मा उर्फ रोहित यादव व लोयाबाद थाना क्षेत्र के बांसजोड़ा निवासी मनोज कुमार को हिरासत में लेकर शनिवार को न्यायालय में प्रस्तुत करने के बाद जेल भेज दिया गया। जोगता पुलिस ने प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट बबलू दास की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की है, जिसमें रवि भुईया, हरेंद्र चौहान, धीरज कुमार, अनुज कुमार सिन्हा, छोटू चौहान, बादल कुमार, राजू चौहान, राजा राम यादव, प्रकाश वर्मा, नागराज पासवान, गणेश यादव, छोटू रवानी, गोविंद चौहान उर्फ बुंदा, रीता देवी, सपना देवी समेत 50 नामजद सहित 250 अज्ञात के खिलाफ हवाई फाइरिंग, बम ब्लास्ट, वाहन क्षतिग्रस्त कर देने की शिकायत पर विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज हुई है। एसएसपी हृदीप पी जनार्दनन ने बताया कि मामले की जांच के लिए ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी की अगुवाई में एसआईटी गठित की गई है। वीडियो और फोटो से आरोपियों को चिह्नित किया जा रहा है। पुलिस ने अलग से 40 लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की है। मजदूर नहीं बल्कि किराए पर बुलाए गुंडे इस घटना के पीछे हैं। किसी को नहीं छोड़ेंगे। सूची बन रही है, जिनका नाम तीन घटनाओं में होगा, उनके खिलाफ सीसीए लगाएंगे।

### रिश्तेदार के घर जाने की बात कहकर निकली वृद्धा का शव तालाब से बरामद, जांच में जुटी

**जमशेदपुर , एजेंसी।** जमशेदपुर के बिष्टुपुर थाना अंतर्गत धातकीडीह तालाब में शनिवार सुबह एक शव मिलने से हड़कंप मच गया। सुबह टहलने गए लोगों ने शव को पानी में देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी। इधर, सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय गोताखोरों की मदद से शव को तालाब से बाहर निकलवाया। तालाब किनारे से वृद्धा की चप्पल भी बरामद की गई। मृतक की पहचान 60 वर्षीय नौशाबा परवीन के रुप में की गई। नौशाबा कपाली के ताजनगर की रहने वाली थी। पुलिस ने नौशाबा के परिजनों को इसकी जानकारी दी और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों के अनुसार वे लोग पूर्व में धातकीडीह में ही रहते थे। बाद में कपाली में अपना घर बनावाकर रहने लगे। शुक्रवार दोपहर नौशाबा घर से यह कहकर निकली की वह रिश्तेदारों से मिलने जा रही है। इसके बाद वह वापस नहीं लौटी। रात होने पर रिश्तेदारों से जानकारी ली पर किसी को नौशाबा के बारे में नहीं पता था। पुलिस ने सुबह शव मिलने की सूचना दी। जाकर देखा तो वह शव नौशाबा का था। फिलहाल पुलिस आस्वाभाविक मौत का मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

### होली पर बनारस से रांची की इन ट्रेनों में हो रही तेजी से बुकिंग

**रांची, एजेंसी।** होली के मौके पर ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ काफी बढ़ जाती है। इस दौरान दूसरे शहरों में रहकर काम करने या पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को घर लौटना होता है। ऐसे में ट्रेन में सीट को लेकर मारामारी रहती है। होली इस बार 25 मार्च को है इसलिए अधिकतर लोगों के घर लौटने का सिलसिला 18 या 19 मार्च से ही शुरू हो जाएगा। यात्रियों की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए हम आज आपको बनारस से चलकर रांची जाने वाली ट्रेनों की ताजा स्थिति के बारे में बताने जा रहे हैं ताकि आप अपनी सहूलियत के हिसाब से सफर का प्लान बना सके। त्योहारी सीजन में ट्रेनों में रिजर्वेशन का मिलना किसी चुनौती से कम नहीं है। ऊपर से बनारस को रांची से जोड़ने वाली सीधी ट्रेनों की संख्या भी सीमित है। ऐसे में वक्त रहते ही बुकिंग कर लेने में समझदारी है। एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से ली गई जानकारी के मुताबिक, बनारस से रांची जाने वाली ट्रेनों में भी अभी वेटिंग लिस्ट के तहत रिजर्वेशन हो रहा है, लेकिन राहत की बात यह है कि कुछ ट्रेनों में अभी भी सीटें खाली हैं। ऐसे में इनमें फटाफट बुकिंग करा लीजिए।

**तब मुआवजा देने आया था, आज पुल देने आया हूं,**

# सीएम चम्पाई सोरेन ने जामताड़ा में भाजपा की गारंटी पर बोला हमला



**जमताड़ा, एजेंसी।** भाजपा ने झूठ बोलने वालों के लिए स्कूल खोल रखा है। इस स्कूल से पढ़कर निकलने वाले झूठों की फौज भाजपा में भरी पड़ी है। गारंटी-गारंटी बोलकर ये लोग जनता गुमराह करने का काम कर रहे हैं।

दो साल पहले इसी जमीन पर नौका हादसे में मरने वाले 14 लोगों को मुआवजा देने आया था। तब हेमंत सरकार की पहल पर मैंने ही यहां पुल निर्माण का वादा यहां की जनता से किया था। तब मुआवजा देने आया था और आज मैं यहां की जनता को पुल देने आया हूं।

ये बातें सीएम चम्पाई सोरेन ने जामताड़ा के वीरगांव में आयोजित बरबेंदिया पुल निर्माण को लेकर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुई कही। सोरेन ने कहा कि इस फोरलेन पुल का निर्माण 263.88 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है। इसके बन जाने मात्र से जामताड़ा समेत संताल परगना के ज्यादातर जिलों की दूरी धनबाद, बोकारो व राजधानी रांची से तकरीबन 40 किमी हो जाएगी।

यह इंडस्ट्रियल कोरिडोर के रूप में विकसित होगा और इसी पहुंच सीधे साहिबगंज हाईवे के रास्ते वहां गंगा पर बन रहे पुल तक कोसी सीमांचल तक हो जाएगी। यह पुल संताल परगना का सबसे बड़ा पुल होगा।सीएम सोरेन भाजपा के पिछले 18 साल के कार्यकाल पर प्रश्न चिह्न लगाते हुए विपक्ष पर लगातार हमलावर रहे। चम्पाई ने कहा भाजपाइयों ने प्रदेश की ऐसी विरासत हमारे हाथों में छोड़ी कि कोरोना काल में अस्पतालों में वेंटिलेटर तक मौजूद नहीं थे। वही भाजपाई आज हमारी सरकार से विकास की बातें पूछ रहे।उन्होंने भजापइयों पर निशाना साधते हुए कहा डबल इंजन की सरकार ने पहले ही यहां की खनिज संपदाओं को लूटने का काम किया है। अब कानून बदलकर ये यहां की खदानों को बाहरी लोगों के हाथों बेचने की तैयारी में है। इसलिए अभी से जनता सचेत हो जाए। वरना ये भाजपा वाले पूरे प्रदेश को बेच देंगे।यहां के लोगों का दुर्भाग्य ही कहें कि यहां की जमीन तो अमीर है, लेकिन यहां के लोग अब तक गरीबी में जी रहे हैं। यहां की पूर्ववर्ती सरकारों ने यहां के आदिवासी और मूलवासी का दर्द समझने का काम कभी नहीं किया। सिर्फ विकास का सपना दिखाकर खनिज संपदा को लूटने का काम किया है। केंद्र की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए चम्पाई ने कहा कि हमारी गठबंधन की सरकार बनने के बाद से लगातार इसे अस्थिर करने की साजिश चलती रही। भाजपा वाले सरकार के विकास के कार्यों को पचा नहीं पा रहे थे। ऐसे में सोची-समझी साजिश के तहत हेमंत बाबू के पीछे केंद्रीय जांच एजेंसियों को लगा दिया और उन्हें जेल की यात्रा करवा दी।सीएम ने कहा डबल इंजन की सरकार ने अपने कार्यकाल के दौरान 5000 सरकारी स्कूलों को बंद करने का काम किया। लेकिन हेमंत के कार्यकाल सरकारी स्कूलों को मॉडल स्कूल के तौर पर विकसित किया गया है। प्रदेशभर में अभी और 325 माडल स्कूल बनाए जा रहे हैं।सात ही गुरुजी क्रेडिट कार्ड के तहत गरीब बच्चों को उच्च शिक्षा देने का काम किया जा रहा है। इतना ही नहीं 30 लाख परिवारों को अब बिजली नहीं देना नहीं पड़ेगा। इन लाभुकों को 125 यूनिट बिजली हर महीने मुफ्त में दी जा रही है।सोरेन ने कहा हेमंत सोरेन को साजिश के तहत जेल भेजने वाले भाजपाइयों को आने वाले लोकसभा चुनावों में 14 में से एक भी सीट नहीं जीतने देंगे। इस दौरान सीएम में 48 करोड़ की अन्य छह योजनाओं और लाभुकों के बीच परिसंपत्तियो का भी बंटवारा किया।

## सलगाझुड़ी में बिरसा मुंडा मूर्ति का अनावरण



**जमशेदपुर, एजेंसी।** बिरसा मुंडा आदिवासी कल्याण ट्रस्ट के प्रयास से आदिवासी कला केंद्र स्थल सालगाझुड़ी में भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति का अनावरण रविवार को हुआ। जिला परिषद की अध्यक्ष बारी मुर्मू, जिला परिषद के उपाध्यक्ष, पंकज सिन्हा, भाजपा के जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा, सांसद प्रतिनिधि संजीव कुमार, जिला परिषद के पूर्व सदस्य गणेश सोलंकी, गोविंदपुर मंडल भाजपा के अध्यक्ष पवन सिंह ने संयुक्त रूप से रविवार को मूर्ति का अनावरण किया। इसके बाद अतिथियों ने आदिवासी कला संस्कृति प्रशिक्षण अखड़ा का शिलान्यास किया।इस अवसर पर अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि बिरसा मुंडा आदिवासी कल्याण ट्रस्ट को सामाजिक कार्यों के लिए हर संभव मदद की जाएगी। अतिथियों ने कहा कि इस क्षेत्र में आदिवासी कला एवं सांस्कृतिक भवन बन जाने से क्षेत्र की लगभग 15 पंचायतों के आदिवासियों को इसका लाभ मिलेगा। यही नहीं, विलुप्त होती आदिवासी पारंपरिक कला संस्कृत को बचाए रखने में लाभकारी साबित होगा। उल्लेखनीय है कि आदिवासी कल्याण मंत्रालय भारत सरकार की ओर से आदिवासी सांस्कृतिक एवं कला केंद्र भवन निर्माण के लिए डीपीआर तैयार हो गया है और जल्द ही भवन निर्माण का कार्य प्रारंभ होगा।मूर्ति अनावरण में मुख्य भूमिका ट्रस्ट के अध्यक्ष राम सिंह मुंडा, संरक्षक प्रभु राम मुंडा, अवधेश सिंह, परमानंद सिंह, राम मुखी, सचिव प्रकाश सांडील, उपाध्यक्ष बबलू करवा, उपाध्यक्ष रूद्र मुंडा, गोविंदपुर के मुखिया रणजीत सिंह, सह सचिव जुझार हो, अजय सिंह, काजू सांडील, मजिस्टर शर्मा ने निभाई। धन्यवाद ज्ञापन ट्रस्ट के सचिन प्रकाश व दिलीप सिंह सांडील ने किया।

# चूक गया धनबाद, चुनाव बाद नई ट्रेन की राह में कांटे ही कांटे

**धनबाद, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी ट्रेन वंदे भारत से धनबाद के लोग महरूम रह गए। 12 मार्च को रांची से चलने वाली रांची-वाराणसी वंदे भारत ट्रेन का ठहराव नहीं रहने के कारण धूल उड़ाते हुए गोमो स्टेशन से निकल जाएगी। जबकि गोमो स्टेशन पर राजधानी और तेजस जैसी ट्रेनें रुकती हैं। कुल मिलाकर धनबाद स्टेशन तो क्या, धनबाद जिले के किसी भी स्टेशन को वंदे भारत का लाभ नहीं मिल सकेगा। विशेषज्ञों की मानें तो लोकसभा चुनाव के बावजूद धनबाद चूक गया, अब चुनाव बाद धनबाद स्टेशन से नई ट्रेन चलने की राह में कांटे ही कांटे नजर आ रहे हैं।

धनबाद होकर वंदे भारत ट्रेन चलने का सपना अधूरा ही रह गया। दो वर्ष पूर्व जिस समय वंदे भारत ट्रेन की परिकल्पना की गई थी, उसी समय से धनबाद इस प्रीमियर ट्रेन की बाट जोह रहा था। वास्तविकता यह है कि धनबाद स्टेशन को हाल के वर्षों में प्रीमियर ट्रेन तो दूर नई लोकल पैसेंजर ट्रेन तक नहीं मिली।

शुरुआती दौर में धनबाद होकर हावड़ा-नई दिल्ली रूट पर वंदे भारत ट्रेन चलाने का मसौदा तैयार किया गया, परंतु इस रूट पर वंदे भारत चली ही नहीं। बाद में धनबाद होकर रांची-हावड़ा शताब्दी एक्सप्रेस की रूट पर वंदे भारत ट्रेन चलाने की योजना बनी। धनबाद होकर संभावित टाइम टेबल भी तैयार कर लिया गया था, लेकिन जब ट्रेन चलाने की बारी आई तो इसे पुरुलिया-टाटानगर होकर दौड़ा दिया। यही हाल रांची-पटना वंदे भारत का हुआ।

**धनबाद को कुछ नया नहीं मिला, धनबाद ने सिर्फ खोया :** धनबाद स्टेशन को कोई नई ट्रेन तो नहीं मिली, लेकिन कुछ पुरानी ट्रेन जरूर छीन ली गई। डीसी लाइन बंदी व कोरोना से पूर्व धनबाद व कटिहार होकर रांची-न्यू जलपाईगुड़ी ट्रेन चलती थी। रांची से हावड़ा के बीच धनबाद होकर सप्ताह में तीन दिन इंटरसिटी भी चलती थी। कोरोना काल के बाद ट्रेनें पटरी पर लौटीं तो रेलवे ने इन दोनों ट्रेनों को धनबाद से छीन लिया। इसी तरह धनबाद से भुवनेश्वर के बीच गरीब रथ ट्रेन चलती थी। इससे लोग किफायती सफर कर पाते थे, लेकिन गरीब रथ छीन कर रेलवे ने धनबाद-भुवनेश्वर स्पेशल चला दिया। स्पेशल होने के कारण इस ट्रेन में किराया अधिक वसूला जा रहा है। हावड़ा-नई दिल्ली दूरंतो एक्सप्रेस को धनबाद पहले ही गवां चुका है।

धनबाद के लोग दो दशकों से धनबाद स्टेशन से दिल्ली के लिए सीधी ट्रेन मांग रहे हैं। 20 वर्षों में धनबाद ने कई सरकारें देखीं। लेकिन किसी सरकार ने धनबाद को दिल्ली की ट्रेन नहीं दी। हर वर्ष संसदीय समिति की बैठक धनबाद में होती है। बैठक में लंबी-चौड़ी मांगें लेकर इसे पूरा करने का भरोसा दिया जाता है। परंतु ये मांगें धनबाद से ईसीआर मुख्यालय हाजीपुर होते हुए दिल्ली की दरबार पहुंचते-पहुंचते दम तोड़ देती हैं।

# महत्वपूर्ण कमेटियों में अपनों को जगह दिलाने के लिए चल रही खींचतान

**जमशेदपुर, एजेंसी।** टाटा स्टील व टाटा वर्कर्स यूनियन की संयुक्त महत्वपूर्ण कमेटियों में अपनों को जगह दिलाने के लिए यूनियन के टॉप थ्री में रस्साकशी चल रही है। यूनियन के अधिकारी अधिक से अधिक अपने लोगों को अहम कमेटियों में जगह दिलाने की लॉबिंग कर रहे हैं। हर नेता अपने लोगों को महत्वपूर्ण कमेटियों में जगह के लिए जुगत लगा रहा है। ऐसे में कमेटियों के लिए आम सहमति बनाना आसान नहीं होगा। इस बीच, देश के वर्तमान राजनैतिक माहौल की तरह यूनियन में भी सामाजिक न्याय के फार्मूले से हिस्सेदारी की बात कही जा रही है। हालांकि यूनियन अध्यक्ष संजीव कुमार चौधरी निजी कारणों से अभी शहर से बाहर हैं और उनके शहर आने पर ही इस पर अंतिम फैसला होने की बात कही जा रही है।

अध्यक्ष की अनुपस्थिति में उनके खास रणनीतिकार अपने लोगों के साथ सूची बनाने में व्यस्त हैं। हालांकि यूनियन महामंत्री सतीश सिंह अभी इस मुद्दे पर चुप हैं और कर्मचारी हित का मुद्दा उठाने वाले अनुभवी के साथ नए कमेटी मेंबरों को मौका देने की बात कह रहे हैं। वहीं यूनियन के तीसरे मोर्चा के नेता नितेश राज मजदूर हित में वर्षों से काम कर रहे जानकार के साथ होनहार युवा कमेटी मेंबरों को मौका देने की मांग कर रहे हैं। इस खींचतान के कारण चुनाव होने के एक महीने से अधिक समय बीत जाने के बाद भी कमेटियों पर सहमति नहीं बन पा रही है। कमेटियों का गठन नहीं होने से कर्मचारी हित के सभी मुद्दे लंबित हैं। इस बीच, यूनियन के हर खेमे में रहकर अपना काम निकलवाने वाले कथित जानकार कमेटी मेंबर चुनाव में जीते 214 कमेटी मेंबरों की जाति के आधार पर कमेटियों में भागीदारी देने की बात कह रहे हैं।

वर्किंग टूगेदर कान्सेप्ट के तहत बनती हैं कमेटियां

टाटा स्टील में कंपनी स्थापना काल से ही यूनियन के साथ वर्किंग टूगेदर का कान्सेप्ट चलता है। इसके तहत कंपनी प्रबंधन व यूनियन नेताओं की संयुक्त कमेटी होती है, जो कर्मचारियों की क्वार्टर एलाटमेंट से लेकर उन्हें मिलने वाली हर सुविधा के साथ कर्मचारियों की विभागीय समस्या समेत शहर के डेवलपमेंट पर विचार विमर्श करती है। इस कमेटी में चर्चा और अनुशंसा के बाद ही प्रबंधन की ओर से इस दिशा में पहल की जाती है। वहीं कमेटी के लोगों को प्रबंधन की ओर से अपने खर्चे पर समय समय पर प्रशिक्षित करने के साथ देश-दुनिया सैर पर भेजा जाता है ताकि वहां की बेस्ट प्रैक्टिस को देखकर आएं और कंपनी के विकास में यहां कैसे लागू किया जा सकता है, इस पर अपनी राय दें।

# पुल निर्माण का श्रेय लेने के लिए बीजेपी और जेएमएम में छिड़ी जंग, दोनों पार्टियों ने किया अलग-अलग शिलान्यास



**मैथन (धनबाद), एजेंसी।** निरसा के बरबेंदिया पुल के शिलान्यास के नाम पर रविवार को जमकर राजनीति हुई। एक ही दिन में इस पुल का दो जगहों पर शिलान्यास किया गया। इस पुल के श्रेय लेने के लिए भाजपा व झामुमो में जुबानी जंग छिड़ गई। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने एक ओर जामताड़ा के वीर ग्राम फुटबाल मैदान के भव्य समारोह में 263.88 करोड़ की लागत से 2984 मीटर लंबा बरबेंदिया पुल का शिलान्यास किया तो दूसरी ओर भाजपा के धनबाद सांसद पीएन सिंह व विधायक अपर्णा सेनगुप्ता ने निरसा में अपने सैकड़ों कार्यकर्ताओं को जुटाकर बरबेंदिया पुल का शिलान्यास कर इसका श्रेय लेने की कोशिश की।

इस दौरान दोनों ओर से एक दूसरे पर कटाक्ष भी किए गए। जामताड़ा के समारोह में विधायक इरफान अंसारी ने सबसे पहले भाजपा व निरसा की विधायक अपर्णा सेनगुप्ता पर जमकर हमला बोला। कहा कि अपर्णा पुल के निर्माण को लेकर घड़याली आंसू बहा रही है।कहती है कि हमारे ही प्रयास से पुल बन रहा है। इसलिए शिलान्यास निरसा के बरबेंदिया में होना चाहिए। जबकि सच्चाई यह है कि भाजपा के राज्य में भी यह पुल ध्वस्त हुआ था और जामताड़ा के 14 लोगों की जान चली गई थी। इसमें कहीं न कहीं अपर्णा सेनगुप्ता भी जिम्मेवार हैं।

इस पुल के निर्माण में अपर्णा की कोई भूमिका नहीं है। वह सस्ती लोकप्रियता हासिल करने से बाज आएं, वरना जनता सुधार देगी। समारोह को संबोधित कर मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन और पथ निर्माण मंत्री बसंत सोरेन ने भी 2022 में बरबेंदिया के बराकर नदी में हुई नाव दुर्घटना में मारे गए लोगों का जिक्र कर भाजपा को आड़े हाथों लिया। साथ ही निरसा व जामताड़ा की जनता को अपने पक्ष में करने की कोशिश की।

कहा कि हमलोग इतना पड़ा पुल बना रहे हैं और भाजपा के लोग कहते हैं कि झारखंड में कोई विकास का काम नहीं हुआ। जबकि इस पुल के बना जाने के धनबाद व जामताड़ा के साथ-साथ पूरे संथालपरगना का विकास होगा। यह पुल राज्य के लिए लाइफ लाइन साबित होगा। लोगों के आवाजाही में आसानी होगी। रोजागर मिलेगा। शिक्षा का विकास होगा। मगर भाजपा को इससे कोई लेना देना नहीं है। उन्हें तो सिर्फ पुल निर्माण का श्रेय लेने से मतलब है।

इधर, निरसा में बरबेंदिया पुल का शिलान्यास कार्यक्रम में भाजपा सांसद पीएन सिंह व विधायक अपर्णा सेनगुप्ता ने कहा कि इस पुल के निर्माण कराने के लिए हमलोगों ने संसद से सदन तक आवाज बुलंद की। आंदोलन किया। इसके बावजूद इस पुल का शिलान्यास जमाताड़ा क्षेत्र में कर दिया गया। जबकि जामताड़ा के विधायक इरफान अंसारी ने इस पुल के निर्माण के लिए कभी भी न तो आंदोलन किया और न ही आवाज उठाई।इस पुल का शिलान्यास जामताड़ा क्षेत्र में कर मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने धनबाद व निरसा की जनता का अपमान करने का काम किया है। मुख्यमंत्री का यह कार्यक्रम सरकारी नहीं राजनीति से प्रेरित था।इसलिए समारोह में हमलोगों के साथ-साथ भाजपा के किसी भी सांसद व विधायक को नहीं बुलाया गया। वह भाजपा को इसका श्रेय नहीं देना चाहते हैं।

## रांची सांसद और कांके विधायक का गांव में प्रवेश वर्जित

**रांची , एजेंसी।** बुनियादी सुविधाओं एवं सड़क की समस्या से जूझ रहे बड़कामुरु के ग्रामीणों ने रविवार को सांसद, विधायक के प्रति विरोध-प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि बार-बार संज्ञान में देने के बाद भी सांसद, विधायक क्षेत्र के प्रति उदासीन हैं।

ग्रामीण बड़कामुरू से उमेडंडा मुख्यपथ, बड़कामुरू से ईचापीरी मुख्य सड़क की जर्जर हालत, बड़कामुरू से सोसई की कच्ची सड़क और बड़कामुरू बस्ती की खराब सड़क की स्थिति को देखते हुए ग्रामीणों ने विरोध कर सांसद संजय सेठ और विधायक समरी लाल का गांव में प्रवेश वर्जित करने का निर्णय लिया है। ग्रामीणों का कहना है कि सांसद-विधायक बड़कामुरू गांव के विकास के प्रति उदासीन है और जब तक गांव में सड़क का निर्माण नहीं होता है तब तक इनका हमारे गांव में प्रवेश वर्जित रहेगा। मौके पर दारा सिंह, मुनेश्वर सिंह, कीर्तन साहू सहवीर मुंडा, छोटे साहू, हरिदास लोहार, आयुष सिंह, आदर्श देवलाल महतो, विकास सिंह, भलतु मुंडा, नीरज साहू, रीतलाल मुंडा, नीरज कुमार दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## बलियापुर के नाजिर ने किया 50 लाख का गबन, थाने में शिकायत

**जमशेदपुर/ बलियापुर, एजेंसी।** बलियापुर प्रखंड कार्यालय नजारत से 50 लाख रुपए की सरकारी राशि के गबन का मामला रविवार को सामने आया। आरोप प्रभारी नाजिर सह उर्दू सहायक खलील अहमद पर लगा है। बीडीओ राजेश कुमार सिन्हा ने इस मामले में प्रखंड कार्यालय में नियुक्त प्रभारी नाजिर के खिलाफ 50 लाख रुपए सरकारी राशि के गबन का आरोप लगाते हुए थाना में शिकायत की है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

शिकायत के साथ बीडीओ ने 25 पन्नों की जांच रिपोर्ट भी संलग्न किया है। बीडीओ का कहना है कि 20 जनवरी 2024 को कार्यालय कर्मी सव्यसाची गुप्ता व नलिन कुमार गुप्ता की मौजूदगी में नजारत का निरीक्षण किया गया था। 2020 से नजारत में संधारित कैशबुक संचिका, चेक पंजी, विपत्र, अभिश्रव (वाउचर) आदि की जांच की गई। जांच के दौरान प्रथमदृष्टया ही बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितता की बात सामने आई। जांच में नाजिर के कोषागार व चेक से 21 लाख 32 हजार 419 रुपए की निकासी में फर्जी वाउचर का उपयोग किए जाने का मामला भी सामने आया।

फर्जी वाउचर के आधार पर भुगतान में पकड़ी गड़बड़ी

बीडीओ की रिपोर्ट में बताया गया है कि फर्जी वाउचरों के आधार पर कई दुकानों व व्यक्तियों को बड़े पैमाने पर सरकारी राशि का भुगतान किया गया। बीडीओ का कहना है कि चार वर्षों में नाजिर ने 50 लाख रुपए की सरकारी राशि का गबन किया।

# अब रांची से वाराणसी तक दौड़ेगी वंदेभारत ट्रेन, हफ्ते में कितने दिन चलेगी

**रांची, एजेंसी।** रांची से वाराणसी तक चलने वाली वंदेभारत एक्सप्रेस ट्रेन का शुभारंभ मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये करेंगे। रांची स्टेशन से इस ट्रेन को सुबह आठ बजे राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन व सांसद संजय सेठ हरी झंडी दिखाएंगे। रांची रेलमंडल से चलने वाली यह तीसरी वंदेभारत ट्रेन है। यह जानकारी रविवार को प्रेसवार्ता में रांची रेलमंडल के डीआरएम जसमीत सिंह बिंद्रा ने दी।

उन्होंने बताया कि रांची से ट्रेन सुबह बजकर 10 मिनट पर रवाना होकर दोपहर एक बजे वाराणसी पहुंचेगी। वाराणसी से शाम चार बजकर पांच मिनट पर खुलकर रात 11 बजकर 55 मिनट पर रांची रेलवे स्टेशन पर पहुंचेगी। आठ कोच वाली इस वंदेभारत एक्सप्रेस ट्रेन में 530 सीट है। वंदेभारत ट्रेन रांची से वाराणसी तक का सफर सात घंटे 50 मिनट में तय करेगी। यह सप्ताह में छह दिन चलेगी। हालांकि ट्रेन का कब से नियमित परिचालन होगा, यह जानकारी रेलवे मुख्यालय ने नहीं दी है।

वहीं, दूसरी ओर रविवार को ही रांची रेलवे स्टेशन से बोकारो स्टील सिटी रेलवे स्टेशन तक वंदेभारत एक्सप्रेस ट्रेन का ट्रायल किया गया, जो पूरी तरह सफल रहा। इस अवसर पर एडीआरएम मनीष कुमार, सीनियर डीसीएम निशांत कुमार, डिप्टी सीई एनके मीणा, गुरमीत सिंह, चंदन सिंह, कलावंती सिंह सहित रेलवे के अन्य अधिकारी मौजूद थे।



**वाराणसी वंदेभारत को हफ्ते में तीन दिन टोरी होकर चलाने की मांग :** रांची-वाराणसी वंदेभारत ट्रेन को हफ्ते में तीन दिन लोहरदगा-टोरी होकर चलाने की मांग की गई। इसके लिए जोनरल रेलवे उपभोक्ता सलाहकार समिति के सदस्य अरुण जोशी ने रेलमंत्री को पत्र भेजा है। कहा है कि ट्रेन के इस रूट से चलाने पर 680 करोड़ रुपये की लागत से बने रांची-लोहरदगा-टोरी लाइन व लोहरदगा-पलामू के लोगों को लाभ मिल पाएगा।

**रांची-न्यू गिरीडीह का आसनसोल तक विस्तार :** विस्टाडोम कोच वाली रांची-न्यू गिरीडीह एक्सप्रेस का आसनसोल तक विस्तार हुआ है। ट्रेन 12 से सुबह 410 बजे आसनसोल से प्रस्थान कर दोपहर दो बजे हटिया पहुंचेगी। हटिया से दोपहर 3 बजे खुलकर आसनसोल रात 1140 बजे पहुंचेगी। ट्रेन चितरंजन, जामताड़ा, मधुपुर, न्यू गिरीडीह, मधुपुर, न्यू गिरीडीह, जमुआ, धनवार, नवाडीह, महेशपुर, कोडरमा, बरही, हजारीबाग, बड़काकाना, मेसरा, टाटीसिलवे होते हुए रांची होकर चलेगी। इसके अलावा पुरी-अयोध्या-पुरी एक्सप्रेस का ठहराव मुरी स्टेशन पर होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### किड्ज़ी आशिमा आर्यन विंग्स वार्षिकोत्सव समारोह महामाया गार्डन में धूमधाम से मनाया गया

**भोपाल।** किड्ज़ी आशिमा आर्यन विंग्स होशंगाबाद रोड का वार्षिकोत्सव समारोह दिनांक 10 मार्च को शाम पांच बजे से होशंगाबाद रोड स्थित महामाया गार्डन में धूमधाम से मनाया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती कृष्णा गौर राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार उपस्थित हुईं। विशिष्ट अतिथि श्री नवीन पुरोहित पुरोहित चैनल हेड आई एन डी 24,डा. राममनोहर तिवारी पूर्व प्राचार्य शासकीय डिग्री कालेज नर्मदा पुरम श्री प्रशांत तिवारी, श्रीमती वन्दना तिवारी व्याख्याता शासकीय डिग्री कालेज नर्मदा पुरम सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे ग्रेजुएशन सेरेमनी एण्ड अवार्ड फंक्शन में ग्रेजुएट यूनीफोर्म में जैसे ही, नन्हें-मुन्हें छात्र/छात्राऐं मंच पर पहुंचे तो वहां उपस्थित सभी लोगों ने तालियां बजाकर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति (हमारा भारत हमारी संस्कृति) पर आधारित थी ।भव्य कार्यक्रम देखकर उपस्थित लोग अभिभूत हो गये। कार्यक्रम के अन्त में सभी छात्र - छात्राओं को को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम की सभी लोगों ने भूरि भूरि प्रशंसा की।

### गोलियों की तड़ताड़हट से दहला नोएडा, पुलिस और ठक-ठक गैंग के बीच हुई मठभेड़

**नईदिल्ली, एजेंसी।** नोएडा सोमवार की जहग गोलियों की तड़तड़ाहट से कांप उठा। यहां पुलिस कुख्यात अंतरराज्यीय ठक-ठक गैंग के सदस्यों के बीच मुठभेड़ हुई है। सहायक पुलिस उपायुक्त (एडीसीपी) मनीष कुमार ने बताया कि पुलिस को सेक्टर 113 में दो संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिए। पुलिस को शक था कि वह ठक-ठक गैंग के सदस्य हो सकते हैं। इसके बाद अचानक म मठभेड़ शुरू हो गई। मनीष कुमार के मुतबाकि पुलिस ने दोनों सदस्यों को देखा और उन्हें रोकने की कोशिश की। इससे आरोपियों ने घबराकर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की जिसमें एक आऱोपी घायल हो गया। पुलिस ने आरोपियों के पास से कई लैपटॉप और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। मोटरसाइकिल दिल्ली से चोरी की ग थी। दोनों आरोपियों की पहचान मदन और अभिषेक के रूप में हुई है जो ठक-ठक गैंग का हिस्सा थे। इसके अलावा एक तमंचा भी बरामद किया गया है। बता दें, ठक-ठक गैंग दिल्ली एनसीआर में एक्टिव है और लूटपाट और चोरी की वारदातों को अंजाम देता है। वो लोगों का ध्यान अलग-अलग चीजों में भटकाकर उनके नाक के नीचे से सामना लेकर फरार हो जाता है। कई बार ये गैंग गाड़ी में खराबी आने का बहाना बनाता है तो कभी चोट लगने का बहाना बनाकर लोगों का ध्यान भटकाता है। फिर जैसे ही लोगों का ध्यान इधर-उधर होता है ये गैंग तुरंत उनके कीमती सामान लेकर फरार हो जाता है।

### होली से पहले यूपी के 18 लाख कर्मचारियों को योगी सरकार का बड़ा तोहफा

**लखनउ, एजेंसी।** होली से पहले योगी आदित्यनाथ ने यूपी के कर्मचारियों और पेंशनरों को बड़ा तोहफा दिया है। सरकार ने इनका महंगाई भत्ता 4 फीसदी बढ़ा दिया है। जनवरी 2024 से बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता लागू होगा। योगी सरकार के इस फैसले से 10 लाख राज्य कर्मचारियों और आठ लाख शिक्षकों को लाभ मिलेगा। जल्द ही इसका औपचारिक आदेश जारी हो जाने की संभावना है। योगी सरकार ने 12 लाख पेंशनरों को भी महंगाई भत्ते में चार फीसदी बढ़ोत्तरी का लाभ देने का फैसला किया है। चार फीसदी बढ़ोत्तरी के साथ डीए 50 फीसदी हो जाएगा। इससे कर्मचारियों की सैलरी बढ़ जाएगी। बताया जा रहा है कि इस बढ़ोत्तरी से राज्य के खजाने पर करीब 314 करोड़ रुपए का अतिरिक्त भार आएगा। मिली जानकारी के अनुसार यूपी सरकार के वित्त विभाग ने डीए बढ़ोत्तरी को स्वीकृति दे दी है। जल्द ही इस सम्बन्ध में औपचारिक आदेश जारी हो जाएगा। माना जा रहा है कि होली के पहले कर्मचारियों, शिक्षकों और पेंशनरों को बढ़े हुए डीए के साथ ये सौगात मिल सकती है। बता दें कि केंद्र सरकार ने हाल ही में केंद्रीय कर्मचारियों का डीए चार फीसदी बढ़ा दिया था। केंद्र सरकार की घोषणा के बाद से ही उम्मीद जताई जा रही थी कि राज्य सरकार भी जल्द ही कर्मचारियों के डीए में बढ़ोत्तरी कर सकती है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विभिन्न विभागों के अन्तर्गत चयनित 84 अभ्यर्थियों को वितरित किये नियुक्ति पत्र

# युवा जितनी ईमानदारी, लगन और मेहनत से काम करेंगे, आगे की राह उतनी ही सुगम और सरल होगी : मुख्यमंत्री



**बोले सीएम :**

- खेल की दुनिया में जो भी युवा उत्तराखंड का नाम रोशन करेंगे, उन्हें प्रोत्साहित किया जायेगा
- खिलाड़ियों को खेलों में प्रतिभाग करने के लिए उपलब्ध कराई जा रही हैं, हर प्रकार की सुविधायें

निज संवाददाता

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को मुख्य सेवक सदन में खेल नीति-2021 के अंतर्गत विभिन्न पदों पर चयनित राज्य के 31 विशिष्ट खिलाड़ियों को खेल विभाग, गृह विभाग, युवा कल्याण एवं वन विभाग में आउट ऑफ टर्न सेवायोजन, परिवहन विभाग में 25 कनिष्ठ सहायकों तथा उद्यान विभाग में 28 सहायक लेखाकारों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये। इस प्रकार कुल 84 अभ्यर्थियों को मुख्यमंत्री ने नियक्ति पत्र वितरित किये। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में सभी अभ्यर्थियों को बधाई एंव शुभकामनाएं देते हुये कहा कि आपने यह सफलता कड़ी मेहनत व परिश्रम से हासिल की है। उन्होंने चयनित अभ्यर्थियों से अपेक्षा की कि वे अपने दायित्व का संवेदनशीलता, जिम्मेदारी और जवाबदेही के साथ निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि आप जितनी ईमानदारी, लगन और मेहनत से काम करेंगे, आपके आगे की राह उतनी ही सुगम और सरल होगी। मुख्यमंत्री ने खेल नीति 2021 का उल्लेख करते हुये कहा कि इसके तहत हमने अन्तर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय खेलों में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को आउट ऑफ टर्न सरकारी नौकरी देने का जो वादा किया था, उसे हम आज धरातल पर उतरते हुए देख रहे हैं। उन्होने कहा कि हमने तय किया है कि जो भी युवा खेल की दुनिया में उत्तराखंड का नाम रोशन करेंगे, उन्हें प्रोत्साहित किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेलों के साथ ही खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय खेलों में प्रतिभाग करने के लिए तमाम सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं तथा सरकार खिलााड़ियों को प्रोत्साहित करने और उन्हें उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित करके, खिलाड़ियों का मनोबल निरन्तर बढ़ा रही है।

उन्होंने आउट ऑफ टर्न नियुक्त प्रक्रिया का जिक्र करते हुये कहा कि यह प्रक्रिया सभी अन्तर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय पदक विजेताओं के लिए संजीवनी का कार्य करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उद्यान, परिवहन विभाग की तरह ही विगत माहों में प्रतिदिन युवाओं को विभिन्न विभागों के अन्तर्गत नियुक्ति पत्र देने का सिलसिला जारी है। उन्होंने कहा कि हमने संकल्प लिया है कि देवभूमि के मेहनती युवाओं को हर हाल में पूरी पारदर्शिता के साथ रोजगार उपलब्ध कराएंगे। इस संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाने में हम कामयाब हुये हैं तथा नकल माफियाओं को नकल विरोधी सख्त कानून बनाकर सलाखों के पीछे भेजा है। उन्होंने कहा कि हमने महज तीन माह में ही लगभग पांच हजार युवाओं को नर्सिंग अधिकारी, वन आरक्षी, सहायक लेखाकार, डिप्टी जेलर व बन्दी रक्षक, ग्राम विकास अधिकारी आदि के पदों पर नियुक्ति पत्र प्रदान कर रोजगार उपलब्ध कराया है तथा ढाई साल की बात की जाये तो रोजगार उपलब्ध कराने का यह आंकड़ा 20 हजार से भी अधिक है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उल्लेख करते हुये कहा कि उनके नेतृत्व में देश में रोजगार के अभूतपूर्व अवसर उपलब्ध हो रहे हैं तथा रोजगार देने का इतना बड़ा अभियान आज तक देश के इतिहास में नहीं चलाया गया है। उन्होंने कहा कि पदों को भरने की जो पहल हमने की है, यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में हमने युवाओं को सरकारी क्षेत्र में रोजगार देने के साथ-साथ स्वरोजगार के क्षेत्र में भी आगे बढ़ाने का बीड़ा उठाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने प्रयाग पोर्टल और युवा उत्तराखंड एप लांच किया है, जिसमें युवा रोजगार के साथ ही स्वरोजगार के लिए रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। इसके साथ ही होम स्टे, मौन पालन के साथ ही अन्य क्षेत्रों में युवाओं को स्वरोजगार के लिए ऋण भी उपलब्ध करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विकल्प रहित संकल्प के मंत्र के साथ हम उत्तराखंड को देश का श्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए निरन्तर कार्य कर रहे हैं तथा आप लोगों को नियुक्ति पत्र देना भी हमारे संकल्प का हिस्सा है। कार्यक्रम को कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी तथा रेखा आर्य ने भी सम्बोधित करते हुये, सरकार की उपलब्धियों पर विस्तृत प्रकाश डाला तथा चयनित अभ्यर्थियों को बधाई व शुभकामनायें दी। इस अवसर पर मा0 विधायकगण, प्रमुख सचिव आर. के. सुधांशु, डी.जी.पी. अभिनव कुमार, सचिव परिवहन अरविन्द सिंह ह्यांकी, महानिदेशक कृषि व उद्यान डॉ. रणवीर सिंह चैहान, ए.डी.जी. अमित सिन्हा, अपर निदेशक उद्यान डॉ0 आर0के0 सिंह, वन विभाग के अधिकारीगण सहित संबंधित पदाधिकारी एवं अधिकारीगण उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में की सी.एम हेल्पलाईन 1905 की समीक्षा

## सीएम पुष्कर सिंह धामी ने बैठक के दौरान विभिन्न शिकायतकर्ताओं से वार्ता कर उनकी समस्याएं सुनी

**बोले सीएम :**

- सीएम हेल्पलाइन का मकसद जनता को सहूलियत पहुंचाना है
- दीर्घकालीन/ तकनीकि समस्याओं को लंबित रखने की आदत छोड़ समस्याओं के शीघ्र समाधान पर हो कार्य
- समस्याओं के शीघ्र समाधान पर शिकायतकर्ता भावना फुलारा, सर्वेश शर्मा सुखजीवन सिंह ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

विशेष संवाददाता



**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को सचिवालय में सी.एम हेल्पलाईन 1905 की समीक्षा बैठक ली। मुख्यमंत्री ने बैठक के दौरान विभिन्न शिकायतकर्ताओं से वार्ता कर उनकी समस्याएं सुनी एवं सीएम हेल्पलाईन के संबंध में फीडबैक लिया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन 1905 में आने वाली शिकायतों को शीर्ष प्राथमिकता से लें। साथ ही सीएम हेल्पलाइन 1905 को और अधिक प्रभावी बनाए जाने पर कार्य हो। उन्होंने कहा सीएम हेल्पलाइन का मकसद जनता को सहूलियत पहुंचाना है। शिकायत का समाधान न होने पर संबंधित विभाग व अधिकारी उसका अनवरत रूप से फॉलोअप करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि दीर्घकालीन/ टेक्निकल समस्याओं को लंबित रखने की आदत छोड़, समस्याओं के शीघ्र समाधान पर कार्य करें। शासन व प्रशासन का एक मात्र मकसद जनता को संतुष्ट करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी अधिकारी प्रत्येक स्तर पर नियमित रुप से सीएम हेल्पलाइन 1905 के संबंध में बैठके लें। शासन एवं प्रशासन की जवाबदेही जनता के प्रति होनी चाहिए। उन्होंने कहा शिकायतकर्ताओं के प्रति सभी सेवा भाव से कार्य करें, एवं उनकी समस्याओं को बेवजह लंबित न रखते हुए शीघ्र समाधान करें। मुख्यमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से जुड़े सभी जिला अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि तहसील दिवसों के दौरान भी सीएम हेल्पलाइन 1905 से आने वाली शिकायतों को तत्काल पोर्टल पर अपडेट किया जाए। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने सीएम हेल्पलाईन के शिकायतकर्ताओं से फोन के माध्यम से वार्ता की जिसमें उधम सिंह नगर की शिकायकर्ता भावना फुलारा द्वारा बताया गया है कि उनका राशन कार्ड ऑनलाइन प्रदर्शित नही हुआ था, जिस कारण उनका आयुष्मान कार्ड नही बन पा रहा था। सीएम हेल्पलाईन में शिकायत करने के महज 5 दिन में उनकी शिकायत का समाधान किया जा चुका है।

जिसके लिए शिकायकर्ता भावना फुलारा ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री से वार्ता के दौरान नैनीताल के शिकायतकर्ता सर्वेश शर्मा ने बताया कि उनके घर में कई दिनों से पानी नही आ रहा था। नई पाइप लाइन डालते समय उनके घर की पुरानी पाइप लाइन टूट गई थी। कोई अधिकारी सुनने को तैयार नहीं था। परंतु सीएम हेल्पलाईन में शिकायत करने के महज कुछ दिनों बाद ही उनकी शिकायत का समाधान किया जा चुका है। शिकायतकर्ता सर्वेश शर्मा ने सीएम हेल्पलाईन की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। हरिद्वार से शिकायतकर्ता सुखजीवन सिंह ने मुख्यमंत्री से वार्ता के दौरान बताया कि उनकी कॉलोनी वसंत विहार में कुछ दिन पहले सड़क का निर्माण कार्य किया गया है। उन्होंने घटिया सड़क निर्माण कार्य के संबंध में सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज की थी। शिकायत दर्ज करने के उपरांत बीते रविवार को ही सड़क को फिर से बना लिया गया है। जिसके लिए उन्होंने सीएम हेल्पलाईन की सराहना की एवं सीएम के प्रति आभार प्रकट किया। देहरादून से शिकायकर्ता विवेक की शिकायत को सुनते हुए मुख्यमंत्री ने तत्काल लंबित पड़ी शिकायत के शीघ्र समाधान हेतु जिलाधिकारी देहरादून को निर्देशित किया। उन्होंने जिला अधिकारियों को भी नियमित रूप से सीएम हेल्पलाइन के संबंध में बैठक लेने की बात कहीं। बैठक में बताया गया कि मुख्यमंत्री के निर्देश अनुसार सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर नियमित रूप से कार्य न करने वाले अधिकारियों की रिपोर्ट किए जाने व्यवस्था भी की गई है। साथ ही अधिकारियों द्वारा शिकायतकर्ताओं से किये गये संवाद सम्बन्धी मैसेज अलर्ट की व्यवस्था भी शुरु हो गई है। कॉलिंग एग्जीक्यूटिव के संवाद कौशल प्रशिक्षण के सम्बन्ध में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। साथ ही संतोषजनक रूप से बंद शिकायतों का प्रतिशत बीते एक माह में 60% से बढ़कर 61% हो गया है। इस अवसर पर उपाध्यक्ष अवस्थापना अनुश्रवण परिषद विश्वास डाबर, अपर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर. के. सुधांशु, डीजीपी अभिनव कुमार, सचिव शैलेश बगौली, सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम, वर्चुअल माध्यम से विभिन्न जिलों के जिला अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



### क्या खत्म होगा रायपुर लोकसभा से कांग्रेस की जीत का इंतजार बृजमोहन के नए रिकॉर्ड को क्या रोक पाएगा विकास

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में बढ़ रही गर्मी राजनितिक गलियारों पर अपना असर दिखाना शुरू कर दी है। लोकसभा चुनाव में आचार संहिता लागू होने के ठीक पहले रायपुर लोकसभा सीट पर कांग्रेस और भाजपा दोनों ही दलों ने अपने प्रत्याशियों का नाम जनता के बीच ला दिया है। अब जनता को पूरा वक्त मिल रहा है यह तय करने के लिए की रायपुर लोकसभा का विकास राजनीति में कभी हार का मुंह ना देखने वाले शांत और भाजपा के वरिष्ठ नेता बृजमोहन अग्रवाल से कराना है, या फिर कांग्रेस के आंदोलनकारी युवा तेज तर्रार नेता विकाय उपाध्याय के हाथों पर देना है। अब आपको बताते हैं रायपुर लोकसभा के सियासी गणित और चुनावी इतिहास के बारे में।

### दिल्ली एयरपोर्ट से हर साल 10 करोड़ यात्री सफर कर सकेंगे, टर्मिनल-1 के नए हिस्से में हुए बदलाव

**नईदिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को दिल्ली एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 पर पुनर्विकास कर बनाई गई नई बिल्डिंग का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये उद्घाटन किया। अब यह हवाई अड्डा दुनिया के उन चुनिंदा एयरपोर्ट में शामिल हो गया है, जहां से 10 करोड़ यात्री हर साल यात्रा कर सकते हैं। इस मौके पर नागरिक उड्डयन राज्यमंत्री वीके सिंह, दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना और जीएमआर कंपनी के अध्यक्ष जीएम राव मौजूद रहे।

इस दौरान वीके सिंह ने कहा कि 10 साल पहले देश में सिर्फ 74 एयरपोर्ट थे, अब इनकी संख्या 160 से ज्यादा है। प्रधानमंत्री ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित देश के रूप में खड़ा करने का जो आह्वान किया है, उसे करने की दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने कहा कि दिल्ली के लिए एयरपोर्ट का नया हिस्सा बेहद महत्वपूर्ण है। इससे देशवासियों को विश्वस्तरीय सुविधाओं का अहसास होगा।

चार करोड़ यात्री प्रत्येक वर्ष सफर कर सकेंगे = एयरपोर्ट संचालन कंपनी डायल के सीईओ विदेह कुमार जयपुरियार ने बताया कि टर्मिनल-1 के नए हिस्से के जुड़ने से दिल्ली एयरपोर्ट की क्षमता 10 करोड़ यात्री प्रत्येक वर्ष से ज्यादा हो गई है। पहले टर्मिनल-1 से केवल 1.7 करोड़ यात्री एक वर्ष में सफर कर सकते थे। अब चार करोड़ से अधिक लोग प्रत्येक वर्ष यहां से सफर कर सकते हैं। पहले टी-1 लगभग 55 हजार स्कवॉयर मीटर में बना हुआ था। नए हिस्से को मिलाकर यह 2.06 लाख स्कवॉयर मीटर हो गया है।

### बंगाल के बाहर भी ममता बनर्जी देंगी आईएनडीआईए गठबंधन को टेंशन, उप्र समेत कई राज्यों में उतारेंगी उम्मीदवार

**कोलकाता, एजेंसी।**

कांग्रेस के साथ बातचीत की अटकलों के बीच पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए को बड़ा झटका दे दिया। उन्होंने सभी 42 सीटों पर टीएमसी यानी तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवारों का नाम घोषित कर दिया है। खास बात है कि अब पार्टी सुप्रीमो बनर्जी सिर्फ बंगाल ही नहीं, अन्य राज्यों में भी उम्मीदवार उतारने की तैयारी में हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, राजधानी कोलकाता के ब्रिगेड पार्क में उन्होंने लिस्ट जारी की। साथ ही कहा, हमारी पार्टी पश्चिम बंगाल के बाहर भी लड़ेगी। हम मेघालय और उत्तर प्रदेश में भी उम्मीदवार उतारेंगे। खास बात है कि कांग्रेस के बंगाल अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी के गढ़ माने जाने वाले ब्रह्मपुर से टीएमसी ने पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान को मैदान में उतारा है। कार्यक्रम के दौरान सीएम बनर्जी ने भारतीय जनता पार्टी की अगुवाई वाली केंद्र सरकार पर भी हमले किए। उन्होंने केंद्र सरकार पर फंड्स नहीं देने, मणिपुर मुद्दे को लेकर आरोप लगाए। साथ ही कहा कि सीएए यानी नागरिकता संशोधन कानून बंगाल में



लागू नहीं होने देंगी। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, उन्होंने कहा, चुनाव से पहले वो कहते थे कि सीएए लागू किया जाएगा, लेकिन सीएए या एनआरसीलागू नहीं होने देंगे। खास बात है कि इस दौरान उन्होंने संदेशखाली की घटनाओं का जिक्र नहीं किया। हालांकि, उम्मीदवारों की सूची में उन्होंने बशीरहाट क्षेत्र से सांसद रहीं अभिनेत्री नुसरत जहां का टिकट काट दिया और हाजी नुरूल इस्लाम को प्रत्याशी बनाया।

## खट्टर सरकार ने पिछले 10 सालों में हरियाणा को बर्बाद कर दिया -केजरीवाल

**कुरक्षेत्र, एजेंसी।**

आम आदमी पार्टी (आप) ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए दिल्ली के बाद हरियाणा में भी अपने चुनावी कैंपेन की शुरुआत कर दी है। आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने रविवार को कुरुक्षेत्र की जनसभा में महाभारत का जिक्र करते हुए इस सियासी जंग को धर्मयुद्ध करार दिया। केजरीवाल ने कहा कि उनकी पार्टी के साथ धर्म है। उन्होंने लोगों से यह तय करने को कहा कि वे धर्म के साथ हैं या अधर्म के साथ हैं। केजरीवाल ने कहा कि आज देश में दो किस्म के लोग हैं - देशभक्त या अंधभक्त। जितने देशभक्त हैं वो हमारे साथ आ जाओ और जितने अंधभक्त हैं वो उनके साथ चले जाओ।

आप और कांग्रेस गठबंधन के तहत हरियाणा में लोकसभा चुनाव लड़ रही हैं। सीट शेयरिंग के तहत, आप हरियाणा की कुल 10 संसदीय सीटों में से एकमात्र कुरुक्षेत्र सीट पर चुनाव लड़ेगी। रविवार को कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र में जनसभा



को संबोधित करते हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री ने लोगों से इस सीट से आप के उम्मीदवार सुशील गुप्ता को वोट देने का आग्रह किया। केजरीवाल ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछले 10 सालों में मनोहर लाल खट्टर के नेतृत्व वाली सरकार ने हरियाणा को बर्बाद कर दिया है। उन्होंने कहा कि अब, हर कोई चाहता है कि खट्टर सरकार जाए। कुरुक्षेत्र सीट पर आप की जीत सुनिश्चित करें...आगे खट्टर की सरकार जाने की खबर आएगी। केजरीवाल ने जनसभा को संबोधित करते हुए 'महाभारत' का जिक्र किया और कहा कि कुरुक्षेत्र एक पवित्र भूमि है जहां धर्मयुद्ध लड़ा गया था। उन्होंने कहा कि कौरवों के पास सब कुछ होने के बावजूद' पांडवों की जीत हुई थी। उन्होंने कहा कि पांडवों के पास क्या था भगवान श्री कृष्ण उनके साथ थे। केजरीवाल ने कहा कि आज हमारे पास क्या है। हम बहुत छोटे हैं। भगवान श्री कृष्ण हमारे साथ हैं। भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार का जिक्र करते हुए केजरीवाल ने कहा, ''उनके पास सब कुछ है। उनके पास सभी शक्तियां हैं। उनके पास आईबी, सीबीआई, ईडी है।'' केजरीवाल ने उपस्थित लोगों से कहा कि हमारा धर्म हमारे साथ है। यह धर्म और अधर्म की लड़ाई है और आपको यह तय करना होगा कि आप धर्म के साथ हैं या अधर्म के साथ। उन्होंने कहा कि भाजपा दावा कर रही है कि वह लोकसभा चुनाव में 370 सीट जीतने जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे खुलेआम कह रहे हैं कि उन्हें आपके वोट की जरूरत नहीं है।

### रोहतक सुनारिया जेल वापस पहुंचा राम रहीम, बार-बार पैरोल पर भड़का था हाई कोर्ट; 2 साल में 7 महीने काटी मौज

**रोहतक , एजेंसी।** साध्वियों से दुष्कर्म और पत्रकार रामचंद्र छत्रपति की हत्या के मामले में सजा काट रहे सिरसा डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम की 50 दिन की पैरोल रविवार को खत्म हो गई। वह फिर हरियाणा के रोहतक की सुनारिया जेल पहुंच गया है। इससे पहले राम रहीम को बार-बार पैरोल मिलने के बाद पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट ने मनोहर लाल खट्टर सरकार को जमकर फटकार लगाई थी। दो टूक शब्दों में हरियाणा सरकार से पूछा था कि बार-बार राम रहीम को ही पैरोल दी जा रही है। अब पहले परमिशन लेनी होगी।

दुष्कर्म और हत्या के मामलों में सजा काट रहा सिरसा डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम रविवार शाम 5 बजकर 3 मिनट पर वापस सुनारिया जेल पहुंचा। जेल के आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। 19 जनवरी को राम रहीम को 50 दिन की पैरोल मिली थी। राम रहीम ने पैरोल मिलने के बाद उत्तर प्रदेश के बागपत के बरनावा आश्रम में अपना पैरोल का वक्त बिताया था।

बार-बार पैरोल पर नाराज हुआ था हाई कोर्ट

गुरमीत राम रहीम को बार-बार पैरोल मिलने के मामले में पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार को जमकर फटकार लगाई थी।

हादसे के बाद सड़क पर गिरे थे सभी, पीछे से आ रही ट्रक ने कुचला

# दो बाइक के बीच जबरदस्त टक्कर में एक युवक की मौत, तीन गंभीर



निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** रोहतास के नोखा थाना क्षेत्र के पेनार गांव के पास रविवार की रात दो बाइक के बीच जबरदस्त टक्कर हो गई। इस हादसे में एक युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई, वहीं तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना नोखा थाने को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर के पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं घायलों को सासाराम सदर अस्पताल में इलाज के लिए भेज दिया। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि दोनों बाइक तेज रफ्तार में आ रही थी।

तभी दोनों की आमने-सामने में टक्कर हो गई। जिसके बाद दोनों बाइक पर सवार चारों लोग घायल हो कर सड़क पर गिर पड़े। तभी पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार ट्रक ने युवक को कुचलते हुए घटनास्थल से फरार हो गया। घटनास्थल पर उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान घोरडीही गांव निवासी सुनील चौधरी के रूप में की गई। वहीं एक घायल विक्की कुमार जो की इसी गांव का ही निवासी है।

इसके अलावा एक घायल शिवसागर के कुशार गांव निवासी राजेश कुमार बताये जा रहे है। नोखा थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार ने बताया कि मृतक के शव को कब्जे में लेकर के सासाराम भेज दिया गया है और पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## युवक की ईंट पत्थर से हमला कर हत्या

निज संवाददाता

**जहानाबाद।** जहानाबाद में बच्चों की लड़ाई में एक व्यक्ति को मारपीट कर जख्मी कर दिया गया है। इलाज के दौरान सदर अस्पताल में उसकी मौत हो गई। घटना जहानाबाद नगर थाना के अंबेडकर नगर की है। मृतक की पहचान मंटू दास के रूप में हुई है। खबर के मुताबिक मंटू दास के बेटे और उसके पड़ोसी के बच्चे एक दिन पूर्व आपस में लड़ाई हुई थी। मृतक मंटू दास बच्चों की लड़ाई छुड़ाने के लिए गया और पड़ोसी के बच्चे को पीट दिया। इसी बात से पड़ोसी गुस्से में आ गए और मंटू दास पर ईंट पत्थर से हमला कर दिया। गंभीर हालत में आसपास के लोग मंटू दास को सदर अस्पताल ले गए। सोमवार को मंटू की इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस का कहना है कि एक व्यक्ति की मौत हुई है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।



## वाहन जांच के दौरान 20 लाख की शराब जब्त, चालक वाहन छोड़कर फरार

निज संवाददाता



**भभुआ (कैमूर)।** होली पर्व को लेकर शराब तस्कर शराब की खेप लगातार बिहार में पहुंचाने में लगे हैं वही उत्पाद विभाग की टीम मुस्तैदी से चेक पोस्ट पर वाहनों की जांच करी है इसी क्रम में एक पिकअप से भारी संख्या में शराब बरामद हुआ है। कैमूर के समेकित चेक पोस्ट मोहनिया पर उत्पाद पुलिस ने उत्तर प्रदेश से कैमूर में लाई जा रही पिकअप पर मछली की आड़ में छुपा कर लाई जा रही शराब को जब्त कर लिया है। जब्त शराब की मात्रा 1200 लीटर है, जिसका बाजार मूल्य लगभग 20 लाख रुपए बताई जा रही है। फिलहाल वाहन चालक और शराब तस्कर वाहन जांच होता देख मौके से फरार हो गया। जिसके बाद उत्पाद विभाग की टीम वाहन नंबर के आधार पर चालक और मालिक पर प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई में जुटी हुई है। उत्पाद विभाग के चेक पोस्ट प्रभारी गुंजेश कुमार ने बताया समेकित चेक पोस्ट मोहनिया के पास उत्तर प्रदेश से कैमूर में प्रवेश करने के दौरान एक पिकअप काफी देर से खड़ा था। शुरू में समझ में आया कि वह मैकेनिकल को लाने के लिए चेक पोस्ट पर गया होगा। लेकिन काफी देर होने के बाद भी जब कोई नहीं आया तो चेक पोस्ट पर मौजूद रहे स्कैनर से गाड़ी को स्कैन किया गया। जिसमें स्कैन में बोतलनुमा चीज प्रतीत हुआ। जब्त पिकअप पर देखा गया ऊपर से सड़ी हुई मछली लदी हुई थी और अंदर में शराब की भारी मात्रा में खेप छिपाया गया था। जहां पिकअप को जब्त कर चेक पोस्ट के यार्ड में लाया गया और कुल शराब उतार कर गिनती करने पर 1200 लीटर शराब बरामद हुआ। वही गाड़ी में मौजूद कागजात को खंघाला जा रहा है। गाड़ी नंबर और चेचिस नंबर के आधार पर परिवहन विभाग से गाड़ी मालिक का डिटेल मंगाया जा रहा है। संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई की जाएगी। जब्त शराब का बाजार मूल्य लगभग 30 लाख रुपए बताई जा रही है।

## जादू-टोना के नाम पर मारपीट, पांच जख्मी

**जहानाबाद (नि.सं.)।** भले ही विज्ञान की ताकत से देश ने चांद पर अपना झंडा गाड़ दिया है, लेकिन आज भी ग्रामीण क्षेत्र में अज्ञानता के कारण भूत- प्रेत, जादू टोना जैसे मामलों को लेकर अक्सर मारपीट और खून खराबे की घटना होते रहती है। ऐसा ही एक मामला सामने आया है जिले के परसबीघा थाना के अमैन-मठिया गांव में, जहां भूत प्रेत को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। इस मारपीट में एक पक्ष से महिला,बच्चे समेत पांच लोग घायल हो गए। परिजनों ने आनन फानन में सभी घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया जहां उनका इलाज किया जा रहा है। घटना के संबंध में घायलों ने बताया कि कुछ दिनों पूर्व अपने ही मंझले गोतिया के एक पोता की बीमारी से मौत हो गयी थी। इसी बात से नाराज गोतिया ने शनिवार को नवनिर्मित मकान पर आ धमका, जहां हथियार का भय दिखाकर पहले महिला के साथ मारपीट करने लगा।

## ई-रिक्शा और बाइक के बीच टक्कर में दो लोग गंभीर रूप से घायल

### एक को बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर

निज संवाददाता

**मोहनिया (कैमूर)।** कैमूर के मोहनिया-भभुआ मुख्य मार्ग पर अंवारी के पास ई-रिक्शा और बाइक के बीच जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें बाइक पर सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना डायल 112 की टीम को दी। वहीं सूचना पर पहुंची डायल 112 की टीम दोनों घायलों को उपचार के लिए अनुमंडल अस्पताल मोहनिया लाया। जहां चिकित्सकों दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार के बाद एक व्यक्ति की हालत नाजुक देख कर हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। घायलों की पहचान भभुआ शहर के मंसूर आलम की पुत्री गुफराना खातून और विजय सिंह के पुत्र शिवम कुमार सिंह बताए जा रहे है। ग्रामीणों ने बताया कि मोहनिया शहर के अंवारी गांव के पास तेज रफ्तार बाइक और ई-रिक्शा की आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई, जिससे बाइक पर सवार दो लोग सड़क पर ही गिर पड़े। जिसके बाद आसपास के लोगों ने इसकी सूचना डायल 112 को दी। जिसके बाद उन्हें अनुमंडल अस्पताल मोहनिया लाया गया।

जहां चिकित्सकों द्वारा उपचार किया जा रहा था। अनुमंडल अस्पताल मोहनिया के चिकित्सक डॉक्टर दिनेश सिंह ने जानकारी देते हुए बताया डायल 112 की पुलिस द्वारा दो घायल को अनुमंडल अस्पताल मोहनिया में लाया गया था। दोनों को पैर और सर में काफी गंभीर चोट लगी थी। जिसमें एक की स्थिति काफी गंभीर बनी हुई है। अनुमंडल अस्पताल मोहनिया में दोनों का प्राथमिक उपचार किया गया। वहीं एक को बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

## आधुनिक सेवाओं से लैस क्लिनिक पटना कार्डियो डायबिटिज सेंटर का शुभारंभ

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** राज्य की राजधानी पटना के मशहूर डायबिटिज एवं हृदय रोग विशेषज्ञ डा. एम.आई, हक के द्वारा औरंगाबाद के लोगों के लिए स्वास्थ्य संबंधित उच्च स्तरीय व आधुनिक सेवाओं से लैस क्लिनिक पटना कार्डियो डायबिटिज सेंटर का शुभारंभ स्थानीय नावाडीह रोड में किया गया। यह क्लिनिक पूरी तरह से डायबिटीज, हृदय, थायराइड, बीपी, माइग्रेन, टीवी व अन्य पूरानी व जटिल रोगों के इलाज के लिए पूरी तरह से समर्पित है। यह क्लिनिक पटना के एनएसएमसीएज के एसोसिएट प्रोफेसर व आइजीएमएस के हृदय रोग विभाग के सीनियर रेजिटेंड, डा. एम,आई, हक के द्वारा संचलित है। इस अवसर पर डा. एम.आई. हक ने कहा कि मेरी पूरी कोशिश रहेगी कि औरंगाबाद के ग्रामीण और शहरी जनता को आधुनिक चिकित्सा सेवा किफायती खर्चे में उपलब्ध कराएं। यहां पर एक ही जगह पर सभी तरह के रक्त जांच, ईसीजी, इको व अन्य हृदय रोग संबंधित जांच की सुविधा है।



डा. एम.आई, हक ने कहा कि इस क्लिनिक के माध्यम से वृद्ध गरीब व मजबूर लोगों को सस्ते इलाज व आवश्यकतानुसार मुफ्त किन्तु उच्च गुणवत्ता की चिकित्सा देना ही इस क्लिनिक का मुख्य मकसद है। इसके लिए यथासंभव प्रत्येक माह में एकबार चिकित्सा शिविर लगाने की योजना है। डॉ. हक ने चिकित्सा सेवा के प्रति अपनी सामाजिक प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहें कि हमारा उद्देश्य सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को महंगी व लाइलाज चिकित्सा की भ्रांति को दूर करने, स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक करने व अवैज्ञानिक सोच को दूर कर किसी भी बीमारी से मुक्ति संभव है जैसे सकारात्मक सोच विकसित करने के लिए कृत संकल्पित है।

## खेत पटवन करने के दौरान करंट की चपेट में आने से किसान की मौत



निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** रोहतास के तिलौथू थाना क्षेत्र के भदोखरा गांव में 55 वर्षीय किसान की बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक की पहचान भदोखरा गांव के ही सुदर्शन सिंह के रूप में की गई है। सूचना पर पहुंचे तिलौथू थाना की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल, सासाराम भेज दिया। पोस्टमॉर्टम के लिए आए परिजन ने घटना की जानकारी देते बताया कि गांव के बघार में खेत पटवन कर रहे थे। तभी अचानक बिजली का तार ऊपर से गिर गया। इसकी चपेट में वो आ गए, जिससे करंट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस बात की जानकारी ग्रामीणों को मिलते ही घटनास्थल पर पहुंच कर बिजली का तार हटाया और उन्हें बाहर निकाला। इसके बाद घटना की सूचना स्थानीय लोगों द्वारा तत्काल पुलिस को दी गई। वहीं घटना की सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष अपने दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर सासाराम के सदर अस्पताल में पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। ग्रामीणों ने मृतक के परिवार के लिए मुआवजा की मांग की है।

## आपसी विवाद में मारपीट पिता और पुत्र घायल

**इंद्रपुरी (रोहतास) (नि. सं.)।** थाना क्षेत्र के एक बालू घाट में आपसी मारपीट में पिता-पुत्र घायल हो गए। घटना में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार की है। थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि पीपीसीएल कटार बाल निवासी गिरफ्तार अभियुक्त लालजी चौधरी के पुत्र शिवपूजन चौधरी, पुत्र शक्ति चौधरी, राजेश्वर चौधरी के पुत्र राजू चौधरी, लखन मुसहर के पुत्र रामजी मुसहर कटार बालू घाट में मजदूर का कार्य करते थे।

## प्रधानमंत्री मोदी करेंगे 12 मार्च को 85 हजार करोड़ से अधिक की छह हजार रेल परियोजनाओं का शिलान्यास

निज संवाददाता

**हाजीपुर (वैशाली)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिनांक 12.03.2024 को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से अहमदाबाद से 85 हजार करोड से अधिक की 6 हजार रेल परियोजनाओं का शिलान्यास एवं राष्ट्र को समर्पण तथा 10 वंदे भारत ट्रेनों के परिचालन का शुभारंभ किया जायेगा। प्रधानमंत्री द्वारा शिलान्यास/राष्ट्र को समर्पण की जाने वाली रेल परियोजनाओं में पूर्व मध्य रेल की 13,228 करोड़ रूपए की परियोजनाओं भी शामिल है। प्रधानमंत्री नरकटियागंज में 50 करोड़ की लागत वाली वाषिंग पिट लाईन के साथ कोचिंग कॉम्पलेक्स के निर्माण का षिलान्यास करेंगे। इसी तरह 5423 करोड़ रूपए की लागत से ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर की न्यू चिरैला पाथु-न्यू सोननगर-न्यू डीडीयू रेलखंड का प्रधानमंत्री राष्ट्र को समर्पित करेंगे। आरा और मुजफ्फरपुर में वाषिंग पिट लाईन, 16 गुड्स शेड, 1329 करोड़ रूपए की लागत वाली 04 गति शक्ति मल्टीमॉडल कार्गो टर्मिनल, पटना, दरभंगा और पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्षन पर भारतीय जनऔषधि केंद्र एवं 68 वन स्टेशन वन प्रोडक्ट का भी लोकार्पण प्रधानमंत्री द्वारा किया जाएगा। वन स्टेषन वन प्रोडक्ट के माध्यम से छोटे किसानों, कारीगरों और विष्वकर्मा मित्रों के उत्पादों को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। 10 वंदे भारत ट्रेनों में पटना-गोमतीनगर वंदे भारत तथा पटना-न्यू जलपाईगुड़ी वंदे भारत तथा कोडरमा-गया-डीडीयू के रास्ते रांची-वाराणसी वंदे भारत सहित कुल 03 वंदे भारत एक्सप्रेस पूर्व मध्य रेल क्षेत्राधिकार से खुलेगी/गुजरेगी।

## ड्राइवर यूनियन संघ ने कलेक्ट्रेट गेट पर किया प्रदर्शन

निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** सासाराम रोहतास जिला मुख्यालय के नई ट्रैफिक व्यवस्था में सुबह 7 बजे से लेकर रात 9 बजे तक नो-एंट्री लागू है। शहर में प्रवेश करने वाले बड़े वाहनों पर फाइन लगाया जा रहा है। लेकिन प्रशासन द्वारा छोटे मालवाहक वाहनों पर भी फाइन लगाने की बात सामने आ रही है। इसके विरोध में सोमवार को ड्राइवर यूनियन संघ ने समाहरणालय पर रोषपूर्ण प्रदर्शन किया। इस दौरान कलेक्ट्रेट के मेन गेट का घेराव भी किया गया। इससे कलेक्ट्रेट में आवगमन ठप हो गया। प्रदर्शन कर रहे चालकों ने कहा कि नो एंट्री के नाम पर छोटे वाहनों से भी फाइन की वसूली की जा रही है। तीन हजार तक की फाइन प्रशासन द्वारा वसूला जा रहा है। इससे हम लोगों के रोजी-रोटी पर संकट हो गया है। प्रशासन मनमानी बंद करे और छोटे वाहनों को नो एंट्री से मुक्त रख फाइन न लगाया जाए। इसी मांग को लेकर प्रदर्शन किया जा रहा है। चालकों द्वारा जिला परिवहन पदाधिकारी को ज्ञापन भी सौंपा गया। डीटीओ के आश्वासन के बाद प्रदर्शनकारी कलेक्ट्रेट गेट से हटे। डीटीओ राम बाबू ने कहा कि नो एंट्री जोन में बड़े वाहनों पर पूरी तरह प्रतिबंध है। छोटे मालवाहकों द्वारा फाइन किए जाने की शिकायत की गई है। इस पर मामले को देखने की बात कही गई है। कहा कि बड़ी गाड़ियों को कोई छूट नहीं दी जा सकती है लेकिन छोटी गाड़ियों को ले निर्देश दिया जाएगा।

## सेल-टैक्स ने तीन ट्रकों पर लदे सामग्रियों को किया जब्त

निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** वाणिज्य कर विभाग सासाराम अंचल ने जिले की विभिन्न क्षेत्रों में अभियान चलाकर टैक्स चोरी करने के लिए बिना कागजात के सामान लेकर जा रहे तीन ट्रकों को जब्त किया है। राष्ट्रीय राममार्ग दो व सासाराम शहर की पुरानी जीटी रोड से सभी को पकड़ा गया है। जब्त सामग्रियों का सत्यापन किया जा रहा है। जांच के दौरान जब्त सामग्रियों से संबंधित कोई कागजात पेश नहीं कराया गया। विभाग का कहना है कि टैक्स चोरी के लिए रात के समय में सामग्री चोरी-छुपे ले जाया जा रहा था।

## शराब के साथ एक महिला सहित दो तस्कर गिरफ्तार

**अरवल (नि.सं.)।** उत्पाद अधीक्षक सीमा चौरसिया के नेतृत्व में शराब के खिलाफ चलाए गए छापेमारी अभियान में जिले के निम्नलिखित जगह से एक महिला विदेशी शराब तस्कर के अलावा अन्य दो लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। मध्य निषेध कार्यालय से मिली सूचना के अनुसार मेहंदिया थाना अंतर्गत नई बाजार गांव में गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी किया गया। इस दौरान सुनैना देवी के घर से 11 लीटर 625 मिलीलीटर विदेशी शराब के साथ उसे गिरफ्तार कर लिया गया। इस मामले में बताया जाता है की सुनैना देवी का लड़का बहुत दिनों से बाइक के सहारे डोर टू डोर शराब का डिलीवर करता था।

## एडमिट कार्ड नहीं मिलने पर छात्रों ने किया सड़क जाम

निज संवाददाता

**अरवल।** एक महाविद्यालय और दो प्रिंसिपल और बच्चों की भविष्य खिलवाड़ का मामला सामने आया है। मामला जिले के सदर थाना क्षेत्र के फतेहपुर संडा महाविद्यालय की है। जहां एक विद्यालय में तैनात दो प्रिंसिपल अपने-अपने लोगों के जरिए छात्रों को स्नातक पार्ट वन की परीक्षा फॉर्म भरवाया। जिसमें एक प्रिंसिपल शिशु प्रियदर्शिनी गुट के 1217 बच्चों को स्नातक परीक्षा का एडमिट कार्ड मिल गया। वहीं दूसरे प्रिंसिपल महेंद्र प्रसाद सिंह के गुट के 150 से अधिक बच्चों को एडमिट कार्ड नहीं मिला। जिसके बाद छात्रों ने आक्रोश में आकर पटना औरंगाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग 139 को जाम लगाकर जमकर हंगामा किया। इस दौरान जाम की वजह से सड़क के दोनों और वाहनों की लंबी कतार लग गई। जिसके बाद मौके पर सदर थाने की पुलिस पहुंची और छात्रों को समझने का प्रयास किया। लेकिन छात्रों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और सड़क से हटाने का नाम नहीं लिया। जिसके बाद मामले की जानकारी लेने जिला शिक्षा पदाधिकारी पहुंची। छात्रों का कहना है कि 12 मार्च यानी मंगलवार से उनकी परीक्षा शुरू हो रही है। लेकिन उन्हें परीक्षा से पहले एडमिट कार्ड नहीं दिया जा रहा है। जिससे उनका भविष्य अंधेरे में लटका है। छात्रों का कहना है कि उनसे पैसा लिया गया और फॉर्म भी भरवाई गई। लेकिन विद्यालय के एक प्रिंसिपल ने बच्चों के पैसे खा गए। जिला शिक्षा पदाधिकारी बिंदु कुमारी विद्यालय पहुंची तो यह जानकर हैरान हो गई की एक ही विद्यालय में दो प्रिंसिपल हैं। दो प्रिंसिपल होने की वजह से बच्चों का एडमिट कार्ड नहीं आ पाया है बच्चे सड़क जाम कर हंगामा कर रहे हैं। जिला प्रशासन के लोग बच्चों के समझाने की कोशिश में है। एडमिट कार्ड नहीं मिलने से नाराज छात्रों ने सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया छात्रों ने बताया कि 2022-25 सेशन के लिए 150 से अधिक छात्रों को एडमिट कार्ड नहीं दिया गया है। चार दिन से लगातार दौड़ रहे हैं लेकिन एडमिट कार्ड नहीं मिला मंगलवार से परीक्षा है अब क्या करें।



कार्यालयः– जिला कृषि पदाधिकारी, लातेहार

संयुक्त जिला कृषि भवन, प्रथम तल, कीनामाड़, लातेहार–829206
Email :- lateharddao@rediffmail.com

किसान भाईयों के लिए आवश्यक सूचना

लातेहार जिला के किसान भाईयों को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2024 में PM-KUSUM (कृषक उर्जा उत्थान महाअभियान) Component-B (Phase-III) योजनान्तर्गत सिंचाई कार्य हेतु सोलर पम्पसेट का वितरण अनुदानित दर पर किसानों के बीच किया जाना है। उपरोक्त योजना अंतर्गत 2HP, 3HP, एवं 5HP क्षमता वाला सोलर पम्प जो AC & DC आधारित होगा की आपूर्त्ति एवं अधिष्ठापन ज्रेडा, राँची के कार्यालय द्वारा किया जाएगा।

वैसे लधु एवं सीमांत किसान जिनके खेतो में Grid Connectivity उपलब्ध नहीं है, वह योजना के ऑनलाईन वेब पोर्टल http://pmkusum.jharkhand.gov.in पर संबंधित दस्तावेजों के साथ 2HP, 3HP, एवं 5HP क्षमता (AC & DC) क्षमता के सोलर पम्पसेट के लिए ऑनलाईन आवेदन कर सकते है, जिसमें से पम्प क्षमता तथा AC पम्प एवं DC पम्प का चयन लाभुक/किसान के द्वारा स्वयं से किया जाएगा।

उपरोक्त सोलर पम्प के क्षमता के अनुसार निम्नवत् राशि का ड्राफ्ट/Online भुगतान जो Director, JREDA, Payable at Ranchi के नाम से भुगतेय होगा, जिसकी विवरणी निम्नवत् हैः–

| क्र० सं० | क्षमता | राशि | अभियुक्ति |
| --- | --- | --- | --- |
| 01 | 2 HP | 5000/– रू० | लातेहार जिला के किसानों के लिए 305 लक्ष्य प्राप्त है। |
| 02 | 3 HP | 7000/– रू० | |
| 03 | 5 HP | 10000/– रू० | |

नोटः– उपरोक्त राशि का Online भुगतान/ड्राफ्ट लाभुक (कृषक) ऑनलाईन आवेदन करते समय नहीं बनवायेंगें। जब जिला एवं प्रखण्ड स्तर पर पदस्थापित पदाधिकारियों द्वारा भौतिक सत्यापन की जायेगी। भौतिक सत्यापन के उपरांत स्वीकृत आवेदनों के लिए लाभुक (कृषक) के द्वारा सोलर पम्प के क्षमता अनुसार निर्धारित राशि का ड्राफ्ट/Online भुगतान करना है।

सोलर पम्प की चयन प्रक्रिया हेतु अर्हत्ता/पात्रताः–

1. वैसे कृषक या उनके परिवार के सदस्यों के नाम पर जिन्हें उक्त योजना का लाभ पूर्व में मिल चुका हो उन्हें इस योजना का लाभ दुबारा नहीं दिया जाएगा।
2. वैसे कृषक जिनका स्वयं का सिंचाई कूप या 4''/6''/8''/10'' व्यास की डीप बोरिंग उपलब्ध हो, जिसमें जल–जमाव वर्षभर रहे।
3. वैसे कृषक जिनके पास स्वयं का कृषि योग्य कम से कम 2.5 एकड़ की सिंचित भूमि हो।
4. वैसे लधु एवं सीमांत किसानों को सोलर आधारित पम्पसेट का लाभ दिया जाएगा जो पहले ग्रीड आधारित/डीजल चलित पम्पसेट का प्रयोग कर पाने में सक्षम नहीं थे एवं वैसे स्थान पर सोलर पम्प लगाया जायेगा जहाँ बिजली की व्यवस्था पूर्व से न हो।
5. एक कृषक को केवल एक सोलर पम्पसेट हेतु ही आवेदन–पत्र स्वीकृत किया जायेगा।
6. कृषकों के चयन में लधु एवं सीमांत किसानों जो आर्थिक दृष्टिकोण से कमजोर है एवं जो Micro & Drip Irrigation से जुडे हुए किसानों है एवं महिला किसानों को प्राथमिकता दी जायेगी।

सोलर पम्पसेट की आपूर्त्ति एवं अधिष्ठापन हेतु निम्नवत् स्व–अभिप्रमाणित दस्तावेजो को आवेदन पत्र के साथ **Online Portal** पर **upload** करना आवश्यक होगाः–

1. संबंधित कृषक का कृषि योग्य भूमि का कागजात की छायाप्रति।
2. संबंधित कृषक के जमीन का लगान/रसीद की छायाप्रति।
3. संबंधित कृषक का राशन कार्ड/वोटर आई० डी०/आधार कार्ड की छायाप्रति।
4. संबंधित कृषक का फोटो (डीप बोरिंग/सिंचाई कूप के साथ)।
5. संबंधित कृषक का हस्ताक्षर/अंगूठे का निशान।
6. सत्यापित आवेदन के उपरांत आवेदक द्वारा विहित प्रपत्र में द्योषणा पत्र नोटरी के माध्यम से बनवाकर जिला कार्यालय में आवेदन क्रमांक के साथ जमा करना होगा।

अन्य शर्त्तेः–

- वैसे आवेदन Data/Analysis के दौरान गलत पाये जाते है तो उसे रद्द कर दी जायेगी।
- यदि एक बार उर्जा यंत्र लगा दिए जायेंगें तो उन्हें एक जगह से दूसरी जगह हस्तांतरित नहीं किया जायेगा और न ही सरकार द्वारा इसकी कोई जिम्मेवारी ली जायेगी।
- JREDA द्वारा जारी बेब पोर्टल पर किसानों द्वारा भरे गये Online आवेदनों को जिला एवं प्रखण्ड स्तर पर पदस्थापित पदाधिकारियों द्वारा भौतिक सत्यापन की जायेगी।
- एक कृषक को केवल एक सोलर पम्पसेट हेतु आवेदन–पत्र स्वीकृत किया जायेगा।
- समूह के प्रत्येक व्यक्ति किसानों द्वारा संलग्न किये जाने वाले दस्तावेजो–समूह के सभी किसानों का जमीन का अद्यतन लगान रसीद, समूह के सभी किसानों का एक स्वयं सत्यापित हाल की फोटो।
- चयन समिति के द्वारा कृषकों से प्राप्त ऑनलाईन आवेदनों (वांछित अनुलग्नकों के साथ) की जाँच की जायेगी तथा भौतिक सत्यापन के आधार पर चयन समिति द्वारा आवेदनों को स्वीकृत कर ज्रेडा कार्यालय को अग्रसारित कर दी जायेगी।

सोलर पम्पसेट की आपूर्त्ति एवं अधिष्ठापन हेतु ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि 20.03.2024 समय अपराह्न 05:00 बजे तक है एवं उक्त तिथि के बाद किये गये ऑनलाईन आवेदन पर किसी तरह का विचार नहीं किया जाऐगा तथा उक्त आवेदन को रद्द कर दिया जाएगा।

नोटः– 01. ऑनलाईन आवेदन करने से ही मात्र सोलर पम्प की पूर्णता स्वीकृति का दावा अनुमान्य नहीं होगा।
02. सोलर पम्पसेट का अधिष्ठापन हेतु सुरक्षा की दृष्टि से संबंधित कृषक के पास सुरक्षित स्थान/योग्य भूमि हो। सरकार द्वारा इसकी जिम्मेवारी नहीं ली जायेगी। इस यंत्र की संपूर्ण सुरक्षा की जिम्मेवारी संबंधित कृषक की होगी।
03. उपरोक्त सोलर पम्पसेट के आपूर्त्ति एवं अधिष्ठापन हेतु लाभुक/कृषक किसी भी अनजान फोन कॉल या अन्य कोई ऑनलाईन पोर्टल पर की जाने वाली धोखाधड़ी से हमेशा सावधान रहें अन्यथा उक्त द्वारा किये गये धोखाधड़ी पर संपूर्ण जिम्मेवारी संबंधित लाभुक/कृषक की होगी।

जिला कृषि पदाधिकारी,
लातेहार।

PR 322046 Agriculture(23-24)D

# हॉकी इंडिया ने की पुरुषों के राष्ट्रीय कैंप के लिए संभावित 28 नामों की घोषणा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हॉकी इंडिया ने सोमवार को सीनियर पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग कैंप के लिए 28 सदस्यीय कोर संभावित समूह की घोषणा की, जो 12 मार्च से 30 मार्च तक भुवनेश्वर के कलिंगा हॉकी स्टेडियम में आयोजित होगा। भारतीय हॉकी टीम के लिए यह शिविर काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि उनका लक्ष्य पेरिस 2024 ओलंपिक से पहले अपनी तैयारियों को मजबूत करना होगा। टीम एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 में सफल प्रदर्शन के बाद शिविर में लौटी है, जहां वे भुवनेश्वर और राउरकेला में 8 मैचों में 15 अंक हासिल करने के बाद वर्तमान में तीसरे स्थान पर हैं।

1 जून को लंदन और फिर एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 के अंतिम चरण के लिए नीदरलैंड जाने से पहले, लीग 22 मई 2024 को एंटवर्प, बेल्जियम में फिर से शुरू होगी। राष्ट्रीय कोचिंग शिविर में गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक, पीआर श्रीजेश, सूरज करकेरा और डिफेंडर हरमनप्रीत सिंह, जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, संजय, सुमित और अमीर अली शामिल हैं। शिविर में बुलाए गए मिडफील्डरों में मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, रबीचंद्र सिंह, शमशेर सिंह, नीलकंठ शर्मा, राजकुमार पाल, विष्णुकांत सिंह शामिल हैं। जबकि फॉरवर्ड की सूची में आकाशदीप सिंह, मंदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, अभिषेक, दिलप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, गुरजंत सिंह, मोहम्मद राहिल मोहसिन, बॉबी सिंह धामी और अरिजीत सिंह हुंदल शामिल हैं।

भारत के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने आगामी शिविर के महत्व पर कहा, ÷हम इस शिविर में प्रशिक्षण का एक महत्वपूर्ण ब्लॉक शुरू करना चाहते हैं, और हमें यह सुनिश्चित करने की ज़रूरत है कि बड़े मैचों की श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया जाने से पहले हम सर्वोत्तम स्थिति में हों।

शिविर के लिए चुने गए खिलाड़ी आगामी महत्वपूर्ण खेलों को खेलने के लिए दावेदार होंगे। इसलिए, हमने अनुभवी खिलाड़ियों के एक समूह के साथ-साथ कुछ युवाओं को भी चुना है जो प्रो लीग में भी खेले थे।




## भारतीय पुरुष हॉकी टीम 28 सदस्यीय कोर ग्रुप

गोलकीपरः कृष्ण बहादुर पाठक, पीआर श्रीजेश, सूरज करकेरा,

**डिफेंडरः** हरमनप्रीत सिंह, जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, संजय, सुमित, आमिर अली

**मिडफील्डरः** मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, रबीचंद्र सिंह, मोइरंगथेम, शमशेर सिंह, नीलकंठ शर्मा, राजकुमार पाल, विष्णुकांत सिंह

**फॉरवडः** आकाशदीप सिंह, मनदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, अभिषेक, दिलप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, गुरजंत सिंह, मोहम्मद राहिल मोहसिन, बॉबी सिंह धामी, अरिजीत सिंह हुंदल

# अगले साल सीएसके की कप्तानी कर सकते हैं रोहित शर्मा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 से पहले हुए मिनी ऑक्शन से पहले मुंबई इंडियंस ने ऑल कैश डील करते हुए गुजरात टाइटन्स के कप्तान हार्दिक पांड्या की मुंबई इंडियंस में वापसी करा दी थी।

हार्दिक पांड्या ने अपना आईपीएल करियर मुंबई इंडियंस के साथ ही शुरू किया था और रोहित शर्मा की कप्तानी में अपना नाम बनाया था। 2024 आईपीएल से पहले मुंबई इंडियंस ने रोहित की जगह हार्दिक पांड्या को कप्तान बना दिया था। जिसके बाद से इस तरह की खबरें आने लगी थीं कि रोहित शर्मा मुंबई इंडियंस का साथ छोड़ सकते हैं, हालांकि ऐसा कुछ हुआ नहीं।

आईपीएल 2025 से पहले मेगा ऑक्शन की बात हो रही है अब ऐसे में रोहित शर्मा किसी और फ्रेंचाइजी टीम के साथ जुड़ते हुए नजर आ सकते हैं। रोहित शर्मा की कप्तानी में मुंबई इंडियंस के लिए खेल चुके और एमएस धोनी की कप्तानी में चेन्नईसुपरकिंग्स (सीएसके) के लिए खेल चुके अंबाती रायुडू ने रोहित को लेकर कुछ बातें कही हैं।

अंबाती ने कहा, रोहित शर्मा अभी कम से कम पांच-छह साल और आईपीएल में खेल सकते हैं, अगर रोहित कप्तानी करना चाहते हैं, तो पूरी दुनिया उनके लिए खुली हुई है। वह जिस भी टीम के लिए चाहें कप्तानी कर चुके हैं। मैं चाहता हूं कि रोहित शर्मा आईपीएल 2025 में चेन्नई सुपरकिंग्स की ओर से खेलें, अगर महेंद्र सिंह धोनी संन्यास लेते हैं, तो ऐसे में रोहित शर्मा सीएसके की कप्तानी कर सकते हैं।

# भारतीय पुरुष ब्लाइंड क्रिकेट टीम दिल्ली में पांच टी20 मैचों में श्रीलंका से भिड़ेगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय पुरुष ब्लाइंड क्रिकेट टीम ब्लाइंड क्रिकेट के लिए समर्थ चैंपियनशिप में पांच मैचों की टी20 श्रृंखला में श्रीलंका का सामना करने के लिए तैयार है, जो एक अंतरराष्ट्रीय द्विपक्षीय ब्लाइंड पुरुष क्रिकेट श्रृंखला है और यहां सोमवार को करनैल सिंह स्टेडियम में शुरू होगी।

हुंडई मोटर इंडिया फाउंडेशन द्वारा समर्थनम ट्रस्ट फॉर द डिसेबल्ड और क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड इन इंडिया के सहयोग से आयोजित, 11 से 15 मार्च तक खेली जाने वाली श्रृंखला का उद्देश्य न केवल दृष्टिबाधित क्रिकेटरों की अविश्वसनीय प्रतिभा का प्रदर्शन करना है , बल्कि विकलांग लोगों के लिए जागरूकता बढ़ाने और समावेशिता को बढ़ावा देना भी है।

नेत्रहीन व्यक्तियों के लिए द्विपक्षीय क्रिकेट श्रृंखला एक उद्घाटन समारोह के साथ शुरू होती है, जिसमें भारत के लिए संयुक्त राष्ट्र के रेजिडेंट समन्वयक, शोम्बी शार्प (मुख्य अतिथि), कमोडोर आर. जोसेफ, मिनिस्टर काउंसलर (रक्षा), भारत में श्रीलंका के उच्चायोग, डॉ.महंतेश जी किवदसन्नावर, अध्यक्ष सीएबीआई और संस्थापक प्रबंध ट्रस्टी समर्थनम ट्रस्ट फॉर द डिसेबल्ड, शैलेन्द्र यादव, महासचिव, सीएबीआई सहित गणमान्य लोग उपस्थित थे। डॉ महंतेश जी. किवदसन्नावर, अध्यक्ष - क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड इन इंडिया ने कहा, पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए दिल्ली में श्रीलंकाई ब्लाइंड क्रिकेट टीम की मेजबानी करना सम्मान की बात है।

यह दोनों टीमों के लिए अपनी क्रिकेट प्रतिभा से हम सभी का मनोरंजन करने का एक अवसर है। पाकिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज में भारत की हालिया जीत के बाद टीम आत्मविश्वास से भरी हुई है, जिसमें मेन इन ब्लू दुबई में 2-1 से विजयी हुई थी। खिलाड़ी श्रीलंका के खिलाफ घरेलू मैदान पर भी अपनी सफलता दोहराने के लिए उत्सुक हैं। भारत और श्रीलंका 11 से 15 मार्च तक हर दिन पांच मैचों में आमने-सामने होंगे।



फ्रेंच ओपन बैडमिंटन

# सात्विकसाईराज और चिराग ने किया युगल खिताब अपने नाम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** फ्रेंच ओपन बैडमिंटन में सात्विकसाईराज और चिराग ने जलवा बिखेरा है। दोनों ने युगल खिताब जीतकर भारत का नाम रोशन कर दिया है। टूर्नामेंट के फाइनल में दोनों ने चीन के ताइपे के ली जे ह्युई और यांग पो ह्वेन को हराकर पुरुष युगल का खिताब अपने नाम किया। मौजूदा विश्व चैंपियन जोड़ी के खिलाफ पहला गेम आसानी से जीतने के बाद सात्विक और चिराग ने दूसरे गेम में भी कोरियाई जोड़ी को वापसी का मौका नहीं दिया।




भारतीय जोड़ी ने यह मुकाबला केवल 40 मिनट में अपने नाम किया। इसके बाद फाइनल में भारतीय जोड़ी ने चीनी ताइपे के ली झे हुई और यांग पो ह्वान को हराया। इस जोड़ी ने सेमीफाइनल में जापान के ताकुरो होकी और यूगो कोबायाशी को हराया था।

## इस साल तीसरा फाइनल खेला, जीता पहला खिताब

भारतीय जोड़ी ने इस साल लगातार तीसरी बार फाइनल में जगह बनाई। हालांकि, वह इस साल एक भी खिताब नहीं जीत पाए, लेकिन रविवार को दोनों ने अपना पहला खिताब हासिल कर लिया। फ्रेंच ओपन में यह जोड़ी तीसरी बार फाइनल में पहुंची। सात्विक और चिराग ने शनिवार को खेले गए सेमीफाइनल में कोरिया की जोड़ी को 21-13, 21-16 से हराया था।



# मणिपुर के MMA फाइटर ने प्रधानमंत्री मोदी से की खास अपील

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मणिपुर के मिक्स्ड मार्शल आर्ट फाइटर चुंगरेंग कोरेन का एक वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। इस वीडियो में वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जातीय हिंसा से प्रभावित पूर्वोत्तर राज्य का दौरा करने और शांति बहाल करने की अपील कर रहे हैं। इस वीडियो में चुंगरेंग कोरेन भावुक नजर आ रहे हैं। उन्होंने यह बयान कथित तौर पर मैट्रिक्स फाइट नाइट (एमएफएन) में एक बाउट के बाद दिया है। कोरेन ने कहा, यह मेरा विनम्र अनुरोध है। मणिपुर में हिंसा हो रही है। लगभग एक साल हो गया है। लोग मर रहे हैं और कई लोग राहत शिविरों में रह रहे हैं। इन राहत शिविरों में भोजन और पानी की कमी है। बच्चे ठीक से पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं। भविष्य स्पष्ट नहीं है। मोदी जी, कृपया एक बार मणिपुर का दौरा करें और राज्य में शांति बहाल करें। आधिकारिक पुष्टि नहीं करता है।

## कांग्रेस ने साझा किया वीडियो

सोशल मीडिया हैंडल एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर वीडियो क्लिप साझा करते हुए युवा कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीनिवास ने हिंदी में लिखा, यह मणिपुर से चुंगरेंग कोरेन हैं। काश प्रधानमंत्री के लिए मणिपुर उनके परिवार का हिस्सा होता तो आज शायद मणिपुर का हर नागरिक रोने को मजबूर नही होता।

## भाजपा की ओर से प्रतिक्रिया नहीं

भाजपा ने अभी तक इस घटना पर कोई बयान नहीं दिया है। मणिपुर में जातीय हिंसा में पिछले साल मई से अब तक 200 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं और करीब 50 हजार लोग विस्थापित हुए हैं। अधिकारियों का कहना है कि जातीय हिंसा अराजकता में बदल गई है।

## मणिपुर हिंसा

अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने की मैतेई समुदाय की मांग के विरोध में पहाड़ी जिलों में आदिवासी एकजुटता मार्च के बाद क्षेत्र में हिंसा बढ़ गई है। मणिपुर की आबादी का लगभग 53 प्रतिशत हिस्सा बनाने वाले और मुख्य रूप से इम्फाल घाटी में रहने वाले मैतेई, नागा और कुकी सहित आदिवासियों के विपरीत हैं, जो 40 प्रतिशत हैं और मुख्य रूप से पहाड़ी जिलों में निवास करते हैं।

## जेसीओ का अपहरण

पिछले हफ्ते भारतीय सेना के एक सेवारत जूनियर कमीशंड अधिकारी (जेसीओ) को हिंसाग्रस्त मणिपुर के थौबल जिले से हथियारबंद लोगों के एक समूह ने कथित रूप से अपहरण कर लिया था और लगभग नौ घंटे बाद उन्हें मुक्त करा लिया गया था। सेना ने बाद में एक बयान में कहा था, सुरक्षा बलों के समन्वित प्रयासों के परिणामस्वरूप जेसीओ को शाम में सुरक्षित बचा लिया गया। जेसीओ फिलहाल थौबल जिले में वाइखोंग पुलिस थाने (काकचिंग के निकट) में हैं। मणिपुर पुलिस घटना की जांच कर रही है।

# ऋषभ पंत की वापसी पर संशय बरकार, कोच पोंटिंग ने बनाया खास प्लान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार विकेटकीपर ऋषभ पंत इस वक्त टीम इंडिया से बाहर चल रहे हैं। फैंस को उनकी वापसी का इंतजार है, जो अब आईपीएल 2024 के जरिए मुमकिन होने वाला है। इस बीच दिल्ली कैपिटल्स के कोच रिकी पोंटिंग ने खुलासा किया है कि वह



ऋषभ पंत की वापसी को लेकर खास प्लान तैयार कर रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि नेशनल क्रिकेट एकेडमी से फिटनेस सर्टिफिकेट मिलने के बाद पंत आईपीएल के आगामी सीजन में क्रिकेट में वापसी के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

रिकी पोंटिंग ने कहा, हमें एक बड़ा फैसला लेना होगा। अगर ऋषभ पंत फिट हुए तो हम चाहेंगे कि वह कप्तानी के लिए भी आगे आएं, लेकिन अगर वे पूरी तरह से फिट नहीं होते हैं तो हम कोशिश करेंगे कि उन्हें कोई और रोल दिया जाए। हमें अभी भी कुछ फैसले लेने हैं। उन्होंने यह भी कहा कि विकेटकीपर-बल्लेबाज ने वापसी के लिए काफी प्रयास किए हैं और हाल के अभ्यास सत्रों में उनकी सहभागिता से लगता है कि दिल्ली कैपिटल तैयारी में है कि मोहाली में पंजाब किंग्स के खिलाफ 23 मार्च को वह मैदान पर हों। पोंटिंग ने कहा, उसने पिछले कुछ हफ्तों में अभ्यास मैच खेले हैं, जो हमारे लिए वास्तव में अच्छा है। मुझे पता है कि उसने अपने शरीर और अपनी फिटनेस पर कड़ी मेहनत की है। ताकि वह उस स्तर पर वापस आ सके जिसके लिए वो जाना जाता है। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने दिसंबर 2022 में खतरनाक कार दुर्घटना और महीनों के दर्द को सहन करनेवाले पंत की वापसी को लेकर खुशी व्यक्त की।

न्यूज़ीलेंड वर्सेस ऑस्ट्रेलिया

# ऑस्ट्रेलिया ने क्राइस्टचर्च में मारी बाजी, न्यूजीलैंड का 2-0 से किया सूपड़ा साफ

**क्राइस्टचर्च, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को क्राइस्टचर्च टेस्ट में 3 विकेट से हराकर दो मैच की सीरीज में मेजबानों को 2-0 से सूपड़ा साफ किया। दूसरे टेस्ट को जीतने के लिए कंगारुओं को 279 रनों का टारगेट मिला था। इस स्कोर को ऑस्ट्रेलिया ने एलेक्स कैरी की 98 रनों की नाबाद पारी के दम पर 3 विकेट शेष रहते हासिल कर लिया।

मिचेल मार्श का भी इस रनचेज में अहम रोल रहा, उन्होंने 80 रनों की शानदार पारी खेली। वहीं कप्तान पैट कमिंस अंत में 32 रन बनाकर कैरी के साथ नाबाद रहे। दोनों के बीच 8वें विकेट के लिए 61 रनों की साझेदारी हुई। एक समय ऐसा था जब कंगारुओं की आधी टीम 80 के स्कोर पर पवेलियन लौट गई थी तब कैरी ने मार्श के साथ मिलकर 140 रन जोड़े और टीम को जीत की राह दिखाई।



इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस के नाम एक और बड़ी उपलब्धि जुड़ गई है। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई कप्तान के रूप में काफी कुछ हासिल कर लिया है।

बात मुकाबले की करें तो, टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम पहली पारी में सस्ते में सिमट गई। मेजबान टीम का कोई भी बल्लेबाज क्राइस्टचर्च टेस्ट की पहली पारी में 40 से अधिक रन नहीं बना पाया, नतीजा यह रहा कि पूरी टीम 162 रनों पर ढेर हो गई। जोश हेजलवुड ने इस दौरान पंजा खोला, वहीं मिचेल स्टार्क ने 3 विकेट चटकाए। स्टार्क इन तीन विकेट के साथ ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट चटकाने वाले गेंदबाजों की सूची में चौथे पायदान पर पहुंचे। न्यूजीलैंड के इस स्कोर के सामने ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 256 रन बोर्ड पर लगाए। मार्नस लाबुशेन ने इस दौरान 90 रनों की शानदार पारी खेली, मगर उनके अलावा ऑस्ट्रेलिया के सभी बल्लेबाजों ने निराश किया। इस दौरान मेजबान टीम के तेज गेंदबाज मैट हैनरी की धारधार गेंदबाजी देखने को मिली। हैनरी ने इस पारी में कुल 7 शिकार किए।

94 रनों से पिछड़ रही न्यूजीलैंड की टीम ने दूसरी पारी में अच्छी बल्लेबाजी करते हुए 372 रन बोर्ड पर लगाए। टॉम लैथम (73), केन विलियमसन (51), रचिन रविंद्र (82) और डेरेल मिचेल (58) के अर्धशतकों की मदद से टीम इस स्कोर तक पहुंचने में कामयाब रही और कीवी टीम ने मेजबानों के सामने जीत के लिए 279 रनों का लक्ष्य रखा। ऑस्ट्रेलिया के लिए दूसरी पारी में पैट कमिंस और नाथन लायन चमके जिन्होंने क्रमशः 4 और तीन विकेट लिए।

# ऋचा घोष का चमत्कार भी नहीं आया रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के काम, दिल्ली ने एक रन से जीता मैच

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली कैपिटल्स की टीम महिला प्रीमियर लीग के प्लेऑफ में पहुंच गई है। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ दिल्ली को इस मुकाबले में आखिरी गेंद पर जीत मिली। आखिरी दो गेंद पर आरसीबी को 8 रन चाहिए थे। ऋचा घोष ने छक्का मार दिया। फिर एक गेंद पर दो रन चाहिए था लेकिन पहला रन लेने की कोशिश में ही रिचा रन आउट हो गई। इस तरह दिल्ली को एक रन से जीत मिली। पहले खेलते हुए दिल्ली ने इस मैच में 181 रन बनाए थे। आरसीबी की टीम 180 रन ही बना सकी।

## ऋचा की पारी नहीं आई काम

विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष ने आरसीबी को जीत के करीब पहुंचा दिया था लेकिन भाग्य ने उनका साथ नहीं दिया और वह अंतिम गेंद पर रन आउट हो गयी जब टीम को जीत के लिए एक गेंद में दो रन की जरूरत थी। अंतिम गेंद पर रन आउट होने से पहले ऋचा ने 29 गेंद में चार चौके और तीन छक्के जड़ित 51 रन बनाये। ऋचा के अलावा आरसीबी के लिए एलिस पैरी ने 49 रन, सोफी मोलिनेक्स ने 33 रन और सोफी डेविने ने 26 रन बनाये।



आरसीबी ने कप्तान स्मृति मंधाना (05) का विकेट दूसरे ही ओवर में गंवा दिया। लेकिन सोफी मोलिनेक्स और एलिस पैरी ने मिलकर दूसरे विकेट के लिए 57 गेंद में 80 रन की भागीदारी कर टीम को और झटके नहीं लगने दिये। पैरी के रन आएट होने के बाद मोलिनेक्स भी पवेलियन पहुंच गयी। सोफी डेविने (16 गेंद में एक चौके, दो छक्के से 26 रन) और ऋचा ने चौथे विकेट के लिए 32 गेंद में 49 रन बनाकर टीम की उम्मीद कायम रखी।

डेविन के आउट होने से सभी की निगाहें ऋचा पर लगी थीं। जेस जोनासेन के अंतिम ओवर में आरसीबी को जीत के लिए 17 रन बनाने थे। ऋचा ने पहली गेंद पर छक्का जड़ा, अगली गेंद पर कोई रन नहीं बना। तीसरी गेंद पर दिशा कसात रन आउट हुईं। चौथी गेंद पर ऋचा ने दो रन लिये और अगली गेंद को डीप मिडविकेट पर गगनचुंबी छक्का जड़कर अपना अर्धशतक पूरा किया। पर अंतिम गेंद में शेफाली वर्मा और जोनासेन ने ऋचा को आउट कर आरसीबी की गहरा झटका दिया।

## जेमिमा ने ठोकी दिल्ली के लिए फिफ्टी

दिल्ली कैपिटल्स ने जेमिमा रोड्रिग्स के 26 गेंद में बनाये अर्धशतक और एलिस कैप्से (48 रन) के साथ उनकी तीसरे विकेट के लिए 97 रन की साझेदारी की मदद से पांच विकेट पर 181 रन का स्कोर खड़ा किया। आरसीबी की युवा ऑफ स्पिनर श्रेयंका पाटिल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चार ओवर में 26 रन देकर चार विकेट अपनी झोली में डाले और अंत में घरेलू टीम की रन गति पर लगाम कसी। रोड्रिग्स ने धीमी गेंदबाजों के खिलाफ दबदबा बनाते हुए स्वीप, कट, पुल और ड्राइव से 34 गेंद में 58 रन बनाये जिसमें आठ चौके और एक छक्का जड़ा था। उन्होंने और कैप्से ने महज 10.1 ओवर में तीसरे विकेट के लिए 97 रन की भागीदारी निभायी।

इससे पहले कप्तान मेग लैनिंग (26 गेंद में 29 रन) और शेफाली वर्मा (18 गेंद में 23 रन) ने पहले विकेट के लिए 54 रन की भागीदारी कर अच्छी शुरूआत करायी। लेकिन दोनों एक के बाद एक आउट हो गयीं। रोड्रिग्स ने लेग ब्रेक गेंदबाज जॉर्जिया वारेहैम पर एक्सट्रा कवर पर छक्का जड़कर अपना अर्धशतक पूरा किया।

स्वास्थ्य विभाग की मासिक समीक्षा बैठक में डीएम ने किया फरमान जारी

# जितने दिन करेंगे ड्यूटी उतने ही दिन का मिलेगा डॉक्टरो को वेतनः डीएम



कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद के जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने सोमवार को समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक कर स्वास्थ्य विभाग के तहत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा की। बैठक में सभी उपाधीक्षक, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, अस्पताल प्रबंधक, स्वास्थ्य प्रबंधक, प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक एवं जिले में कार्यरत डेवलपमेंट पार्टनर प्रतिनिधियों सहित सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों को समीक्षित विभिन्न बिंदुओं पर आवश्यक निर्देश दिए गए। यह जानकारी जिला कार्यक्रम प्रबंधक मो. अनवर आलम ने दी। जिला कार्यक्रम प्रबंधक ने बताया कि जिलाधिकारी ने औरंगाबाद सदर अस्पताल में सिजेरियन, हाइड्रोसिल, हर्निया जैसे ऑपरेशन की व्यवस्था सामान्य रूप से कराने का अस्पताल के उपाधीक्षक को निर्देश दिया। सिजेरियन की आवश्यकता पड़ने पर सदर अस्पताल से रेफर होने के समय अधीक्षक, उपाधीक्षक अथवा अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी इस बात की जांच करेंगे कि प्रसूति को किन परिस्थितियों में किसी दूसरे संस्थान में रेफर किया जा रहा है तथा रेफर करने का औचित्य सही है अथवा गलत की रेफरल की जांच के साथ-साथ जिले में बिना पंजीकरण डिलीवरी करने वाले अस्पतालों की जांच प्रशासन के द्वारा करने का निर्देश दिया। सिविल सर्जन एवं उपाधीक्षक को डीएम ने आदेश दिया कि स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ अथवा जनरल सर्जन चिकित्सकों की उपलब्धता 24 घंटे कराते हुए सिजेरियन की व्यवस्था कराई जाय ताकि सुविधा के अभाव में अन्य संस्थाओं में जाने की नौबत नहीं आए। डीएम ने अनुमंडलीय अस्पताल, दाउदनगर में सिजेरियन सेक्शन की संख्या में कमी को लेकर खेद व्यक्त किया। बिना पंजीकरण के संचालित अल्ट्रासाउंड क्लिनिको पर भी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। यह जानकारी मिलने पर कि सदर अस्पताल से लेकर सभी प्राथमिक, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में पदस्थापित चिकित्सकों द्वारा सरकार के दिशा निर्देशों के अनुसार ड्यूटी नहीं की जा रही है।

कुछ ही चिकित्सक बायोमैट्रिक अटेंडेंस बनाते हैं। कुछ सप्ताह में मात्र दो-तीन दिन की ड्यूटी करते हैं तथा अपनी मर्जी अनुसार अस्पताल आते हैं। इसे लेकर जिलाधिकारी ने सख़्त निर्देश दिया कि ड्यूटी की अवधि में कमी स्वीकार्य नहीं होगी। निर्धारित रोस्टर के अनुसार जो चिकित्सक कार्य नहीं करते हैं अथवा जो चिकित्सक मात्र दो-तीन दिन ही कार्य कर रहे हैं, उन्हें किए गए ड्यूटी के अनुसार ही वेतन-मानदेय दिया जाए। सभी उपाधीक्षक एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को यह आदेश दिया कि चिकित्सकों का बायोमेट्रिक अटेंडेंस बनवाना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री डिजिटल हेल्थ मिशन के इंप्लीमेंटेशन को संतोषजनक नहीं पाया गया। इसे लेकर डीएम ने निर्देश दिया कि आवश्यक प्रशिक्षण कराते हुए कार्यक्रम को प्रभावी रूप से क्रियान्वित कराया जाए।

संस्थागत स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ-साथ सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों को प्रभावित तरीके से आयोजित कराने का निर्देश दिया। कहा कि प्रत्येक माह आंगनबाड़ी केंद्रों पर आयोजित होने वाले वीएचएसएनडी के दौरान गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व जांच, गर्भवती एवं बच्चों के टीकाकरण सहित अन्य स्वास्थ्य कार्यक्रमों से संबंधित प्राथमिक सुविधा उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने जिला स्तरीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वह प्रखंडों में जाकर नियमित रूप से विभिन्न कार्यक्रमों को मॉनिटर करें तथा जो कार्यक्रम पीछे चल रहे हैं,उनकी साप्ताहिक समीक्षा कर आवश्यक सुधार करें। बैठक में सिविल सर्जन डॉ. रवि भूषण श्रीवास्तव, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. किशोर कुमार, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. मिथिलेश प्रसाद सिंह, जिला संचारी रोग पदाधिकारी डॉ. रवि रंजन, जिला लेखा प्रबंधक मो. अफरोज हैदर, जिला एपिडेमोलॉजिस्ट उपेंद्र कुमार चौबे, डीसीएम आनंद प्रकाश, आरबीएसके कोऑर्डिनेटर नीलम रानी, डीपीसी नागेंद्र कुमार केसरी, जिला एमई पदाधिकारी अविनाश कुमार सहित जिला स्वास्थ्य समिति के सभी अधिकारी एवं डेवलपमेंट पार्टनर के प्रतिनिधि, सभी उपाधीक्षक, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, अस्पताल प्रबंधक, स्वास्थ्य प्रबंधक, प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक एवं अन्य उपस्थित रहे।

## डीआरओ ने स्वीप गतिविधियों में अधिकारियों को सक्रिय भागीदारी का दिया निर्देश

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी, श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में सोमवार को स्वीप को लेकर बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी ने कहा कि जिला स्तरीय एवं विधानसभा स्तरीय स्वीप कोर कमिटी का गठन पूर्व से किया गया है। इसमें अन्य विभागों को भी सम्मिलित किया गया है। साथ ही सभी संबंधितों को स्वीप गतिविधियों में पूर्ण सहभागिता देने हेतु निर्देश दिया गया है। उन्होने आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए विस्तृत स्वीप प्लान के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का व्यापक प्रचार प्रसार विशेष रूप से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी समय सीमा 15 दिनों के अंदर करने का निर्देश दिया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने भारत निर्वाचन आयोग एवं निर्वाचन विभाग, बिहार के निर्देश के अनुसार आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में युवा निर्वाचकों छात्र एवं छात्राओं के सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु शिक्षा विभाग जिला स्तरीय स्वीप कोर कमिटी को आपसी समन्वय स्थापित कर 'मेरा पहला वोट देश के लिए' अभियान प्रारंभ करने का निर्देश दिया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी प्रखंडों के स्कूल, कॉलेजों एवं मतदान केन्द्रों पर सेल्फी प्वाइंट बनाने का निर्देश दिया।

उन्होंने सभी विद्यालय-महाविद्यालय के कैम्पस एम्बेसडर्स के साथ बैठक करने का भी निर्देश देते हुए कहा कि अच्छे कार्य करने वाले कैम्पस एम्बेसडर्स को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने स्वीप कार्यक्रम में दौरान नुक्कड़ नाटक, शपथ ग्रहण, ह्यूमेन चेन व डमी बूथ बनाने का भी निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त सह जिला स्वीप कोर कमिटी के अध्यक्ष, औरंगाबाद व दाउदनगर के अनुमंडल पदाधिकारी, औरंगाबाद-दाउदनगर के भूमि सुधार उप समाहर्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी, स्वीप के नोडल पदाधिकारी सह प्रभारी जिला सूचना एवं जनसम्पर्क पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी (स्थापना), दाउदनगर के अवर निर्वाचन पदाधिकारी, कॉलेजो के प्राचार्य, स्कूलो एवं उच्च विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, निजी ईंजीनियरिंग कॉलेज के डॉ. एसके झा, सरकारी ईंजीनियरिंग कॉलेज के बीके राय, गर्वनमेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज, गर्वनमेंट इंजिनियरिंग कॉलेज, के प्राचार्य, बीएड कॉलेज दाउदनगर प्राचार्य आदि उपस्थित रहें।

## जिले में 22-23 मार्च को मनेगा दो दिवसीय बिहार दिवस समारोह, डीडीसी ने की तैयारी की समीक्षा

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** औरंगाबाद के उप विकास आयुक्त अभयेंद्र मोहन सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभाकक्ष में बिहार दिवस समारोह 2024 की तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त ने कहा कि राज्य सरकार के निर्देश के आलोक में बिहार दिवस का आयोजन किया जाना है। बिहार दिवस का आयोजन एवं 23 मार्च 2024 को किया जाएगा। बैठक में बिहार दिवस समारोह का उद्घाटन जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के हाथों 22 मार्च को अपराह्न 4:00 बजे से कराने का निर्णय लिया गया। उद्घाटन समारोह के दौरान अनुग्रह कन्या इंटर महाविद्यालय एवं किशोरी सिन्हा कन्या उच्च विद्यालय के छात्राओं के द्वारा के स्वागत गान एवं बिहार गान की प्रस्तुति की जाएगी। गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी 22 मार्च को उद्घाटन सत्र के बाद स्थानीय कलाकारों द्वारा कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। इसके अतिरिक्त जिले में 22 एवं 23 मार्च को बिहार दिवस पर कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला शिक्षा पदाधिकारी को बिहार दिवस पर प्रभात फेरी, निबंध प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, साईकल रेस प्रतियोगिता, क्वीज प्रतियोगिता, नृत्य की प्रस्तुति कराने का निर्देश दिया गया। वहीं आईसीडीएस के डीपीओ को रंगोली प्रतियोगिता, मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन कराने की बात कही गई। साथ ही जिला खेल पदाधिकारी को बैडमिंटन प्रतियोगिता प्रतियोगिता कराने का निर्देश दिया गया। सिविल सर्जन व रेडक्रॉस के सचिव को बिहार दिवस पर रक्तदान शिविर का निर्देश डीडीसी ने दिया। इसके अतिरिक्त जिला नजारत उप समाहर्ता को सभी विभागों से समन्वय स्थापित कर विकास मेला प्रदर्शनी का आयोजन 22 मार्च को स्टॉल लगाकर कराने का निर्देश दिया गया। उप विकास आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जल्द से जल्द आवश्यक तैयारी पूरी कर लें। बैठक में सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, डीटीओ शैलेश कुमार दास, डीएलओ सच्चिदानंद सुमन, वरीय उप समाहर्ता रतना प्रियदर्शनी, वरीय उप समाहर्ता श्वेता प्रियदर्शी, अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी धर्मेंद्र कुमार एवं जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## नबीनगर में लोकसभा चुनाव की को लेकर बैठक संपन्न

**नबीनगर(औरंगाबाद) (नि. सं.)।** नबीनगर प्रखंड मुख्यालय के बहुउद्देशीय भवन परिसर में लोकसभा निर्वाचन की तैयारी को लेकर सभी विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मी के साथ बैठक आयोजित किया गया। प्रखंड प्रखंड विकास पदाधिकारी ने लोकसभा चुनाव की तैयारी पर चर्चा किया एवं सभी को एर्लट रहने की बात कहा बताया की चुनाव का घोषणा होते ही छुट्टी रद्द कर दी जाएगी। काराकाट 35 और नवीनगर 221 विधान सभा क्षेत्र में कुल 155 मतदान केंद्र बनाए गए है। औरंगाबाद 37 विधानसभा कुटुंबा 222 में 88 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। 26 पंचायत में चुनाव किया जाना है। एलईओ बिजेंद्र कुमार सिंह, बीसीओ अरुण कुमार, जेएसएस राकेश कुमार, बीआरपी रमेश कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी विजयकांत पाठक समेत कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## पेंशनर एसोसिएशन की बैठक संपन्न

निज संवाददाता

**नबीनगर (औरंगाबाद)।** नबीनगर के सोखा बाबा मंदिर परिसर में पेंशनर एसोसिएशन की बैठक आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता रामजन्म राम एवं संचालन शंकर प्रसाद ने किया बताया गया की होली पर्व के दौरान महंगाई भत्ते की अगली किस्त जो जनवरी 24 से देय है। राज्य कर्मियों एवं पेंशनर भोगियों सभी को देने का आदेश निर्गत करने की मांग सरकार से किया गया। क्योंकि केंद्र सरकार भुगतान हेतु आदेश निर्गत कर चुकी है। कोरोना काल में स्थगित महंगाई भत्ते की तीन किस्तों का भुगतान सुनिश्चित करने की मांग सरकार से की गई। पेंशनर भवन निर्माण हेतु जमीन आवंटित करने का आदेश निर्गत करने की लिखित मांग नगर पंचायत अध्यक्ष एवं कार्यपालक पदाधिकारी से आग्रह पूर्वक करने का निर्णय लिया गया नवीनगर को अनुमंडल बनाने की मांग जो जनता की आवाज बन गई है।

इस मांग का पुज़ोर समर्थन एवं हर प्रकार से सहयोग करने का निर्णय लिया गया इसके साथ ही वरिष्ठ पेंशनर स्वर्गीय गनौरी राम के निधन पर उनकी आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दिया गया एवं इस दुख की घड़ी में शोक संतप्त परिवार के प्रति सहानुभूति प्रकट किया गया। इस दौरान सुदीप राम, सूरज प्रसाद, शिव शंकर तिवारी, कृष्ण कुमार सिन्हा, सुनैना देवी समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

## पुलिस ने रफीगंज से चोरी ट्रैक्टर को झारखंड के बरही से किया बरामद, चोर गिरफ्तार

निज संवाददाता



**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज पुलिस ने शहर के बाबूगंज मुहल्ले से चोरी ट्रैक्टर को वाहन में लगे जीपीएस से ट्रैक कर झारखंड के बरही से बरामद किया है। मामले में पुलिस ने ट्रैक्टर चोर अकौनी गांव निवासी संपत मालाकार को रंगेहाथ गिरफ्तार कर थाना लाया है। टैक्टर मालिक विवेक कुमार ने बताया कि मैसी टैक्टर नंबर बीआर 26 जीबी 6267 रात में मेरे दरवाजे पर लगा हुआ था। सुबह होने पर देखा कि ट्रैक्टर नही है। ट्रैक्टर में जीपीएस लगा हुआ था, जिससे लोकेशन ट्रैक किया और थाना को सूचना दी। पुलिस के सहयोग से ट्रैक्टर को पीछा कर झारखंड के बरही से ट्रैक्टर चोर अकौनी निवासी संपत मालाकार को रंगेहाथ पकड़ा गया।

थानाध्यक्ष गुफरान अली ने बताया कि रात में चोरी हुए टैक्टर को पीछा कर बरही से बरामद किया गया। साथ ही ट्रैक्टर चोर को गिरफ्तार कर थाना लाया गया है। मामले में ट्रैक्टर मालिक के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कारवाई की जा रही है।

## पुलिस ने 9 वारंटी को किया गिरफ्तार

**नबीनगर (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** नबीनगर के टंडवा थाना क्षेत्र के रजवार बेला गांव निवासी विपन रजवार, योगेंद्र रजवार, शिवटहल रजवार, डोमा रजवार की पत्नी पनपतिया देवी, जितेंद्र, जीतन रजवार की पत्नी ललिता देवी, जीतन रजवार, धरमखाप गांव निवासी राजू चौधरी, झिकटिया गांव निवासी अशोक सिंह, बजरवन गांव निवासी अर्जुन राम को गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी के दौरान थानाध्यक्ष रामजी प्रसाद एवं सशस्त्र बल के द्वारा घर से पकड़ा गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि उक्त लोगों पर कोर्ट के द्वारा वारंट निर्गत था जो काफी दिनों से फरार चल रहे थे। जिन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम सम्पन्न

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** मध्य विद्यालय बसडीहा कला औरंगाबाद में विद्यालय में विविध विकास योजनाओं के अंतर्गत विद्यालय मुख्य द्वार, मोटर पम्प- रनिंग वाटर, विद्युतीकरण, लेपटॉप, वाश कम्पलेक्स (वाटर, सेनेटरी एंड हाइवे कम्पलेक्स), पार्क बेंच, बेंच-डेस्क योजना, वर्तन योजना का लोकार्पण के साथ विद्यालय प्रांगण में मिट्टी भराई, पेवर ब्लॉक एवं सौन्दर्यीकरण का शिलान्यास कार्यक्रम सोमवार को सम्पन्न हुआ। लोकार्पण एवं शिलान्यास का कार्य दयाशंकर -शिक्षा विभाग के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना), गार्गी कुमारी- जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (प्रा. शिक्षा एवं स. शिक्षा अभियान), एवं मीना देवी, मुखिया, ग्राम पंचायत फेसर, योगेश पाल, पंचायत समिति के सदस्य के कर कमलो द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक कौशल किशोर ने की एवं संचालन शिक्षक अखिलेश कुमार भारती ने की। विद्यालय की छात्रायें अर्चना कुमारी, रौशन जहाँ, सोनाली गुप्ता ने स्वागत गीत द्वारा आगत अतिथियों का स्वागत किया। प्रधानाध्यापक कौशल किशोर ने बताया कि मैं जब डेढ़ वर्ष पूर्व विद्यालय में पदस्थापित हुआ था विद्यालय जीर्ण अवस्था में था। विद्यालय में संसाधन सीमित थे। मेरे प्रयासों से विभागीय पदाधिकारीगण का साकारात्मक सहयोग के साथ समुदाय एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों का भरपूर सहयोग मिला है। जहाँ आवश्यक हुआ वहाँ निजी राशि भी खर्च किया हूँ। राजकीय शिक्षक सम्मान-2023 से प्राप्त राशि को विद्यालय के मुख्य द्वार बनाने में एवं बेस्ट टीचर अवार्ड से प्राप्त राशि द्वारा विद्यालय के बच्चों के लिए एक लेपटॉप खरीद की गई है। कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों ने बताया की जल्द ही इस विद्यालय में भी एक स्मार्ट क्लास एवं कम्प्यूटर लैब की व्यवस्था की जाएगी। विद्यालय में और जो संसाधन की आवश्यकता महसूस की जायगी उसे भी स्थापित किया जायेगा। फेसर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रवि कुमार ने विद्यालय में मिट्टी भराव एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य कराने की घोषणा की। पंचायत समिति सदस्य योगेश पाल ने विद्यालय में बच्चों के बैठने के लिए पांच पार्क बेंच लगवा है साथ ही उन्होंने मिट्टी भराई के उपरांत विद्यालय प्रांगण में पेवर ब्लॉक लगवाने की घोषणा की। इस अवसर पर गरीमामय उपस्थिति विद्यालय शिक्षा के अध्यक्ष पुष्पा देवी, सचिव धानमुनी देवी, पूर्व प्रभारी प्रधानाध्यापक उमेश कुमार सिंह, मुखिया प्रतिनिधि रवि कुमार, शिक्षक नेता पुरूषोत्तम शर्मा, निवास कुमार सिंह, शिक्षक रामेश्वर प्रसाद, सुषमा कुमारी, अमन कुमार, एवं बड़ी संख्या में अभिभावकों की रही।

## औरंगाबाद में पृथ्वीराज चौहान की पुण्यतिथि मनी

**औरंगाबाद (का.सं.)।** औरंगाबाद की सामाजिक संस्था पृथ्वीराज चौहान चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में सोमवार को वीर शिरोमणि पृथ्वीराज चौहान की पुण्यतिथि समारोह पूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता ट्रस्ट के अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप नारायण सिंह ने की जबकि संचालन उपाध्यक्ष डॉ. संजीव रंजन ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत पृथ्वीराज चौहान एवं चंद्रवरदाई की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। कार्यक्रम में ट्रस्ट के अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप नारायण सिंह, उपाध्यक्ष डॉ. ज्ञानेश्वर प्रसाद सिंह, संयोजक जगदीश सिंह, कोषाध्यक्ष विकास कुमार सिंह, वरीय सदस्य चंद्रप्रकाश विकास, कौशलेंद्र प्रताप नारायण सिंह, राम प्रवेश सिंह, प्रो. विजय कुमार सिंह, सत्येंद्र नारायण सिंह, मनोज कुमार सिंह, गोरखनाथ सिंह, जयंत प्रकाश एवं मीडिया प्रभारी सुरेश विद्यार्थी ने पृथ्वीराज चौहान के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। विचार गोष्ठी में विषय प्रवेश डॉ. संजीव रंजन ने कराया जबकि ट्रस्ट का प्रतिवेदन राम प्रवेश सिंह ने प्रस्तुत किया। डॉ. ज्ञानेश्वर प्रसाद सिंह ने पृथ्वीराज के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए ट्रस्ट के भावी कार्यक्रमों की समीक्षा की अध्यक्षीय संबोधन के बाद धन्यवाद ज्ञापन संयोजक जगदीश सिंह ने किया। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में शिक्षा, चिकित्सा एवं समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 11 बुजुर्ग व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। इस क्रम में जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ. सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह, डॉ. शिवपूजन सिंह, प्रसिद्ध शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. चंद्रशेखर प्रसाद, फिजिशियन डॉ. बीके सिंह, समाजसेवी शिवलोक सिंह, राम सुरीठ सिंह, अंबिका पांडेय, मेजर सूबेदार जगदीश प्रसाद सिंह, पूर्व प्रधानाचार्य रामकिशोर सिंह, नमामि गंगे परियोजना को मूर्त रूप देने वाले संजय सज्जन सिंह, महाकाल सेवा समिति के संयोजक पवन कुमार सिंह सहित सभी को अंग वस्त्र, प्रतीक चिन्ह एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर अधिवक्ता नृपेश्वर नारायण सिंह, सरपंच संघ के रविंद्र कुमार सिंह, राजीव प्रताप सिंह, मृत्युंजय सिंह, डॉ. विनोद कुमार सिंह, भोला सिंह, प्रदीप कुमार सिंह, बालकेश्वर सिंह, रविंद्र कुमार रवि, अशोक कुमार सिंह, उदय प्रताप सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

